राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia 9511151254 epaper.swatantraprabhat.com @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, सोमवार, 30 दिसंबर 2024

वर्ष 06, अंक 93, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

कसिया पश्चिम ग्राम प्रधान के कार्यो से गांव की जनता नाखुश, इण्टरलॉकिंग बना तालाब...08

पार्षद दीपक लोधी द्वारा नगर निगम का कैंप आयोजित, 45 लाख रुपये की वसूली...12

## राजस्थान में नौ जिलों को समाप्त करने के फैसले के खिलाफ सियासत तेज, जगह-जगह विरोध प्रदर्शन

● राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने नौ जिलों को समाप्त करने का फैसला किया, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है. शाहपुरा और नीमकाथाना जैसे क्षेत्रों में बाजार बंद और टायर जलाकर विरोध किया गया. कांग्रेस ने इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

**स्वतंत्र प्रभात**

राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व बीजेपी सरकार ने राज्य के नौ जिलों को समाप्त करने के फैसले लिया. इसके बाद विपक्ष ने इसको मुद्दा बनाकर बीजेपी के खिलाफ हल्ला बोल दिया. सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है. यह फैसला शनिवार को मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया, जिसमें राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गठित 17 नए जिलों में से नौ को समाप्त करने का फैसला किया गया है।

इन जिलों को समाप्त करने के फैसले के बाद संबंधित क्षेत्रों में विरोध तेज हो गया है. शाहपुरा जिला बनाओ संघर्ष समिति ने बाजार बंद करवा दिया, जबकि नीमकाथाना में टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया. अनूपगढ़ में भी प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी व्यक्त की. पूर्व राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने इसे राजनीतिक विद्वेष से प्रेरित कदम बताते हुए सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सामने महापड़ाव की चेतावनी दी है।

### कांग्रेस ने भी किया प्रदर्शन

विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने फैसले को जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह अलोकतांत्रिक और विवेकहीन फैसला है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है और इस फैसले के खिलाफ जन-आंदोलन छेड़ेगी. आवश्यकता पड़ने पर अदालत का भी रुख किया जाएगा. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इसे राजनीतिक द्वेषता का परिणाम बताया और कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक इसका पुरजोर विरोध करेगी।

### कई समितियों ने जताई नराजगी

कई संघर्ष समितियों ने भी फैसले पर गहरी नाराजगी जताई. अनूपगढ़ जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई ने इसे जनता के साथ धोखा करार दिया. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने लंबे संघर्ष के बाद जिला बनवाने का सपना साकार किया था, लेकिन अब इसे खत्म कर देने से जनता में गुस्सा है. नीमकाथाना में छात्र संगठनों ने बंद का आह्वान करते हुए सरकार पर जनता की अनदेखी का आरोप लगाया।





### सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश

राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के विरोध के बीच भाजपा सरकार के इस फैसले ने राज्य की सियासत को गर्मा दिया है. विरोध प्रदर्शनों और आंदोलन की चेतावनियों के चलते सरकार पर दबाव बढ़ रहा है. जनमानस के आक्रोश और कांग्रेस की सक्रियता से यह मुद्दा राज्य की राजनीति में बड़ा रूप लेता दिख रहा है. जनता की भावनाओं और राजनीतिक संघर्ष के बीच यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि सरकार इस विरोध का कैसे सामना करती है।

### इन जिलों को किया गया समाप्त

इन जिलों के साथ-साथ तीन नए संभागों को भी खत्म कर दिया गया, हालांकि आठ जिलों को बरकरार रखा गया है. इस फैसले ने कई स्थानों पर जनता और विभिन्न संगठनों के बीच असंतोष पैदा कर दिया है. सरकार द्वारा समाप्त किए गए जिलों में अनूपगढ़, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीम का थाना, सांचौर और शाहपुरा शामिल हैं।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह महू में जवानों से बोले-सुरक्षा के मोर्चे पर भारत नहीं रहा है बहुत भाग्यशाली

● मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में दो सदी से अधिक पुरानी महू छावनी में सैन्य कर्मियों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्यकर्मियों से आंतरिक और बाहरी दुश्मनों पर पैनी नजर रखने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि भारत सुरक्षा के मोर्चे पर बहुत भाग्यशाली नहीं है



**स्वतंत्र प्रभात**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत सुरक्षा के मोर्चे पर बहुत भाग्यशाली नहीं रहा है. रक्षा मंत्री ने मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू छावनी में सेना के जवानों से आह्वान किया कि वे बाहरी और आंतरिक दुश्मनों पर कड़ी नजर रखें. उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है, क्योंकि देश की पश्चिमी सीमा और उत्तरी सीमा लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है।

रक्षा मंत्री ने रविवार को इंदौर से 25 किलोमीटर दूर महू छावनी में मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और इन्फैंट्री स्कूल, प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूएस) के साथ-साथ इन्फैंट्री म्यूजियम और आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट का दौरा किया.

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर देश बनेगा और इसमें सेना का अहम रोल है. इस समय फिलहाल शांतिकाल है, लेकिन जिस अनुशासन और समर्पण के साथ जवान प्रशिक्षण ले रहे हैं. इसकी जितनी तारीफ की जाये. वह कम है।

### हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने की जरूरत

रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस तरह से फिलहाल आंतरिक मोर्चे भी चुनौतियां हैं. ऐसे में वे लोग चुपचाप नहीं बैठ सकते. हमारे दुश्मन चाहे बाहरी हों या आंतरिक सदैव ही सक्रिय रहते हैं. ऐसे में उनकी हर गतिविधि पर कड़ी नजर पड़ती है और उनके खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरूरत है.

उन्होंने सेनाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेना जवानों की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण ही देश की सीमाएं सुरक्षित और मजबूत हैं. भारतीय सेना के प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा अपने कर्मियों को सैन्य रणनीतियों और युद्ध कौशल में परांगत करने में इनकी भूमिका को राजनाथ सिंह ने सराहा।

### आंबेडकर के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

दूसरी ओर, प्रेस सूचना ब्यूरो की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राजनाथ सिंह को कार्यवाहक कमांडेंट ने उन्नत ऊष्मायन और अनुसंधान केंद्र की स्थापना से लेकर इनसे जुड़े मामलों की जानकारी दी।

उन्होंने राष्ट्रीय खेलों के प्रति उनके योगदान को देखने के लिए सेना की निशानेबाजी इकाई का दौरा किया. मंत्री ने इन्फैंट्री संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्हें पैदल सेना के इतिहास के साथ-साथ पैदल सेना में आधुनिक उपकरणों को शामिल करने के बारे में जानकारी दी गई।

इससे पहले राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ महू में डॉ बी आर आंबेडकर के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की. भारत के संविधान के मुख्य निर्माता आंबेडकर का स्मारक महू छावनी के काली पलटन क्षेत्र में उनके जन्मस्थान पर बनाया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बारा में युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी पर प्रेमी के साथ मिलकर हत्या करने का आरोप




**प्रयागराज** – बारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडर मजरा कोटवारन का पूरा में शनिवार की रात एक युवक की संदिध दशा में मौत हो गई। वह भोजन करने के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह सोकर नहीं उठा। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी भोलानाथ कन्नौजिया (32) रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह सोकर नहीं उठने पर परिजनों ने देखा तो उसकी सांसें थम गई थीं। इससे परिवार में हलचल मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। मृतक के भाई ने थाने में तहरीर देकर भोलानाथ की पत्नी पर ही पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि अपने प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने ही पति को मारा है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### कड़ा ब्लाक अन्तर्गत सौरई ग्राम में गन्दगी का अम्बार

#### अमृत सरोवर में हुआ जमकर घोटाला




**कौशाम्बी।** जनपद में कड़ा ब्लाक क्षेत्र के अन्तर्गत सौरई ग्राम सभा में इन दिनों गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है लोगों का कहना है कि गांव में दो दो साल तक साफ सफाई नहीं होती है जिससे पिछले दिनों कई लोगों की बुखार से मौत तक हो गई वहीं सौरई ग्राम सभा के अन्तर्गत बने अमृत सरोवर में जमकर घोटाला हुआ है और लोगों का कहना कि कई पात्रों को आवास तक नहीं दिया गया है।सौरई ग्राम सभा में अगर विकास कार्यों की जांच हुई तो कई अधिकारियों भी फंसेंगे।

## बाँदा रोटी बैंक की मासिक बैठक हुई संपन्न

● अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री के द्वारा लिए गए अहम फैसले

संगठन और मजबूत करने के लिए सभी लोगों ने लिया संकल्प

**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** रविवार को बांदा रोटी बैंक सोसाइटी की बैठक रिज़वान अली की अध्यक्षता में एक होटल में सम्पन्न हुई। इस मौके पर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी अपनी समस्याओं और सुझावों को रखा।उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंसार अहमद सिद्दीकी वरिष्ठ समाजसेवी, तुलसीदास श्रीवास अध्यक्ष उ0प्र0 दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, अकील खान, रहीम भाई रहे।एक गरीब लड़की की शादी संगठन से होनी है जिस पर सभी लोगों ने सहयोग देने का वादा किया और गरीबों की मदद में हर सम्भव सहायता करने का वादा किया।अंसार अहमद सिद्दीकी ने अपने उद्बोधन में संगठन के कार्यों को सराहा तथा शेर पढ़कर हौसला बढ़ाया कार्यक्रम के अध्यक्ष चंद्रमौलि भारद्वाज को सर्वसम्मति से सह संरक्षक नियुक्त किया गया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में हरसंभव सहायता करने का वादा किया और सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।सुनील सक्सेना जी ने संगठन के बारे में बताया और सभी को संगठित होकर कार्य करने की सलाह दी तथा सभी का आभार व्यक्त किया।श्रीमती प्रमोद रेखा द्विवेदी जी ने सभी हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई सब आपस में है भाई भाई को बताया तथा सभी लोग एकजुट होकर गरीबों की सहायता करें इस पर ज़ोर दिया।उक्त मासिक बैठक में निम्न पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष, मोहम्मद इदरीश सचिव, इरफान खान कोषाध्यक्ष, मोहम्मद अज़हर महामंत्री, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,अख्तर किरमानी सोशल मीडिया प्रभारी, तबस्सुम फ़ात्मा महिला अध्यक्ष, तरन्नुम फ़ात्मा महिला उपाध्यक्ष,प्रीति शिवहरे महिला संगठन मंत्री, रिया खान महिला महामंत्री, रिचा रैकवार महिला सोशल मीडिया प्रभारी,सद्दू अली वरिष्ठ प्रवक्ता,मोहम्मद हामिद शाखा प्रमुख गूलर नाका, मोहम्मद याकूब शाखा प्रमुख मढिया नाका, इरफान खान चाँद शाखा प्रमुख खाईपार,राहुल अवस्थी शाखा प्रमुख क्योटरा, पवन कुमार पांडेय शाखा प्रमुख बरईमानपुर,अलीमुददीन, सद्दाम हुसैन, संतोष कुमार, नसीर खान, खुर्शीद खान, नज़ाकत अली शम्मी, अब्दुल शफ़ीक़ कल्लू, डॉ0 राकिब फ़ारूक़ी, हमज़ा, शिवम गुप्ता, अंश गुप्ता, राज गुप्ता, प्रेम माली, शाहिद खान,सद्दाम, रिज़वान खान, आमिर मोहम्मद, शफ़ीक़ अहमद, रेणुका गुप्ता, सबीहा नूरानी, फरज़ाना बेगम, अल्विया, नाज़नीन, राबिया खान, अनम खान, फूलकली आदि मौजूद रहे।



## बस्ती में फर्जी बैनामा के आरोप में सब रजिस्ट्रार सहित छह पर केस दर्ज

● हर्रैया उप निबंधक कार्यालय भ्रष्टाचार के मामले में नंबर एक है




**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले के हर्रैया तहसील स्थित उप निबंधक कार्यालय में फर्जी हस्ताक्षर, कूटरचित दस्तावेज और फर्जी गवाह से जमीन का बैनामा कराए जाने का आरोप है। इस मामले में तत्कालीन उप निबंधक समेत छह पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में शनिवार को केस दर्ज किया गया है। इस बाबत सीओ हर्रैया संजय सिंह ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बतादे कि परशुरामपुर थानाक्षेत्र केशवपुर निवासी पीड़ित पवन कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दी थी कि फर्जी हस्ताक्षर, कूटरचित दस्तावेज और फर्जी गवाह बनाकर उसके हिस्से की भूमि को कथित पवन कुमार को बैनामा कर दिया गया। इस दौरान फर्जी गवाही कराई गई। इस मामले में तत्कालीन उप निबंधक हर्रैया जुबेर अहमद, शैलेंद्र कुमार निवासी चेलकेयरी बेंगलुरु नार्थ, कनार्टक, राजेश कुमार निवासी वजीरगंज गोंडा, सुरेश कुमार निवासी नवाबगंज गोंडा, लेखक रामसूरत निवासी हर्रैया और कथित पवन कुमार मिले हुए हैं। उन्हें जब इसकी जानकारी हुई और वे रजिस्ट्री ऑफिस गए तो उन्हें धमकाकर भगा दिया गया। पीड़ित के मुताबिक कि उसके नाम से फर्जी बैंक खाते में 14 लाख रुपये ट्रांसफर किया जाना दिखाया गया है।

## बस्ती जनपद में अपना भष्टाचार छिपाने हेतु जनसूचनाओं में लेटलतीफी करता है जनपद में बेसिक शिक्षा महकमा

● - जनसूचना के लिफाफों में जनसूचना के बजाय सादा पेपर भेज रहे जिम्मेदार- सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का खुल्लम खुल्ला खिल्ली उड़ा रहा जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में बेसिक शिक्षा विभाग में सरकारी योजनाओ को पारदर्शी बनाने की मंशा से सूचना का अधिकार अधिकार अधिनियम 2005 अमल में लाया गया था परन्तु जैसे - जैसे अधिनियम में फेरबदल होते गए अधिनियम कमजोर सा हो गया । शुरुआती दिनों में सूचना अधिकार के तहत प्राप्त आवेदन का जो प्रभाव होता था वर्तमान में अब नहीं रह गया । जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में सूचना अधिकार अधिनियम मृतप्राय सा हो गया है क्योंकि यहाँ पर जिम्मेदारों द्वारा जनसूचना के स्थान पर सादा पेपर लिफाफों में भेजकर आवेदकों का खुलेआम गला घोंट कर




सूचना अधिकार के उद्देश्यों को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है । प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद स्तर पर स्थापित कार्यालय बेसिक शिक्षा अधिकारी अपनी अजूबी कार्यशैली को लेकर अक्सर चर्चा में बना रहता है मामला चाहे गैर मान्यता विद्यालयों के संचालन का हो या फिर अध्यापकों के उत्पीड़न के बदले फिरौती का । बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार सर्वत्र जगह व्याप्त है जिसका नतीजा है कि कई बाबू अंगद की तरह पांव जमाए स्थानान्तरण नीति का खुला मखौल उड़ा रहे हैं । इन दिनों कार्यालय में एक नया भ्रष्टाचार का ट्रेंड लांच हो गया है जिसके तहत जनसूचना आवेदकों को जनसूचना के बजाय लिफाफे में सादा पेपर भेजा जा रहा है और सूचना अधिकार का खुला मखौल उड़ाया जा रहा है । कार्यालय में लगातार बदलता हुआ भ्रष्टाचार का ट्रेंड इस बात का संकेत है कि भ्रष्टाचार कहीं एक जगह पर नहीं है बल्कि पूरा सिस्टम ही भ्रष्टाचार में शामिल है ।

## पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं उत्साह से सुना

**स्वतंत्र प्रभात**

**बांदा।** महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी बूथों में बड़े ही उत्साह और उत्सुकता के साथ सुना गया। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अपने आवास में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। श्री निषाद ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाले महाकुंभ की विशाल, सुंदर और भव्य तैयारियों को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने ष्महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश। गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमाराष् का नारा दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है। कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है । इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएँ, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी होता है। इस बार का महाकुंभ भी एकता के महाकुंभ के मंत्र को सशक्त करेगा। मैं आप सबसे कहूँगा, जब हम कुंभ में शामिल हों, तो एकता के इस संकल्प को अपने साथ लेकर वापस आयें। हम समाज में विभाजन और विद्वेष के भाव को नष्ट करने का संकल्प भी लें। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के बांदा स्थित आवास में भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह तथा सहकारिता प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक आशुतोष तिवारी ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल एक खेल आयोजन नहीं है प् यह एक ऐसा मंच है जहां विकास और खेल का संगम हो रहा है प् जहां हमारे युवा अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं और एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं प् उन्होंने अपने क्षेत्र में ऐसे खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।खेलेगा भारत द् जीतेगा भारत के साथ अपने क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं की कहानियां साझा करें।स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर दें। पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने अपने आवास में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। जगराम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में भारतीय फिल्म जगत की चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2024 में हम फिल्म जगत की कई महान हस्तियों की 100वीं जयंती मना रहे हैं। इन विभूतियों ने भारतीय सिनेमा को विश्व-स्तर पर पहचान दिलाई। राज कपूर जी ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। रफ़ी साहब की आवाज में वो जादू था जो हर दिल को छू लेता था।अक्किनेनी नागेश्वर राव गारू ने तेलुगु सिनेमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी फिल्मों ने भारतीय परंपराओं और मूल्यों को बखूबी प्रस्तुत किया। तपन सिन्हा जी की फिल्मों ने समाज को एक नई दृष्टि दी। उनकी फिल्मों में सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का संदेश रहता था। तिंदवारी मंडल के बूथ नम्बर 209 में हर बार की तरह इस बार भी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने पीएम मोदी के मन की बात एपीसोड को उत्सुकता के साथ सुना। द्विवेदी ने बताया कि मन की बात के नए अंक में पीएम मोदी ने संविधान की 75वीं वर्षगांठ और प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों सहित भारत की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने बस्तर ओलंपिक की सफलता की सराहना की और मलेरिया उन्मूलन तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत कैंसर के इलाज में हुई प्रगति जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने ओड़िशा के कालाहांडी में कृषि क्षेत्र में हुए सकारात्मक बदलाव की भी प्रशंसा की। मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेश सेन, पूर्व जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा तथा डॉ धर्मेन्द्र त्रिपाठी ने अपने अपने आवास में कार्यक्रम को सुना जबकि जिला मंत्री पंकज रैकवार ने बांदा दक्षिणी मंडल के बूथ नम्बर 124 में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।



## संक्षिप्त ख़बरें

### रविवार को शोकसंतृप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे क्षेत्रीय सांसद अशोक कुमार रावत



**बेनीगंज/हरदोई**–प्रताप नगर चौराहा स्थित त्रिपाठी फिलिंग स्टेशन के प्रोपराइटर अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू के पिता स्वर्गीय अशोक कुमार शुक्ला का पिछले महीने आकस्मिक निधन हो गया था। जिस पर सांसद मिश्रिख अशोक रावत उनके घर पहुंच कर परिवार को संतूना दी और हर दुख सुख में सहयोग देने का वादा किया। सांसद अशोक रावत ने कहां संसद सत्र चलने की वजह से व्यस्तता के चलते में यहां नहीं पहुंच पाया और आज इस दुख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं। इस मौके पर भाजपा नेता अरविंद शुक्ला, पूर्व प्रधान विनोद वर्मा,सतीश त्रिपाठी, अमित शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला,बंटी शुक्ला,सत्य प्रकाश शुक्ला समेत परिवार एवं मित्रजन मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रताप नगर चौकी प्रभारी गोपाल मणी मिश्रा भी मौजूद रहे।

### युवक को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट

**शाहाबाद**- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिरदार नगर में पुरानी रंजिश में युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।पीड़ित रजनीश कुमार पुत्र मुनीश के अनुसार वह 27 दिसंबर की शाम को घर के बाहर खड़ा था।गांव के विपक्षी ओमपाल पुत्र बालकराम ने पुरानी रंजिश में अपने भाई गुड्डू और कल्लू के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया।गाली देने से मना करने पर विपक्षियों में उसे डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की लिखित सूचना के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिसकर्मियों ने थाना परिसर की सफाई कर चमकाया थाना



**पाली**-(हरदोई) थाना पाली के नवागत प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर थाना परिसर की साफ सफाई कर थाने को चमका दिया। पाली थाने का चार्ज संभालते ही रविवार की सुबह नवागत प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने थाना परिसर के आसपास फैली गंदगी को देखकर स्वयं फावड़ा और झाड़ू लेकर साफ सफाई की। प्रभारी निरीक्षक को साफ सफाई करते देख अन्य पुलिस कर्मियों ने भी थाना परिसर की साफ सफाई में अपना योगदान देकर श्रम दान किया। प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस कर्मियों को थाना परिसर के आसपास की सफाई करते देखकर नगर के लोगों ने पुलिस की काफी सराहना की। वहीं प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों की साफ सफाई स्वयं करनी चाहिए,साफ सफाई रखने से बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है।मनुष्य स्वस्थ भी रहता है। जिस स्थान पर ज्यादा गंदगी पाई जाती है वहाँ अनेक प्रकार की बीमारियों से मनुष्य ग्रसित रहकर कष्ट झेलता है। इस मौके पर उन्होंने अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को स्वच्छ रहें,स्वस्थ रहें का मूल मंत्र देकर अपने अपने कार्यस्थल एवं घरों को सदा साफ रखने का संदेश दिया।

### ट्रक की टक्कर से बालक की मौत, व्यक्ति घायल

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्रार्न्तगत नानऊ पिलखना रोड पर गांव नगला रिसालदार के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे एक बालक की मौत हो गई तथा बाइक स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव नगला रिसालदार निवासी भगवान सिंह पुत्र हरीशंकर ने बताया है कि रविवार की सुबह समय करीब ग्यारह बजे उनका करीब दस वर्षीय बेटा रोहित पड़ोस के ही रमेश पुत्र जंगाली सिंह के साथ घर से बाइक पर बैठकर नानऊ पुल पर नाई की दुकान में बाल कटवाने जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही उनकी बाइक गांव के बाहर सड़क पर पहुंची तभी पिलखना की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक छतिग्रस्त हो गई। तथा बाइक चालक रमेश के साथ रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। तभी लोगों को आता देख ट्रक चालक गाड़ी को लेकर वहां से भाग गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे। जहां रास्ते में घायल रोहित की मौत हो गई। तथा रमेश को गंभीर हालत में मेडीकल में भर्ती कराया गया है। मृतक बालक के पिता भगवान सिंह ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है। घटना के संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को बेनीगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

● - जल्द ही फरार अभियुक्तों को भी किया जाएगा गिरफ्तारद्गप्रभारी अशोक कुमार सिंह।

स्वतंत्र प्रभात



**बेनीगंज/हरदोई**–कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी भूपेंद्र कुमार सिंह पुत्र राजकुमार सिंह ने बीते 07/09/24 बेनीगंज थाने में तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि मैं घरेलू सौदा खरीदने के लिए कोथावां एक दुकान पर गया था। जहां से मेरी मोटरसाइकिल यू.पी.30 ए.पी.4435 को किसी अज्ञात चोरों ने उठा ली है। शिकायतकर्ता के तहरीर के आधार पर बेनीगंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। 28 दिसंबर शाम को पुलिस को सूचना मिली भैनगांव पुलिया आम के बाग के निकट कुछ संदिग्ध लोग मोटर साइकिल के साथ खड़े थे। पुलिस के पूछतास करने पर पता चला हुई मोटर साइकिल चोरी में अभियुक्त गढ़ शामिल है। पुलिस ने मौके पर दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया व दो अभियुक्त मौके से फरार हो गए। तीन मोटर साइकिल सहित 1080 नगदी रूपए भी बरामद किए हैं। मामले पर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने बताया मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्तगढ़ वीरेंद्र कुमार रनुआपारा थाना अटरिया सीतापुर व ललित सिंह निवासी शाहपुर थाना महिगवां लखनऊ को भेनगांव पुलिया आम के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ़्तारी के दौरान दो अभियुक्त फरार हो गये। पकड़े गए चोरों के पास से चोरी की गई तीन मोटरसाइकिलों व 1,080 नगद रुपए बरामद किए हैं। एक मोटर साइकिल के कागजात न मिलने पर सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायलय भेजा गया है। मामले में संलिप्त फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

## हरदोई में सपा प्रवक्ता जितेंद्र वर्मा जीतू की टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में आक्रोश

● - शहर कोतवाल से मिलकर कार्यवाही की मांग की

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** –समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र वर्मा जीतू द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की गई विवादित टिप्पणी के कारण ब्राह्मण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस टिप्पणी में उन्होंने मंदिर के पुजारियों को लेकर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया, जिससे ब्राह्मण समाज की भावनाओं को ठेस पहुँची है। इस विवाद को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के कार्यकर्ताओं ने हरदोई की शहर कोतवाली में प्रदर्शन किया और सपा प्रवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। ब्राह्मण महासभा के सदस्यों ने शहर कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विद्यासागर पाल को ज्ञापन सौंपा और सपा प्रवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी ने कहा कि सपा प्रवक्ता की टिप्पणी न केवल पुजारियों बल्कि पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द इस मामले में कानूनी कार्यवाही नहीं की गई, तो महासभा बड़ा आंदोलन करेगी।

शहर कोतवाली प्रभारी विद्यासागर पाल ने महासभा के सदस्यों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर संघठन के जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी, प्रदेश उपाध्यक्ष परशुराम सेना शिवम तिवारी, जिला संयोजक रंजीत शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष गौरव शुक्ला, नीरज मिश्रा, मुनि मिश्रा,जिला सचिव आशीष अवस्थी, प्रांजल शुक्ला, शुभम मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, हर्षित मिश्रा, कार्तिकेय शुक्ला, विज्ञाम मिश्रा, पुनीत दीक्षित, अनुभव पाण्डेय, सचिन द्विवेदी, शिवम दीक्षित सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वीडियो डे नाइट स्क्रीन के माधमम से हरदोई के कस्बा सवायजपुर में दस दिवसीय चल रहा शिविर

● -जीवन में शांति संभव है प्रेम रावत।

स्वतंत्र प्रभात



**सवायजपुर**–आपको ही अपने जीवन में निर्णय करना है कि आपको शांति हो गई है या नहीं हुई है, आपके जीवन में शांति है या नहीं है। इसके बारे में कोई दूसरा व्यक्ति निर्णय नहीं ले सकता है।आज इस दुनिया के अंदर जहाँ भी देखो, हर एक चीज़ में मनुष्य ने दीवार डाल दी - ÷तुम गोरे हो, तुम काले हो। तुम स्त्री हो, तुम पुरुष हो। तुम बच्चे हो, तुम बूढ़े हो। तुम पढ़े-लिखे हो, तुम अनपढ़ हो।÷ परन्तु असलियत में कोई अंतर नहीं है। हम सब एक ही हैं। एक ही चीज़ से जीवित हैं। यह स्वांस आती है, जाती है। चाहे बूढ़े हैं या जवान हैं, चाहे पढ़े-लिखे हैं, चाहे अनपढ़ हैं, चाहे अमीर हैं, चाहे गरीब हैं। वही स्वांस सबके अंदर आ रही है, जा रही है।सबके पास हृदय है और वह हृदय एक ही चीज़ की पुकार कर रहा है कि "इस जीवन के अंदर शांति होनी चाहिए। किसी तरीके से यह जीवन सफल हो। मैं अपने जीवन में असली शांति का अनुभव कर सकूं।"

दुनिया के अंदर सभी की यही ख़्वाहिश है। जब तक उस चीज़ का अनुभव नहीं हो जाता, तब तक सारी कहानी अधूरी है। इसका निर्णय कौन लेगा कि जीवन में शांति संभव है या नहीं? यह अनुभव की बात है। आपको ही अपने जीवन में निर्णय करना है कि आपको शांति हो गई है या नहीं हुई है, आपके जीवन में शांति है या नहीं है। इसके बारे में कोई दूसरा व्यक्ति निर्णय नहीं ले सकता है।लोग भूल जाते हैं कि हमारे हृदय की ख्वाहिश क्या है? वह चीज़ जो आपके चेहरे पर आज मुस्कान लाती है, वह चीज़, जो आपको हर दिन प्रेरित करती है कि आप अपना जीवन सफल करो, उस चीज़ को पहचानो। उस चीज़ को अपने जीवन में आने दो। उस शांति को अपने जीवन में आने दो। जब तक नहीं आने देंगे, तब तक आप क्या हैं और आपकी सम्भावना क्या हैं, आपको पता नहीं लगेगा। आप नहीं जान सकेंगे कि "आप क्या हैं?" जिस शक्ति ने सारे संसार की रचना की है, आपको उसी शक्ति ने बनाया है।

लोग समझते हैं कि "शांति पाने के लिये सबकुछ छोड़ना पड़ेगा" नहीं, ऐसी बात नहीं है। इस दुनिया के अंदर रह करके, इस समाज के अंदर रह करके आप शांति का अनुभव कर सकते हैं- ऐसी है "शांति!" क्योंकि वह आपकी निजी बात है। आपके अंदर की बात है। अगर कहीं से अँधेरा निकालना है, तो वहां ज्योति की जरूरत है, प्रकाश की जरूरत है। आपको अपने जीवन के अंदर जो कुछ भी करना है, कीजिये, परन्तु एक काम और कीजिये - अपने अंदर की प्यास को भी जरूर बुझाइये। किसी चीज़ को छोड़ने की जरूरत नहीं है, त्यागने की जरूरत नहीं है। आप जो भी हैं, आप धन्य हैं, क्योंकि आप जीवित हैं।आप अपने घर पर मोबाइल पर टाइमलेस टुडे,प्रेमरावत आफीसियल यूट्यूब, प्रेमरावत डाट काम पर देख व सुन सकते हैं।

## टैलेंट शो व कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई** –शहर के नुमाइश मैदान में चल रहे हरदोई मेला महोत्सव में शनिवार की शाम हरदोई टैलेंट शो के नाम रही जिसमें विभिन्न मंचों पर प्रतिभा कर चुकी जनपद की प्रतिभाओं ने अपने प्रदर्शन से समां बाँधा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने दीप प्रजव्वलन व मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए श्री मधुर ने कहा कि साहित्य एवं सांस्कृतिक चेतना को बढ़ाने में ऐसे आयोजन सहायक सिद्ध होते हैं। कुलदीप द्विवेदी व खुशबू टंडन के संयोजन में आयोजित हरदोई टैलेंट शो में उस्मान सिद्दीकी ,वैष्णवी रस्तोगी, अभिषेक द्विवेदी, अतिशय, इशिता तिवारी, गुलशन ,अक्षय प्रताप सिंह ,अभिषेक मिश्रा, शिवानी, दिव्या ,मोहम्मद आरिफ आदि कलाकारों ने अपने प्रतिभा दिखाई।कार्यक्रम में मुख्य आयोजक रवि किशोर गुप्ता, अजीत शुक्ला ,आयुषी रस्तोगी, करुणा शंकर द्विवेदी ,सोनू गुप्ता व अमन आदि रहे।

वही दिन के समय मणिका गुप्ता व प्रीति सिंह के संयोजन में आयोजित कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया वर्मा, अर्पित रस्तोगी ,आराध्य , ज्योति सहित 10 प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया निर्णायक की भूमिका कालिंदी वैश्य ने निभाई

**नृत्य प्रतियोगिता का फाइल राउंड कल**

हरदोई मेला महोत्सव में जूनियर व सीनियर वर्ग की नृत्य प्रतियोगिता का फाइनल राउंड सोमवार को आयोजित किया जाएगा इसके साथ ही डुएट व ग्रुप डांस में भी प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## छप्पर में आग लगने से सामान हुआ राख, अज्ञात पर रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम पकरा जलपापुर में खेत में बने आश्रम के छप्पर में आग लगने के मामले में पीड़ित की लिखित सूचना पर थाना पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।पीड़ित ऋषिपाल पुत्र फूल सिंह के अनुसार वह गांव के बाहर अपने खेत में छप्पर से अपना आश्रम बनाकर रात को वहीं सोता है।

27 दिसंबर की रात को भी वह अपने भतीजे परविंदर के साथ आश्रम पर सो रहा था।रात में किसी अज्ञात ने उसके छप्पर में आग लगा दी और पास रखी उसकी लाठी खींच ली।जिससे वह जाग गया और भतीजे के साथ जान बचाने के लिए भाग गया।आग से उसका समस्त सामान जलकर राख हो गया।पीड़ित की लिखित तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हर पीड़ित को न्याय दिलाना प्राथमिकता- बृजेश कुमार मिश्र

स्वतंत्र प्रभात



**शाहाबाद**- कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह के स्थानांतरण के बाद प्रतापगढ़ के मूल निवासी नवागत प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र ने मीडिया से मुलाकात में प्राथमिकतायें गिनाई।रविवार को नवागत प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्र मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने बताया कि वह 2022 से जनपद हरदोई में सेवारत हैं। थाने पर आने वाली हर छोटी से छोटी समस्या के निराकरण का प्रयास किया जाएगा। किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय बर्दास्त नही किया जाएगा। समाज को चलाने में सम्भ्रांतजनों, पत्रकारों व पुलिस की अहम भूमिका होती है।श्री मिश्र ने कहा कि प्राथमिक तौर पर थाना अंतर्गत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रहेगा। सूचना मिलने पर और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी,साथ ही गलत गतिविधियों में शामिल लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी,अपराधों पर नियंत्रण पर मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में अमन चैन शांति रहे इसके लिए पुलिस के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सहयोग करना होगा। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि क्षेत्र के अंतर्गत जुआ, सट्टा, शराब जैसे अपराधों को पनपने नहीं दिया जाएगा। इस पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। कहा कि क्षेत्र में प्रेम सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक का समन्वय जरूरी है। कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। इसलिए लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस से डरे नहीं।पुलिस अपराध एवं अपराधियों के लिए है।आम लोगों के लिए पुलिस प्रशासन भी आम लोगों की तरह काम करती है।हम लोगों द्वारा एक दूसरे से मिलकर हर समस्या का समाधान कराया जायेगा। कुछ पत्रकारों ने कस्बे के बाजार में जाम की समस्या से प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया।इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसियेशन उ. प्र. के लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष अशरफ अली खां,प्रवक्ता/तहसील अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना, महामंत्री आलोक पाठक सहित अनेक संवाददाता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित की गई सैनिक सम्मान समारोह

स्वतंत्र प्रभात



**हरदोई**- जिले के 4 राजपूत में सेना की 14 साल की सर्विस करने के बाद हवलदार के पद पर तैनात रहते हुए कमीशन लेकर सेना में अधिकारी रैंक में लेफ्टीडेंट के पद पहुंचे दुर्गेश सिंह का अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हरदोई की तरफ से कंपनी गार्डन के शहीद उद्यान में भव्य स्वागत किया गया, जिला अध्यक्ष राहुल सिंह फ़ौजी ने दुर्गेश जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया , दुर्गेश जी ने बताया कि उन्होंने कभी हार नहीं मानी अंततः उन्हें कामयाबी मिली, क्यूंकि कोशिस करने वालों की कभी हार नही होती, जिले के तमाम पूर्व सैनिकों एवं देश भक्तों ने बड़े ही जोश के साथ उनका स्वागत किया, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हरदोई हमेशा वर्तमान सैनिक एवं पूर्व सैनिकों के हित एवं सम्मान में तत्पर रहता हैं, इस मौके पर संगठन अध्यक्ष राहुल सिंह फौजी के साथ पूर्व सैनिक फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्निहोत्री, संगठन संरक्षक कैप्टन राजेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष कैप्टन शिववीर सिंह चौहान, सूबेदार,गया प्रसाद, सुबेदार सुशील कुमार सिंह, हवलदार सुशील सिंह, नगर अध्यक्ष सुबेदार जितेंद्र सिंह चौहान, बलबीर सिंह, समाजसेवी अंकित सिंह परमार, अभिषेक सिंह, अतुल द्विवेदी, कैप्टन राममूर्ति, खेमकरण साहब, पुनीत सिंह चंदेल, सुशील अवस्थी छोटे महाराज अध्यक्ष सहकारी क्रय विक्रय समिति, संजू श्रीवास्तव संगठन मंत्री पतंजलि सेवा समिति व संपूर्ण महिला टीम समेत सभी देश भक्तों ने स्वागत समारोह में भाग लिया

## ट्रैक्टर ट्राली और ऑटो की भिडंत में दो लोगों की मौत, तीन घायल

स्वतंत्र प्रभात



**बिलग्राम**- थाना क्षेत्र में रविवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक ऑटो और ट्रैक्टर ट्राली के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक उमाकांत दीपक के अनुसार रविवार को यह हादसा बिलग्राम क्षेत्र के परसोला गांव के पास हुआ।घटना के समय ऑटो पर इंदू सिंह, उनकी 4 वर्षीय पुत्री महक, संजय, अफसर, रामबक्स और अन्य लोग सवार थे। इंदू सिंह अपनी बेटी के साथ इलाज के लिए बिलग्राम जा रही थी, वहीं संजय भी उसी रास्ते पर था। अचानक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में इंदू सिंह, महक, संजय, अफसर और रामबक्स बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अफसर और रामबक्स को मृत घोषित कर दिया।हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## सहयोग छात्र शिक्षा समिति द्वारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा सामग्री की गई वितरित, महिलाओं को किया गया जागरूक

● -मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना महमूदाबाद से महिला पुलिस ने कार्यक्रम में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया

स्वतंत्र प्रभात



**महमूदाबाद , सीतापुर**- जनपद सीतापुर के थाना महमूदाबाद इलाके के खालगांव में रविवार को समय लगभग 12 बजे सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था द्वारा कमजोर व जरूरतमंद छात्र छात्राओं को शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाने के लिए उन्हें संस्था के द्वारा निशुल्क कापी पेन , पेंसिल , रबर , कटर आदि शिक्षा सामग्री वितरित करते हुए प्रत्येक दिन के लिए निशुल्क दो घंटे के लिए एक नई ट्यूशन क्लास सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 70 छात्र छात्राओं को संस्था के द्वारा निशुल्क शिक्षा सामग्री प्रदान की गई। वहीं संस्था की ओर से महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए मिशन शक्ति अभियान का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना महमूदाबाद से महिला पुलिस आरक्षी काजल सक्सेना व महिला आरक्षी पूजा आदि पुलिस बल ने कार्यक्रम में पहुंचकर वहां मौके मौजूद बालिकाओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा के प्रति टोल फ्री नंबर 1090,112,108,102 , 181, 1076 ,1098 आदि टोल फ्री नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया।

साथ ही सहयोग छात्र शिक्षा समिति संस्था के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार , प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज पासवान, सदस्य तिलक राम आदि के द्वारा उक्त कार्यक्रम में आए हुए अब तक टीवी के सह संपादक ए के विश्वकर्मा , मंजीत यादव पत्रकार , ग्राम प्रधान चन्द्र पाल यादव , पूर्व प्रधान पप्पू सिंह अवनीश कुमार उर्फ टोनू सिंह , दिनेश कुमार आदि समेत महिला आरक्षी काजल सक्सेना व पूजा के द्वारा वहां पर मौजूद छात्र छात्राओं को शिक्षा सामग्री प्रदान करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कमाना की गई। उक्त कार्यक्रम में आए हुए ग्रामीण इलाके में स्थित एम जी वी पब्लिक स्कूल हरिहरपुर पहला सीतापुर के प्रबंधक दिनेश कुमार के द्वारा उक्त संस्था में पांच सौ रुपए का सहयोग प्रदान करते हुए । वहीं बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षण कार्य कर रहीं पारूल रावत व उमन देवी को सौ - सौ रूपये का सहयोग देकर बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने की बात कही । दिनेश कुमार व अवनीश सिंह के द्वारा संस्था में शिक्षा सामग्री प्रदान कर संस्था में सहयोग दिया गया। और वहीं उक्त कार्यक्रम में महिला आरक्षियों समेत अतिथियों को संस्था के द्वारा एक एक पेन देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के समापन के दौरान संस्था प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा उक्त कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद देकर आभार प्रकट कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान वहां पर छोटे छोटे बच्चों व अभिभावकों के साथ महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रहीं।

## लाला भभूति प्रसाद जूनियर हाई स्कूल की त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कछौना, हरदोई।** लाला भभूति प्रसाद जूनियर हाई स्कूल की त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रतिस्पर्धा हुई सम्पन्न, बच्चों ने खूब किए मनोरंजन, कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अजय गुप्त के द्वारा किया गया। इस बार खेल कूद प्रतियोगिता का थीम खेलो भारत था, इस दौरान अजय गुप्त ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलकूद आपसी सद्भावना व सहयोग को बढ़ावा देते हैं। स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, आज के जमाने मे पढ़ाई के साथ- साथ छात्र छात्राएं खेल कूद में भी अपना भविष्य बना सकते हैं इस कार्यक्रम के दौरान 200 मी0, 400मी0 की दौड़, स्लो साइकिल रेस, क्रिकेट, थ्री लेग रेस, कंचा चम्मच दौड़, रस्साकर्षण सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। अधिकांश छात्र छात्राओं ने विजेता एवं उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार प्रजापति, शिक्षक विजय दीक्षित, राजीव प्रजापति, पुष्पेन्द्र सैनी, सत्येन्द्र सिंह, मलखान सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं सहित अभिभावक गण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ठेकेदार का कीमती मोबाइल ले उड़ा उचक्का

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के गांधी चौराहा में अज्ञात उचक्का चकमा देकर एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर भाग गया। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे अधीन मजरे पलिया बिरसिंहपुर गांव निवासी अमित पुत्र रामनाथ ने बताया कि वह भवन निर्माण का ठेका लेता है। रोज की तरह वह अपनी साइट पर जा रहा था। दोपहर को गांधी चौराहा में खड़े होकर वह अपने मित्रों से बात करने लगा। तभी एक अज्ञात युवक उसके पास आकर बोला कि वह बात करने के लिए उसे अपना मोबाइल दे दे। पीड़ित ने बताया कि युवक के आग्रह करने पर उसने अपना मोबाइल उसे दे दिया। आरोपी उचक्का मोबाइल से टहलते हुए बात करने लगा। तभी थोड़ी देर बाद वह अचानक वहां गायब हो गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसका 18 हजार रुपए कीमत का मोबाइल ले कर भाग गया। इंस्पेक्टर क्राइम विनय कुमार तिवारी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### ग्रामीणों ने निकाली संविधान बचाओ सद्भावना यात्रा



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के गेगासों क्रॉसिंग से रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन कल्याण संगठन के तत्वावधान में ग्रामीणों ने संविधान बचाओ सद्भावना यात्रा निकाली। डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद निकली यह यात्रा मलकेगांव पूरेपांडेय, बहुपुर, छिवलहा, मथुरपुर बेनीमाधवगंज होते हुए पुनः गेगासों क्रॉसिंग में संपन्न हुई। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और लोगों को संविधान की रक्षा के प्रति जागरूक किया। आयोजित सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसी भी कीमत पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा संविधान की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर पूर्व प्रधान रासीगांव शिवनाथ गौतम, ग्राम प्रधान सिंघौरतारा शैलेंद्र बहादुर यादव, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र, अजय, मुकेश, मोहन, रामचंद्र, राम लखन, नरेंद्र सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सोनभद्र में ओवरलोडिंग पर शिकंजा कसा- चार वाहनों का चालान



**सोनभद्र** में ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी बीएन सिंह और पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर गठित एक संयुक्त टीम ने ओबरा क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में जनपदीय पुलिस और खनन विभाग के अधिकारी शामिल थे।शनिवार की रात, क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने थाना ओबरा क्षेत्रांतर्गत बग्घानाला में वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान चार ओवरलोड वाहनों का चालान किया गया।जिला प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों के चालकों को चेतावनी दी है कि वे भविष्य में ओवरलोड वाहन न चलाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### युवती ने किया आत्म हत्या का प्रयास

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 लोहिया नगर निवासिनी संजना17वर्ष पुत्री परशुराम अपने कमरे में अंदर से कुंडी बंद करके छत में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली थी। इसकी सूचना परिवारीजन को हुई तत्काल पुलिस को सूचना दी , सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा को तोड़कर देखा तो वह जिंदा थी, फंदा काटकर तत्काल अस्पताल पहुंचाकर प्राथमिक उपचार कराया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया पुलिस के सहयोग से मेडिकल कॉलेज भेजावाया गया ,जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में एसओ रविंद्र कुमार सिंह कहना है कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को देखा तो वह जीवित थी और युवती ने आत्म हत्या करने की कोशिश की है उसे जिला मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर भेजवाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## नवागत पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अमेठी पुलिस द्वारा अपराधियों पर की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई

● अमेठी पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कुल 27 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

शुकुल बाजार पुलिस द्वारा एक वारंटी एवं एक अभियुक्त अवैध तमंचा वा जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद के थानों द्वारा की गयी गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध शस्त्र के विरुद्ध की गयी कार्यवाही थाना मुसाफिरखाना में 1 अभियुक्त मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद शकील निवासी ग्राम तकिया जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद ,मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा की गई विधिक कार्यवाही वही थाना बाजार शुक्ल द्वारा 1 अभियुक्त इरफान पुत्र हसमत अली निवासी ग्राम दोलानगर मजरे नीमपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी। को गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्रवाई की गई गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।थाना जायस द्वारा 1 नफर अभियुक्त दिलशेर पुत्र हसन राजा निवासी पूरे सिक्का मजरे उड़वा थाना जायस जनपद अमेठी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ तथा पुलिस द्वारा विधि कार्रवाई की गई। थाना जगदीशपुर द्वारा 1 नफर अभियुक्त अजीत सिंह यादव उर्फ छोटू पुत्र आनन्द कुमार यादव निवासी पूरे नेम दूबे मजरे माहेमऊ थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई। वहीं नशा मुक्ति अभियान के तहत की गयी कार्यवाही में थाना मुसाफिरखाना द्वारा 1 नफर अभियुक्त शाकिर अली उर्फ पुत्ती पुत्र जाबिर अली निवासी तकिया जमुवारी थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के कब्जे से कुल 60 ग्राम स्मैक बरामद हुई पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट शाहिद अन्य विधिक कार्रवाई की गई। थाना जायस द्वारा 1 नफर अभियुक्त शाहे आलम उर्फ शुकरू पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मोहल्ला चौधराना थाना जायस जनपद अमेठी। के कब्जे से कुल 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई। थाना कमरौली द्वारा 02 नफर अभियुक्त के कब्जे से कुल 55 ग्राम स्मैक बरामद हुई अभियुक्त- इसरार अहमद पुत्र वसीर अहमद निवासी ग्राम सौना थाना कमरौली जनपद अमेठी से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुई,वहीं आतिफ उर्फ अत्तू पुत्र मो0 दब्बीर निवासी पूरे दीना पाठक का पूरवा मजरे सिन्दुरवा थाना कमरौली जनपद अमठी से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुई करौली पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों पर विधिक कार्रवाई की गई, थाना फुरसतगंज द्वारा 01 नफर अभियुक्त राकेश यादव पुत्र रंजीत यादव निवासी ग्राम पूरे भीखन मजरे पीढ़ी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी के पास से कुल 600 ग्राम गांजा व चोरी की 01 स्पलेण्डर मोटरसाइकिल HP05AW4090 संबंध सासनगर पंजाब प्रान्त। बरामद हुई पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई। थाना गौरीगंज-द्वारा 1 नफर अभियुक्त संदीप पुत्र स्व0 जोखू राम निवासी फकीरन का पूरवा मजरे अन्नी बैजल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया जनपद में कुल 17 वारण्टी को गिरफ्तार किया गया जिसमें थाना मुसाफिरखाना द्वारा 1 नफर वारंटी राजेश पुत्र मदन किशोर निवासी कस्बा मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी कब गिरफ्तार किया गया, थाना जामो द्वारा 03 नफर वारण्टी समर बहादुर सिंह पुत्र संकठा प्रसाद सिंह निवासी ग्राम पूरे अल्प सिंह मजरे कल्याणपुर थाना जामो जनपद अमेठी , श्याम बहादुर सिंह पुत्र राम महेश सिंह निवासी बरेहटी थाना जामो जनपद अमेठी,जबरील अहमद पुत्र जुम्मन खां निवासी ग्राम पूरे तेजी मजरे गोरियाबाद थाना जामो जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।थाना रामगंज द्वारा 01 नफर वारण्टी रवि पुत्र बाल मुकुंद निवासी तेजसी पाण्डेय का पूरवा रतापुर थाना रामगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया,थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी जगप्रसाद पुत्र साहबलाल निवासी ससांरपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक द्वारा 01 नफर वारण्टी रंजीत पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अढ़नपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया, थाना गौरीगंज द्वारा 01 नफर वारण्टी लल्लन सरोज पुत्र कन्हैया लाल सरोज ग्राम कटरालालगंज कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया,थाना जगदीशपुर द्वारा 01 नफर वारण्टी कन्हैयालाल पुत्र मनीराम निवासी पूरे पंक्षी पासी मजरे टांडा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी , थाना संग्रामपुर द्वारा 01 नफर वारण्टी विनय कुमार पुत्र रामदेव मिश्र निवासी वरदहिया विशेषरगंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी ।थाना अमेठी द्वारा01 नफर वारण्टी चुन्ना पुत्र गिरजाशंकर निवासी पण्डित का पूरवा मजरे महमदपुर थाना अमेठी जनपद अमेठी ,थाना मोहनगंज द्वारा 01नफर वारण्टी अमान उल्ला पुत्र हसन रजा निवासी ग्राम पूरे रूद्र मजरे बारकोट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी ।थाना कमरौली पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी रामचन्दर पुत्र रामपाल निवासी ग्राम दुलारी नगर थाना कमरौली जनपद अमेठी थाना जायस द्वारा 1 नफर वारण्टी करामत पुत्र नियामत निवासी पूरे उदवत मजरे सराय महेशा थाना जायस जनपद अमेठी , थाना फुरसतगंज द्वारा1 नफर वारण्टी दीपू पुत्र बजरंगी निवासी ग्राम खालिशपुर थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

## सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी द्वारा घर से बिछड़ी महिला को उसके परिजनों से मिलाया

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित वन स्टाप सेंटर अमेठी में घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ जैसे मामलों को लेकर वन स्टॉप सेन्टर बालिकाओं और महिलाओं को राहत दिलाने के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी ने बताया 28 दिसंबर 2024 को यूपी 112 द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर में रात्रि 2 बजे एक अज्ञात महिला को दाखिल किया गया था जो मानसिक रूप से अस्वास्थ्य थी। अगले दिन वन स्टाप सेंटर की केन्द्र प्रबंधक व केस वर्कर वन स्टॉप सेन्टर द्वारा महिला से पूछताछ की गयी तो महिला कुछ भी नहीं बता पा रही थी महिला बहुत डरी हुई थी महिला को समझाया गया आप मुझसे अपनी बात बता सकती है तो महिला ने कहा मुझे कुमारगंज पिपरी हलियापुर जाना है हलियापुर चौकी प्रभारी से बात किया गया तो महिला से संबधित कोई जानकारी नहीं मिली तत्पश्चात महिला से पूछा गया तो महिला ने मोबाइल नंबर बताया। मोबाइल नंबर पर सम्पर्क किया गया तो महिला की ननद थी ननद से महिला के बारे में पूछा गया तो महिला की ननद ने मेरी भाभी है तीन दिन से बिना बताये घर से गायब है सब उसको ढूंढ़ रहे है तब महिला की ननद ने महिला का नाम पिंकी सिंह पति नाम अंकुर सिंह ऊर्फ अनुज सिंह गांव का नाम अजीत नगर ठकुराईया थाना कोतवाली नगर चौकी मकन्दरूगंज जनपद प्रतापगढ़ बताया। महिला की ननद रेनू सिंह को बताया गया कि आपकी भाभी जी सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी में सुरक्षित है तो महिला के पति दिनांक - 28/12/2024 को समय 5 बजे सखी वन स्टाप सेंटर अमेठी आये पति पत्नी दोनों मिलकर बहुत खुश हुए और 7 बजे वन स्टाप सेंटर अमेठी से अपने साथ प्रतापगढ़ घर ले गये वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कर्मचारियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वन स्टॉप सेन्टर की केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी, केस वर्कर ममता यादव एवं 112 की टीम उपस्थित रहे।

## चक्की कारखाने पर काम कर रहे 62 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज/रायबरेली-** कोतवाली क्षेत्र के लोधवा मऊ में एक चक्की कारखाने पर काम कर रहे 62 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। चक्की का मालिक जब रात 9:00 बजे कारखाने पहुंचा तो मजदूर चोटहिल अवस्था में खून से लतपथ पड़ा मिला। बिना पुलिस सूचना के चक्की मालिक ने 108 एम्बुलेंस पर लादकर मजदूर को अनन-फनन जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान घायल मजदूर ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आपको बता दे कि, घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के लोधवा मऊ गांव की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को शाम लगभग 7ः00 बजे चक्की मालिक केतार लाल पुत्र अहोरवा ने मजदूर किरशन (62) पुत्र गुर प्रसाद को चक्की पर छोड़कर अपने घर खाना खाने चला गया था, रात लगभग 9ः00 बजे जब वह खाना खाकर चक्की पर वापस लौटा तो मजदूर चोटहिल अवस्था में घायल जमीन पर पड़ा कराहता मिला। आनन-फानन चक्की मालिक केदार लाल ने मजदूर को 108 एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र रामू ने महराजगंज पुलिस को घटना की लिखित जानकारी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उधर मृतक किरशन (62) निवासी लोधन का पुरवा की पुत्र वधू ने भी रविवार दोपहर लगभग 12:00 बजे पुलिस को दूसरी तहरीर देकर हत्या की आशंका जताई, और मामले में कार्यवाही की मांग की है।मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, चिकित्सालय की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणो का पता चल सकेगा।

## कुंभ मेला संगम प्रयाग में लगने वाले शिविर के लिए पहुंचाई खाद्य सामग्री

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** बाल्हेश्वर मंदिर की ओर से संगम प्रयाग में लगने वाले शिविर को लेकर कस्बे में कार्यकर्ताओं ने खाद्य सामग्री एकत्रित की। कार्यकर्ताओं ने करीब पंद्रह कुंतल खाद्य सामग्री एकत्र कर शिविर के लिए भेजी है। बाल्हेश्वर मंदिर आश्रम के महंत श्री 108 सर्वेश्वर दास व्यास ने बताया कि संगम प्रयाग के खाक चौक स्थित गंगा प्रसाद थाना के बगल सेक्टर 21 में शिविर लगाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में शिविर सात हजार वर्ग फुट विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां पर श्रद्धालुओं के रहने और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। बताया कि शिविर 10 जनवरी से लेकर 15 फरवरी तक आयोजित होगा। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को संगम स्नान करने और महाकुंभ में शामिल होने की अपील की है। शनिवार को प्रतिष्ठित व्यवसाई केसी गुप्ता की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने 15 कुंतल खाद्य सामग्री एकत्रित की और शिविर के लिए भेज दिया। इस दौरान शिवप्रकाश पांडेय, आनंद गुप्ता, शिव प्रकाश मिस्त्री, घनश्याम, राजकुमार सेठ, दयालु सेठ, राजेश चौरसिया, रामू ठेकेदार, डॉ. एसके निगम, दीपू त्रिवेदी, रवि मुरारका, बबलू सिंह, सुखेंद्र बहादुर सिंह शाहिद तमाम लोगों ने खाद्य सामग्री एकत्र करने में सहयोग किया।

## मांझगांव ने कुबना को 10 विकेट से पराजित कर जीता उद्घाटन मैच

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़ (रायबरेली)** क्षेत्र के जमुनीपुर मजरे सीवन में आयोजित सैयद टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मांझगांव ने कुबना को 10 विकेट से पराजित कर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस के ब्लाक महासचिव एवं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य गोविन्द त्रिपाठी द्वारा फीता काटने के बाद बल्ले से शॉट मारकर किया गया। रविवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कुबना - मांझ गांव के मध्य खेला गया, जिसमें कुबना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मांझगांव टीम ने विकास के 25 रन, अविरल के 23 रनो के सहयोग से छठवें ओवर में 10 विकेट से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रधान पति सुनील सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर रामदेव गुप्ता, गजेन्द्र सिंह, रिंकू सिंह, शिव बहादुर यादव, मो. उस्मान, अरशद, मो.सुफियान आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से टूटा पैरापेट! ग्रामीणों में रोष

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़,रायबरेली।** विद्युत पोल लेकर जा रहे हैं ट्रैक्टर की टक्कर से कसना माइनर पर बनी पुलिया का पैरपेट टूटने से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है। मामला क्षेत्र के कसना गांव का है जहां से ट्रैक्टर में विद्युत पोल बांधकर राजापुर की ओर जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से कसना माइनर पर बनी पुलिया का पैरापेट टूटकर माइनर में पलट गया। पूर्व कसना प्रधान रामकिशोर मौर्य ने बताया कि उनके काफी प्रयास के बाद पुलिया का क्षतिग्रस्त पैरापेट बना था। जो रविवार को विद्युत विभाग की लापरवाही से टूटकर माइनर में गिर गया है। पैरापेट टूटने से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति गहरी नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने बताया कि पूर्व में पुलिया का पैरापेट क्षतिग्रस्त होने से काफी दुर्घटनाएं होती थी। पैरापेट टूटने से फिर से दुर्घटनाएं बढ़ जाएंगी। ग्रामीणों का कहना है कि गलती से किसी साधन से विद्युत पोल टूट जाता है तो विद्युत विभाग उस पर जुर्माना ठोक देता है। विद्युत विभाग की लापरवाही से माइनर का पैरापेट टूटा है विद्युत विभाग को पैरापेट बनवाना चाहिए, यदि क्षतिग्रस्त पैरापेट नहीं बना तो विद्युत विभाग के खिलाफ आन्दोलन किया जाएगा। वहीं इस बाबत बात करने के लिए जब सिंचाई विभाग शारदा सहायक शारदा खण्ड लखनऊ के सम्बंधित जेई पंकज शिवहरे के पास फोन मिलाया गया तो उनका फोन नही उठा।

## रेणुकूट हिंडाल्को प्लांट में मजदूर की दुर्घटना,सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र-** जिले के रेणुकूट स्थित हिंडाल्को प्लांट में एक बार फिर श्रमिकों की सुरक्षा की अनदेखी सामने आई है।प्लांट में कार्यरत एक सप्लाई मजदूर रिजवान की काम के दौरान उंगली कट गई। इस घटना के बाद मजदूर और उनके परिवार की स्थिति चिंताजनक हो गई है।सामाजिक कार्यकर्ता एवं मजदूर नेता डब्ल्यू सिंह ने हिंडाल्को प्रबंधन से रिजवान के उपचार का खर्च वहन करने और उसे श्रम कानून के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं प्रदान करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि इस तरह की दुर्घटनाओं में कंपनी को मजदूर को आजीवन पेंशन देने का प्रावधान होता है।उन्होंने कंपनी से रिजवान के परिवार के भरण-पोषण के लिए उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। डब्ल्यू सिंह ने आरोप लगाया कि हिंडाल्को प्लांट में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन नहीं किया जाता है, जिसके कारण मजदूरों को अक्सर इस तरह की दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है।उन्होंने बताया कि मजदूरों को कम मजदूरी मिलती है, अधिक काम के घंटे करने पड़ते हैं और उन्हें सामाजिक सुरक्षा लाभ भी नहीं मिलते हैं। यदि कोई मजदूर अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाता है तो उसे धमकियां दी जाती हैं।मजदूर नेता ने सरकार से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने और मजदूरों के हितों की रक्षा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर कारखानों में मजदूरों की सुरक्षा के मुद्दे को उजागर किया है।

## जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में मड़िहान की टीम विजेता

स्वतंत्र प्रभात



**घोरावल, सोनभद्र-** घोरावल तहसील के महुआंव पांडेय ग्राम पंचायत में आयोजित स्व. जामवंती पाण्डेय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया। इस प्रतियोगिता में मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही और मध्यप्रदेश की 30 टीमों ने हिस्सा लिया।टॉस जीतकर महुआंव पांडेय ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। मड़िहान की टीम ने 12 ओवरों में 143 रन बनाए। जवाब में महुआंव पांडेय की टीम 10 ओवरों में ही 60 रन पर ऑल आउट हो गई। मड़िहान के गोलू कुमार को मैन ऑफ द मैच और महुआंव पांडेय के गोलू द्विवेदी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।विजेता टीम को 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार विजेता टीम मड़िहान को ट्रॉफी और 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। उपविजेता टीम महुआंव पांडेय को ट्रॉफी और 15,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला।मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देते हैं। उन्होंने खेल को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताया।इस मौके पर सीओ सदर चारू द्विवेदी, कोन के बीडीओ जितेंद्रनाथ दुबे, डाला सीमेंट के प्रबंधक देवेंद्र कुमार तिवारी, कांग्रेस नेता राजेश द्विवेदी, तहसील अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष रामअनुजधर द्विवेदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता स्व. जामवंती पाण्डेय की स्मृति में आयोजित की गई थी।

## सोनभद्र में अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र दुद्धी-** जनपद के दुद्धी तहसील के टाउन क्लब मैदान पर रविवार को आयोजित 38वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन भव्य तरीके से किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गोंड ने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस दौरान कबूतर उड़ाकर शांति और एकता का संदेश दिया गया।समारोह को संबोधित करते हुए श्रवण सिंह गोंड ने कहा कि प्रदेश सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री जी ने भी देश के खिलाड़ियों को सम्मानित करके खेल के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ाया है।वही दुद्धी नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा कि यह खेल कुम्भ की नगरी है। नगर पंचायत बढ़-चढ़कर अपना योगदान देती है। उन्होंने आयोजक मंडल एवं खिलाड़ियों का आभार जताते हुए हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने दुद्धी के मैदान पर दूर-दूर से आए खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में खेल के प्रति लोगों में अच्छा रुझान है और वे होनहार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करेंगे।इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार अग्रहरि, कमल कानू, राजेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट, दिलीप पांडेय, टीसीडी अध्यक्ष सुमित सोनी, सचिव अंकुर बच्चन, अमन जायसवाल, निरंजन अग्रहरि, अजित सिंह, रजत राज सहित टाऊन क्रिकेट क्लब टीम के पदाधिकारी दुद्धी में आयोजित 38वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन इरफान खिलाड़ी व अंकुर बच्चन ने किया।

## सिहुली सिद्ध पीठ में मकर संक्रांति का धूमधाम से स्वागत

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र** के ओबरा स्थित सिहुली सिद्ध पीठ सेवा समिति में मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर को नए रंगों से सजाकर एक नया रूप दिया गया है। मंदिर परिसर में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है और भव्य भंडारे की भी तैयारी है।मकर संक्रांति के अवसर पर मंदिर की रंगाई-पुताई का विशेष महत्व है। पीले, लाल और नारंगी जैसे रंगों से मंदिर को सजाकर इसे एक उत्सव का रूप दिया गया है। ये रंग नई शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं।धार्मिक और सामाजिक एकता- मंदिर में आयोजित अखंड हरि कीर्तन और भंडारा लोगों को एक साथ लाने का काम करते हैं। भंडारे में सभी के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती है। इससे न केवल भूखे लोगों की मदद होती है बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। सिहुली सिद्ध पीठ सेवा समिति मकर संक्रांति जैसे त्योहारों को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाती है।मंदिर की सजावट, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों में समिति के सदस्य पूरी लगन से जुटे हुए हैं। मकर संक्रांति का त्योहार हमें एक नई शुरुआत का संदेश देता है। इस अवसर पर हम सभी को अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए।

## चार्ज संभालने के बाद कस्बा में पैदल गस्त करते कौड़िया प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह



**गोण्डा।** नवागत प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने रविवार को थाना कौड़िया पर पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण कर कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए लोगों से परिचय प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रभारी निरीक्षक थाना कौड़िया दुर्ग विजय सिंह को लाइन हाजिर कर निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह को थाना की कमान सौपी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने थाना पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करते हुए सभी कर्मचारियों के साथ बैठक कर उपस्थित लोगों से मिलते हुए कहा कि क्षेत्र में भय मुक्त समाज, लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एवं सरकार की प्राथमिकता को जिन आते हुए कार्य करने की बात कही।

उपस्थित बीट उप निरीक्षकों व पुलिस कर्मियों को छोटी सी छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच कर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इसमें हेड मोहनी उमेश यादव उप निरीक्षक सुनील कुमार श्री कृष्णा गुलाब सिंह धर्मेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# कानपुर में पुराने ऐतिहासिक मंदिर ढूंढने का काम जारी

● -महापौर के पास है 125 पुराने मंदिरों की लिस्ट, इसमें कुछ ढूंढे जा चुके हैं। वाकी मंदिरों के ढूंढने का क्रम जारी।

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** महापौर प्रमिला पांडे फिर एक बार मंदिरों की तलाश में सड़कों पर उतर आई हैं कानपुर के अनवरगंज थाने क्षेत्र के डिप्टी पड़ाओ में महापौर प्रमिला पांडे ने भूले बिसरे मंदिरों के अभियान में कई मंदिर और खोज निकाले हैं,जो कि समय की धूल में कही खो गए थे। महापौर का यह अभियान पिछले एक माह से बदस्तूर जारी है इस अभियान में कानपुर का प्रशासन और क्षेत्रीय जनता पूरा सहयोग कर रही है। भारी पुलिस फोर्स कई कंपनी पीएसी की आमद देखकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया महापौर ने बताया 125 मंदिरों की सूची उनके पास में है कुछ खोजे जा चुके है और बाकी की तलाश जारी रहेगी।ओर मुस्लिम वर्ग का पूरा सहयोग मिल रहा है। महापौर के साथ चल रहे एडीसीपी एलआईयू राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि सभी धर्मों का सम्मान प्रशासन की प्राथमिकता है कि कानपुर शहर में मुस्लिम बहुल इलाकों में स्थित जर्जर और उपेक्षित मंदिरों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को एक बड़ी सफलता मिली है। नगर निगम कानपुर ने अपनी बैठक में 125 प्राचीन मंदिरों की सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद नगर निगम अब इन मंदिरों को उनके मूल स्वरूप में बहाल करेगा और सौंदर्यीकरण का कार्य भी सुनिश्चित करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह निर्णय सनातन संस्कृति और धार्मिक स्थलों की रक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है महापौर और पार्षदों का आभार सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति ने इस पहल





के लिए नगर निगम की महापौर प्रमिला पांडेय (अम्मा जी) और समस्त पार्षदों का आभार प्रकट किया है। समिति के प्रदेश महामंत्री प्रेम दीक्षित गोपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर द्विवेदी, और जिला अध्यक्ष उमेश तिवारी ने इस प्रस्ताव को पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया।125 प्राचीन मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार नगर निगम द्वारा खोजे गए ये मंदिर अब न केवल उनकी जर्जर स्थिति से बाहर आएंगे, बल्कि इनका सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। यह पहल इन मंदिरों के अस्तित्व को पुनर्जीवित करेगी और क्षेत्र में सनातन संस्कृति को मजबूत बनाएगी धर्मप्रेमियों के लिए प्रेरणा सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति ने इसे धर्म प्रेमी नागरिकों के लिए प्रेरणादायक बताया है। समिति ने आश्वासन दिया है कि वह अपनी प्रतिबद्धता के साथ भविष्य में भी मंदिरों के संरक्षण और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य करती रहेगी।

## खेत देखने जा रहे किसान को पिकअप ने रौंदा, मौत

**चित्रकूट** –मामूली बारिश के बाद साइकिल लेकर घर से अपने खेत देखने जा रहे किसान को तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही किसान की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतकूप थाना क्षेत्र के महादेवन रसिन गांव के निवासी शिवचरण पटेल (65) पुत्र रुद्र प्रसाद रविवार को बारिश होने के बाद अपने खेत देखने के लिए साइकिल लेकर घर से निकले थे। इस दौरान रास्ते में फ्तेह गंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप भार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे भरतकूप थाना प्रभारी प्रवीण सिंह दुर्घटना को अंजाम देने वाली गाड़ी को कब्जे में ले लिया और शिवचरण को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। यहां परिजनों ने बताया कि मृतक के एक पुत्र लवकुश पटेल है, जो गांव में पिता के साथ खेती करता था। घटना के बाद से मृतक की पत्नी कमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## हर घर कैमरा अभियान के तहत रेउना में कैमरों की स्थापना

**ग्राम प्रधान के प्रयासों से लगा सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा की दृष्टि से मिलेगा लाभ**



**कानपुर।** नगर पुलिस कमिश्नरेट के द्वारा संचालित त्रिनेत्र एप/हर घर कैमरा अभियान के अंतर्गत आज ग्राम इस्माइलपुर में रामकृष्ण (पुत्र स्व. शीतल प्रसाद) के आवास पर चार सी प्लस कंपनी के सीसीटीवी कैमरों की सफलतापूर्वक स्थापना की गई। कैमरों की इंस्टॉलेशन का कार्य अमितेज सचान द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें ग्राम प्रधान इस्माइलपुर - महेंद्र सचान, ग्राम प्रधान बारादौलतपुर - कृष्णचंद्र सचान, पूर्व ग्राम प्रधान बारादौलतपुर - पप्पू सचान यह अभियान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए, अभियान को सफल बनाने के लिए हर घर में कैमरे लगाने की अपील की गई है।

## विद्यार्थी परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

**चित्रकूट** -अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चित्रकूट-कानपुर प्रांत के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन मंत्री रामजी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह एक बहुत बड़े अर्थशास्त्री थे। जिन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को गहरे संकट से निकालकर एक नई राह पकड़ाई थी। जिनकी वजह से देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई। डॉ मनमोहन सिंह का देश के विकास में सराहनीय योगदान है। डॉ मनमोहन सिंह वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के पद पर रहकर देश की सेवा की थी। 1991 से राज्यसभा के सदस्य रहे डॉ मनमोहन सिंह ने दो बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा की। इस मौके पर जिला संयोजक तेज प्रकाश, जिला सहसंयोजक कमल, तहसील संयोजक नितेश, सोशल मीडिया संयोजक सत्या, दुर्गेश, विपिन, उज्जवल, आलोक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आवारा कुत्तों ने मासूम के साथ महिला को काटा

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी इलाके के एलमपुर में पागल हुए आवारा कुत्ते ने मासूम सहित एक महिला को काट लिया। मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। क्षेत्रीय लोगों ने घटना को देखते ही पागल कुत्ते को डंडों से पीट कर भगाया। जिसके उपरांत परिजन दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मलखान सिंह लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों के द्वारा दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार दिया है। इधर परिवार का कहना है कि लगातार आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है और वह आए दिन किसी न किसी को काटकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन इस ओर प्रशासन की कोई नजर नहीं है और इसी कारण आवारा कुत्ते दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं और घटनाओं को अंजाम देते जा रहे हैं।

## गुमशुदा बच्ची को पुलिस किया चंद घण्टों में तलाश



**अलीगढ़।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना मडराक पुलिस टीम ने चार वर्षीय गुमशुदा बच्ची को चंद घण्टों में तलाश कर परिजनों को सुपुर्द कर परिवार की खुशियाँ लौटाई। एक चार वर्षीय बच्ची अपने घर पड़ियावली से निकट की दुकान पर कुछ सामान लेने के लिए गई थी, दुकान के पास जाकर रास्ता भटक गई जिसके सम्बन्ध में बच्ची के परिजनों ने थाना पर सूचना दी गई ।जनपद में गुमशदा बच्चों की तलाश, शीघ्र बरामदगी एवं रास्ता भटके हुए बच्चों को परिजनों से मिलाने हेतु चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान"के अनुक्रम में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इगलास के पर्यवेक्षण में थाना मडराक पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं सजगता दिखाते हुए कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयास से आस-पास के इलाकों, गली -मौहल्लों में बच्ची की तलाश करते हुये 2 घण्टे के अन्दर बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया । परिजनों द्वारा अपने बच्ची को सकुशल पाकर अलीगढ़ पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई ।

# पनकी पुलिस ने चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक थाना पनकी कानपुर नगर के नेतृत्व में पनकी पुलिस फोर्स उपनिरीक्षक यूटी महेश सरोज, उपनिरीक्षक यूटी अमित सिंह, उपनिरीक्षक यूटी सत्यम मौर्या, उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह, उपनिरीक्षक अजय कुमार व कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह द्वारा आज लड़ाई झगड़े में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कमिश्नरेट पुलिस ने बताया कि को अभियुक्त हिमांशु पांडे पुत्र स्वर्गीय राज कुमार पांडे निवासी रतनपुर कॉलोनी थाना पनकी कानपुर नगर उम्र 29 वर्ष, विनय निगम उर्फ प्रियांशु पुत्र रमेश चन्द्र निगम निवासी पवन टैंट हाउस पनकी धाम रेलवे स्टेशन के पास थाना पनकी कानपुर नगर उम्र करीब22 वर्ष, अरूण कटियार पुत्र



छोटे कटियार निवासी पनकी कटरा थाना पनकी, रवि कश्यप पुत्र कमलेश कश्यप मूल निवासी आलमपुर खेड़ा मलगांव थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात, अभिषेक सोनी पुत्र प्रमोद सोनी निवासी दादा नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर उम्र करीब 22 वर्ष चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों पर धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई है।

# कानपुर में भाजपा नेताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

● -राजनीति से हटकर जन भावनाओं से प्रेरित होते हैं एपिसोड- प्रकाश पाल

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 117वें एपिसोड को भाजपा दक्षिण के सभी बूथों पर रविवार को बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना गया।क्षेत्रीय एवं जिलाध्यक्ष ने बूथ 7 पर उक्त एपिसोड को एलईडी टीवी पर देखा व सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो पर प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में सबसे पहले देशवासियों को नववर्ष की बधाई दी और कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने हमे जो संविधान सौंपा है वो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। 26 जनवरी 2025 को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं ।यह हम





सभी के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷राज कपूर जी ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया। रफी साहब की आवाज में वो जादू था जो हर दिल को छू जाता था।

एपिसोड के पश्चात भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि मोदी जी द्वारा मन की बात एपिसोड मे लगातार उन मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा की जाती है जिनका देश हर दिन सामना करता है।राजनीति से अलग हटकर ये कार्यक्रम जनभावनाओं से प्रेरित होते है।भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि पीएम मोदी एपिसोड के जरिए भारत के करोड़ों लोगों से जुडते हैं। प्रमुख रूप से पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष बालचंद्र मिश्र,पार्षद नवीन पंडित, सुनील नारंग, प्रकाश वीर आर्य, गुरविंदर सिंह गप्पी, राजिंदर सिंह, राजीव अवस्थी, अरुण कुमार बाजपेयी, आदि रहे।

# भाजपा ने नेताओं ने सुनीं पीएम मोदी की मन की बात

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** –भाजपा नेताओं ने रविवार को जिले के सभी मंडलों के बूथों में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 117वां संस्करण सुना। इस दौरान लोगों भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। भरतकूप मंडल के बूथ संख्या 340 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के उन्नयन के लिए दृढसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। नए उत्तर प्रदेश में नौजवानों को नई पहचान मिल रही है। प्रदेश में 1.60 लाख से अधिक युवाओं को शिक्षा विभाग में नियुक्ति मिल चुकी है। पूर्व सांसद आर के



सिंह पटेल ने कहा कि मलेरिया की बीमारी 4000 वर्षों से मानवता के लिए बड़ी चुनौती रही है। आजादी के समय भी यह हमारी सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी, किंतु पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में इस चुनौती का दृढ़ता से मुकाबला किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों में और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत की कमी आई है। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश के भीतर बेहतर कानून व्यवस्था के कारण सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है। प्रदेश में निवेश होने से रोजगार सृजित हो रहे है। प्रदेश में बेरोजगारी दर घटकर 2.4 प्रतिशत हो गई है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अर्जुन शुक्ला, शिवशंकर सिंह, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया मुन्ना, बृजेश पाण्डेय, भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# डीसीपी सेंट्रल ने प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी लगवाने के दिये निर्देश





● -नववर्ष के मद्देनजर सुरक्षा दृष्टि से होटल क्लब संचालकों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 29.12.2024 को सेन्ट्रल जोन कार्यालय पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियानों जैसे विवेचना निस्तारण, निरोधात्मक कार्यवाही, और ई-चालान की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, नव वर्ष 2025 के मद्देनजर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जोन के सभी होटल, क्लब संचालकों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिन चौराहों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित नहीं हैं, वहां जल्द से जल्द कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। गोष्ठी में सेन्ट्रल जोन के अपर पुलिस उपायुक्त और सभी सहायक पुलिस आयुक्त भी उपस्थित रहे।

# संगोष्ठी कर किसानों को औषधीय खेती करने के लिए किया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट-** आरोग्य भारती चित्रकूट व छत्रपति साहू महाराज कृषि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित उद्यमिता जागरूकता का कार्यक्रम सुगंध सुरस विकास केंद्र कानपुर के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में सुरस विकास बोर्ड कानपुर के भक्ति विजय शुक्ला ने हुए बताया कि किसानों अपने खेतों में वन औषधि व सुगंधित पौधों की खेती कर अपनी आय को दोगुना कर सकते है। कानपुर के प्रांतीय वन औषधि आयाम प्रमुख उजागर सिंह ने हरिशंकरी वाटिका व औषधीय गार्डन वाटिका के गुणधर्म, उपयोग व वन औषधि के लौकिक व पारलौकिक महत्व को बताया। प्रांतीय सदस्य रमाकांत, डॉ सुधा सिंह और



बैजनाथ ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम और स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की संरचना की गई है। बताया कि आरोग्य भारती का कार्य 28 प्रांतों में चल रहा है और देश में आरोग्यता प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि आरोग्य भारती व वन औषधि सुरस विकास बोर्ड ऐसे कार्यक्रमों से कृषकों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। जिससे किसान अधिक से अधिक इसका लाभ ले सकेंगे। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय के प्रबंधक व आरोग्य भारती के संरक्षक हरिशंकर, जिला सचिव प्रांतीय सदस्य मधुमेह प्रबंधन प्रमुख डॉ बैजनाथ, महर्षि वाल्मीक एफ्पीओ के अध्यक्ष नाथू पटेल, वन औषधि आयाम के जिला संयोजक विनोद पांडेय, वैद्य रामहरि रैकवार आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवियों के सहयोग से दुरौली में कंबल वितरण कार्यक्रम संपन्न





● -कड़ाके की ठंड में कंबल पाकर जरूरत मंदों ने की समाजसेवियों की प्रशंसा

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना रेऊना के अंतर्गत ग्राम दुरौली में आज समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर और वृद्ध व्यक्तियों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर 200 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान देहली और ग्राम प्रधान कोरो ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समाज सेवा संगठन के सक्रिय सदस्य करुणेश तिवारी ने इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए संगठन की सेवाओं और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। गांव के लोगों ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और समाज सेवा संगठन की इस पहल को सराहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उपस्थित लोगों ने समाज सेवा संगठन के इस प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसी पहल की आशा व्यक्त की।

# अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न

● -अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का इतिहास गौरवशाली - प्रदेश महासचिव यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के द्वारा प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन साकेत नगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुआ। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अशोक यादव के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि उदय प्रताप यादव का स्वागत प्रदेश महासचिव यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने माल्यार्पण कर किया। सम्मेलन में बिहार से आए उपाध्यक्ष गोरेलाल झारखंड से आए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीताम्बर हरियाणा से आए केपी यादव सहित आए पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगराम सिंह यादव ने कहा की महासभा



के द्वारा भारत के अन्य प्रान्तों जहां जाति के स्थान पर यादव की जगह और कुछ लिखा जाता था वहा महासभा ने इतनी जागरूकता उत्पन्न की गई जिससे कर्नाटक महाराष्ट्र आंध्रप्रदेश उड़ीसा तक यादव जाति के लोग यादव लिखने लगे।

मनोज यादव एवं रामकरण सिंह सहित ज्ञानेन्द्र प्रकाश यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश महासचिव यादवेन्द्र प्रताप सिंह यादव दीपू ने कहा की अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का गौरवशाली इतिहास रहा है हम सभी ने मिलकर उसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया है और आगे भी करते रहेंगे। संचालन सुरेंद्र सिंह यादव बउवा भईया ने किया। मुख्य रूप से प्रदीप यादव राघवेन्द्र यादव अमर बहादुर यादव रमाकांत यादव विकास यादव शिशुपाल सिंह यादव चौधरी सरनाम सिंह यादव पंकज यादव डा उदय प्रताप सिंह यादव रविन्द्र यादव अनिल यादव मुकेश यादव दीपेन्द्र यादव निर्मला यादव प्रभा यादव धर्मेन्द्र यादव प्रवीण यादव सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वाभिमान सम्मेलन में ब्राह्मणों ने दिखाई एकजुटता

● -ब्राह्मणों को पहले ब्राह्मण बनना होगा फिर राजनैतिक दल मे सक्रिय हो तभी ब्राह्मणों का उत्थान सम्भव - राष्ट्रीय अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद कानपुर दक्षिण जिला द्वारा आयोजित ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन आजाद पार्क बर्रा 8 कानपुर मे प्रदेश अध्यक्ष पं कौशल किशोर अवस्थी की अध्यक्षता मे हुआ। सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी के चित्र पर अमिताभ बाजपेयी ने चित्र पर माल्यार्पण किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पं कमल किशोर अवस्थी ने कहा कि ब्राह्मण देश का सदैब नेतृत्व करता रहा है परंतु आज राजनैतिक क्षेत्र मे पिछड़ता जा रहा है उन्होंने ने कहा ब्राह्मणों को पहले ब्राह्मण बनकर अपने समाज के हित के लिए कार्य करना होगा फिर अपनी मनपसंद किसी राजनैतिक दल केलिए काम करना चाहे तो करे। चुनाव आने पर हर राजनैतिक दल ब्राह्मणों का हितैषी बन कर वोट मांगता है और चुनाव हो जाने के बाद ब्राह्मणो से दूरी बना लेता है और ब्राह्मण हित की बात नही करता है इसी कारण ब्राह्मण पिछड़ता जा रहा है। अवस्थी ने कहा कि ब्राह्मणों को राजनैतिक दलों का मोह छोड़ना होगा तभी ब्राह्मणों का विकास और उन्नति होगी। ब्राह्मणों को एक होकर राजनैतिक दलो को अपनी ताकत का ऐहसास कराना होगा। उन्होंने कहा जून 2025 प्रदेश के 48जिलों तथा 6 प्रदेशों मे ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन तथा कानपुर मे जनवरी के अन्तिम सप्ताह मे ब्राह्मण चिकित्सकों का सम्मान आयोजित किये जायेंगे। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए पं अभिताभ बाजपेयी ने कहा कि ब्राह्मणों को एक होना चाहिए तभी अपनी ताकत का एहसास करा सकते है मै ब्राह्मण हित के लिए तत्पर हू और ब्राह्मणों के उत्थान मे सदैव साथ रहूंगा। बैठक को कौशल किशोर अवस्थी जगदीश पाण्डेय संजीव मिश्रा सूर्यकान्त मिश्रा देवेन्द्र दुबे पार्षद डा एके बाजपेयी पार्षद दिनेश पाण्डेय,संजय अवस्थी डा.आर एन द्विवेदी सुरेन्द्र सिह राजपुरोहित डा धर्मेंद्र अवस्थी श्रीमती पुष्पा तिवारी सूर्य प्रकाश बाजपेयी सूर्या राजीव पाण्डेय डा ओपी पाण्डेय डा प्रभात मिश्रा मनीष तिवारी आदि लोगों ने सम्बोधित किया।



## संक्षिप्त ख़बरें

### उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में 77 मतों से राजेश बाबू विजई घोषित


**पीलीभीत** दिनांक 22 दिसंबर 2024 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का दो वार्षिक चुनाव विकासखंड मरौरी के सभागार में नामांकन संपन्न हुआ। जिसमें परमात्मा स्वरूप ब्लॉक मंत्री, जितेंद्र कुमार ब्लॉक कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र बाबू ब्लॉक संगठन मंत्री, हरवंश कुमार ब्लॉक संम्प्रेक्षक पद पर निर्वारोध निर्वाचित हुए, जबकि ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर राजेश बाबू एवं गोपाल ने पर्चे भरे जिसका चुनाव आज दिनांक 29-12-2024 को विकासखंड मरौरी के सभागार में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी रूपलाल के नेतृत्व में हुआ सहायक चुनाव अधिकारी में बली मोहम्मद, शिवकुमार, रामकिशोर रहे पर्यवेक्षक राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष हसमुद्दीन खान मतदान के पश्चात तत्काल मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राजेश बाबू को 109 मत प्राप्त हुए जबकि प्रतिद्वंदी गोपाल को 32 मत प्राप्त हुए। राजेश बाबू 77 मतों से विजय घोषित हुए। मतगणना के समय उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष देवेश राठौर, जिला संगठन मंत्री दिनेश भारती, जिला संप्रेक्षक माजिद अली, जिला सलाहकार मंत्री रामनिवास, जिला उपाध्यक्ष अमित कश्यप, कलामचंद, जिला मंत्री हाशिम नाज, कुंवर बहादुर मौर्य, दीपचंद, मीडिया प्रभारी वाहिद अली के द्वारा समस्त पदाधिकारी को जीत की हार्दिक बधाई दी गई।

### चिराग़ फाउंडेशन ने कम्बल व स्वेटर का किया वितरण



**बांदा।** विगत अन्य वर्षों की भाँति चिराग़ फाउंडेशन महिला कल्याण संगठन के द्वारा कम्बल, स्वेटर, शॉल और नवजात शिशुओं के ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम ज़िला महिला अस्पताल और गायत्री नगर से प्रारंभ हुआ। संरक्षक चिराग़ फाउंडेशन सह संरक्षक अकील अहमद खान, डॉक्टर मोहम्मद रफीक, अध्यक्ष डॉक्टर शबाना रफीक ,प्रबंधक डॉक्टर सबीहा रहमानी के सौजन्य से जिला महिला अस्पताल और गायत्री नगर में महिलाओं और बच्चों को वस्त्र सामग्री और कम्बल वितरित किए गए । इस अवसर पर जिला महिला अस्पताल से डॉक्टर चारु गौतम, डॉक्टर नम्रा, डॉक्टर अनिल ने कम्बल वितरण में सहयोग किया । इस अवसर पर डॉक्टर सदफ खान प्रेसीडेंट डूडानी ग्रुप, आगाज़ संस्था की अध्यक्ष और चिराग़फाउंडेशन की अधिशाषी सदस्य उपस्थित रहीं । अगला चरण कम्बल वितरण का 31 दिसंबर को और नये वर्ष में 1 जनवरी को हरदौल तह्लैया एवं अन्य जगह में किया जायेगा । इस कम्बल वितरण कार्यक्रम में विशेष भागीदार और आर्थिक सहयोग किया डॉक्टर सोहेब रफीक, डॉक्टर हिना रफीक, डॉक्टर सायमा, डॉक्टर सदफ खान, प्रियंका यादव रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में दो सौ रोगियों का हुआ उपचार





**नरैनी/बांदा।** निःशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सको ने लगभग 200 रोगियों का उपचार कर दवाओं का वितरण किया । स्वास्थ शिविर का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा ने फीता काटकर किया । कालिंजर में गायत्री परिवार द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसके उदघाटन विधायक ओम मणि वर्मा ने किया । इस शिविर में तंबाकू, गुटका ,शराब किसी प्रकार के नशा के रोगियों व बच्चों के मानसिक विकार की जांच व उपचार आईटी हर्निया, अपेंडिक्स, हाइड्रोसील ,पाइल्स, फिशर ,थायराइड, पेट के रोगों नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित किया गया आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा आयुर्वेदिक औषधियां से समस्त रोगों की दवाई निशुल्क वितरण की गई। शिविर में जिले के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा. एसपी गुप्ता, डा. आलोक गुप्ता,डा. प्रतीक्षा गुप्ता द्वारा रोगियों की जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाएं बांटी। इस शिविर में दमा, एलर्जी, चर्म, वात पेट, शुगर रोगियों की संख्या अधिक रही।डा. श्याम सिंह और विमल किशोर गुप्ता ने व्यवस्थाएं संभाली।


# गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को अहिंसा, करुणा और दया का पाठ पढ़ाया था- सांसद

**● जनपद स्थापना दिवस के 36 वें वर्षगांठ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात







**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्थापना दिवस के 36वें वर्षगाठ के अवसर पर रविवार की सुबह साड़ी तिराहा पर बुद्ध की प्रतिमा के चरणो पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित किया गया तथा उनके साथ सहयोगी अधिकारियों द्वारा भी पुष्प अर्पित किया गया। इसी क्रम में सिद्धार्थ चौराहे, बर्डपुर स्थित तिराहे पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के चरणो में पुष्प अर्पित किया गया। बर्डपुर में एन.सी.सी.कैडेट द्वारा सलामी दी गयी। अलीगढ़वा स्थित कपिलवस्तु स्तूप पर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्तूप का पूजन किया गया तथा स्तूप की परिक्रमा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मा0 सांसद जगदम्बिका पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विधायक तथा जिलाध्यक्ष भाजपा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पीडी डीआरडीए द्वारा रामकुमार उर्फ चिन्कू यादव को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कपिलवस्तु स्तूप पूजन के पश्चात शिवपति इन्टर कालेज की छात्राओ द्वारा स्वागत गीत तथा कपिलवस्तु गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य सांसद जगदम्बिका पाल ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि तथागत गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था। इसी नाम से इस जनपद का नाम सिद्धार्थनगर पड़ा। आज जनपद स्थापना के 36 वर्ष हो गये है। महात्मा गौतम बुद्ध का बाल्यकाल का जीवन कपिलवस्तु में व्यतीत हुआ था। गौतम बुद्ध ने पूरे विश्व को अंहिसा, करूणा और दया का पाठ पढ़ाया। हम जब भी जनपद का स्थापना दिवस मनाते है इस जनपद का सृजन 29 दिसम्बर 1988 को बस्ती से कटकर बना है। उस समय मैं बस्ती मे विधायक था। यहां आने में बड़ी कठिनाई होती थी। उस समय मैने पं नारायण दत्त तिवारी के सानिध्य में जनपद का सृजन हुआ। जनपद के सृजन के बाद 2009 में मै सांसद बना तब से अनवरत सेवा करने का अवसर मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा 24 करोड़ की लागत से विपाशना केन्द्र की स्थापना कराया जा रहा है। इस्लाम धर्म में मक्का मदीना पवित्र स्थल है और बौद्ध धर्म के लिए चारो धाम यही है। 10 करोंड़ की लागत से थीम पार्क का निर्माण हो रहा है। बोधगया, सारनाथ, कुशीनगर श्रावस्ती की तरह इसका भी विकास होगा। इसके विकास के लिए आज हम संकल्प लेते है हमे जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 के नेतृत्व में जनपद के विकास किया जायेगा। इसके लिए मैं 500 करोड़ की विकास योजनाओं की स्वीकृति लेकर पर्यटन मंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री को यहां लाकर शिलान्यास करायेंगे। जनपद सिद्धार्थनगर के ओडीओपी के अन्तर्गत काला नमक चावल को मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया है। आज कपिलवस्तु नगर पंचायत के अन्तर्गत नमो योग मुद्रा का लोकार्पण किया गया है। कार्यक्रम को विधायक श्याम धनी राही , जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने संबोधित किया

जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने जनपद स्थापना के 36वां वर्षगाठ के अवसर पर उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जनपद स्थापना के 36वां वर्षगाठ के अवसर पर जनपद स्थापना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा भन्तेगणो को कम्बल वितरण मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन तथा सहयोगी अधिकारियों द्वारा कम्बल का वितरण कराया गया। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियो, कर्मचारियों, प्रतिनिधियों तथा जनता का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीतेश पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, एस0पी0अग्रवाल, मुमताज अहमद, रामकुमार उर्फ चिन्कू यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, पी.डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी न0प0 कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह ने महाकुंभ एवं संविधान के विषय में की विशेष चर्चा

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज रायबरेली।** मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह ने मंडल महराजगंज के बूथ संख्या 294 पर बूथ के लोगो के साथ सुनी जिसमे जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह ने मीडिया को बताया कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री जी सीधे देश वाशियों के साथ जुड़ते है और मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी ने कहा 2025 में 26 जनवरी को संविधान लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे है, ये हम सबके लिए बहुत गौरव की बात है, संविधान हमारा मार्गदर्शक है। प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि ÷महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश÷। गँगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा।। इस महाकुंभ में ढ्ढ चैटबाट के माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में सवांद स्थापित किया जा सकता है। ‘चङ्मक्क भारत है हम एनीमेशन के साथ साथ खेल और फिटनेश संडे आन साईकल की बात कहते हुए छत्तीसगढ़ के बस्तर में हो रहे बस्तर ओलिम्पिक की भी सराहना की खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर। ड्ढ्डह्र की रिपोर्ट भारत मे 2015 से 2023 के बीच भारत मे मलेरिया से होने वाली मौतों में 80त्न की कमी आयी है जो छोटी उपलब्धि नही है क्योकि मलेरिया बहुत बड़ी चुनौती थी। आज कैंसर के इलाज में भी भारत को बड़ी सफलता मिली है कैंसर के मरीजों के इलाज में आयुष्मान कार्ड बड़ी भूमिका निभा रहा है आगे जिला उपाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी ने ओडिशा के काला हांडी की चर्चा करते हुए कहा कि वहाँ के लोगो ने जो नई सब्जी क्रांति लायी है निश्चित ही बहुत ही सराहनीय है। इनसे साफ होता है कि दृढ़ संकल्प और सामूहिक प्रयास से सफलता निश्चित है।। इस अवसर पर प्रधान डब्बू सिंह, पूर्व प्रधान मथुरा पासी, सुरेंद्र शर्मा, राम प्रकाश पासीङ्खस्त्र ,जगत वर्मा, रिंकू पांडेय, तीरथ प्रजापति, रामकुमार वर्मा, रमेश मौर्य, राजन मौर्य, शिव बालक गुप्ता, मोहम्मद इद्रीस, रामतीरथ पासी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रवक्ता व समाज सेविका रिजवाना जमीर का हुआ निधन,शोक की लहर

**● शिक्षकों,अधिवक्ताओ सभी ने रिजवाना जमीर को दी विनम्र श्रद्धांजलि।**

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवा (सीतापुर)** प्रमुख समाज सेवी चिकित्सक डॉ.शकील अहमद की बड़ी बहन कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कालेज बिसवा की पूर्व प्रवक्ता व समाज सेविका श्रीमती रिजवाना जमीर उम्र लगभग 74 वर्ष का लंबी बीमारी के चलते हुआ निधन। श्रीमती रिजवाना जमीर के निधन का समाचार सुनते ही शिक्षा जगत,डाक्टर,अधिवक्ताओं, समाज सेवी संगठन के प्रमुख जनों,राजनैतिक दलों के जन प्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व प्रवक्ता रिजवाना जमीर के निधन पर सांसद राकेश राठौर,पूर्व सांसद राजेश वर्मा,विधायक निर्मल वर्मा,पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव,अजीत मेहरोत्रा,वरिष्ठ भाजपा नेता महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी,पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी,डॉ के जी मिश्रा, डॉ.विजय कुमार श्रीवास्तव,डॉ.एस के अवस्थी,डॉ ए ए फ़ारुकी,डॉ कैलाश चंद्रा,डॉ.सुमित मेहरोत्रा,डॉ किरण तिवारी, श्रीमती उषा अवस्थी,राज शर्मा, रसिक बिहारी गुप्त,अमर मेहरोत्रा,सुरेंद्र पाल सिंह, पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेयी, श्रीमती रेनु मेहरोत्रा, श्रीमती सबा शकील, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन पांडेय, सीमा रस्तोगी,उमा गुप्त, सीमा शुक्ला, अशोक वर्मा, राज किशोर यादव, ब्रजेश नारायण गुप्त, दिनेश श्रीवास्तव,



सूर्य प्रसाद यादव, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, नीरज श्रीवास्तव, संतोष कठेरिया, नावेद सिद्दीकी, प्रमोद श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, अरुन श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, के के वैश्य, जितेंद्र भार्गव, कैलाश श्रीवास्तव, जितेंद्र मिश्रा, अधिवक्ताओ सहित अहसंन ज़मीर, अनस ज़मीर, अहद ज़मीर, अर्शद ज़मीर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बांदा।** युवक ने कमरे के अंदर छत के छल्ले पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली ।शव देखते ही घर वालों में कोहराम मच गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।बबेरू कस्बे के राघव थोक निवासी राहुल 20 पुत्र कमलेश धुरिया ने शनिवार की रात कमरे के अंदर छत के छल्ले पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद काम करने के बाद घर लौटी बड़ी बहन रजनी ने उसका शव फंदे पर लटका देखा तो चीख पड़ी।शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मृतक की बहन रजनी ने बताया कि राहुल दो भाइयों में छोटा था।वह घर पर ही रहता था। बचपन में ही उसकी माता-पिता की मौत हो चुकी है ।रजनी मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करती है। घटना का अंजाम देने से पहले राहुल ने उससे समोसे मांगे थे। जो काम करके वापस लौटी देखा ।तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। घटना का कारण अज्ञात है।

# बाघ के शिकार को लगाया फंदा, चीतल का शव और मोरनी का फूटा मिला अंडा, मुकदमा दर्ज

**● वनकर्मियों को देख भागे मैनाकोट के शिकारी, कुचला मिला मोर का अंडा**

स्वतंत्र प्रभात

**पीलीभीत।** जंगल में कई शिकारी बाघ और तेंदुआ के शिकार के उद्देश्य से फंदा लगाकर हत्या का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान वनकर्मी गश्त पर पहुंचे। जिन्हें देख सभी शिकारी भागने लगे। वन कर्मियों ने शिकारियों की शिनाख्त कर ली। जिनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि मौके पर चीतल का शव और मोर का कुचला हुआ अंडा भी मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन दरोगा सुरेंद्र गौतम 23 दिसंबर लगभग 6 बजे वह साथी वनकर्मियों के साथ मैनाकोट की जंगल की बाउंड्री पर पैदल गश्त कर रहे थे। बताया जाता है कि तभी सागर ताल के पास कुछ दूरी पर जंगल के अंदर से कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दी। आगे बढ़कर देखा तो पांच व्यक्ति अलग में भाग रहे थे। स्टाफ ने घेराबंदी कर छा किया तो अंधेरा और झाड़ियां का ठाकर सभी भागने में सफल रहे।

वनकर्मियों ने भागने वालों की पहचान मैनाकोट निवासी कंधईलाल पुत्र गंगाराम, कांता प्रसाद सेवाराम, थंवन व छत्रपाल पुत्रगण भगवंत शरण और एक अज्ञात के रूप में की है। घटनास्थल पर पेड़ के पास झाड़ियां कटी हुई थी। नीचे लोहे तार के फंदे मिले। कार्विंग करने के दौरान कुछ दूरी पर चीतल का शव मिला। उसके कुछ दूरी पर मोर का अंडा भी कुचला पड़ा था। वन दरोगा ने बताया सभी शिकारी कोर जोन एरिया में बाघ तेंदुआ के शिकार के उद्देश्य फंदा लगातार हत्या का प्रयास कर रहे थे। इसमें कंधईलाल का पुराना आपराधिक इतिहास है और बाघ के शिकार में नामजद भी रह चुका है। मामले में पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# आइलेट्स संचालक से मांगी रंगदारी, बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी सिद्धू, रिंदा और बागी पर मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

**पूरनपुर, पीलीभीत।** बब्बर खालसा अंतर्राष्ट्रीय आतंकी द्वारा आईलेट्स संचालक से मोबाइल कॉल कर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी। यही नही आतंकियों द्वारा आईलेट्स संचालक को गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी। ज्ञात हो कि दिनांक- 28 दिसंबर 24 को थाना पूरनपुर पर आईलेट्स संचालक ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया 7 सितंबर 2024 को रात्रि करीब 9 बजे उनके मोबाइल पर दो अज्ञात लोगों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय यूरोप नम्बर से सिद्धू नामक व्यक्ति का कॉल आया। उसके बाद रिहंदा (पाकिस्तान) का कॉल आया। कॉल में सिद्धू ने शिकायतकर्ता का नाम लेते हुए कहा कि तुम्हारे बारे में बहुत जानकारी मिल चुकी है। मुझे 10 लाख रुपये दे दो, नहीं तो तुम्हे गोलियों से भून दिया जायेगा। हम बब्बर खालसा के सदस्य है। शिकायतकर्ता ने यह भी जानकारी दी कि माह में जब वह लन्दन में था, तब भी जी नम्बर पर सिद्धू ने कॉल कर / था। इसके बाद 6 दिसंबर 2024 को समय करीब रात्रि 1 बजे फतेह सिंह बागी नाम से अन्तर्राष्ट्रीय नम्बर से भी धमकी भरा फोन आ था। इस सम्बंध में थाना पूरनपुर पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुये प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 534/2024 धारा 352/308 (5)/351(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। बताया जाता है कि अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## आर.सी.एल कंपनी के एमडी व बेटे पर यौन उत्पीड़न सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

**● शाहजहांपुर जनपद में कंस्ट्रक्शन का काम कर रही है राज कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी**

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जनपद में काफी दिनों से कंस्ट्रक्शन का काम कर रही राज कॉरपोरेशन लिमिटेड (आर.सी एल) कंपनी के एचडी मनोज कुमार यादव और उनके बेटे पर कंपनी की महिला कर्मचारियों ने अश्लील हरकतें करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है जनपद के थाना कांट में महिला द्वारा मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया गया है कि एम,डी मनोज यादव ने उसे एक होटल में बुलाया था और नहीं जाने पर रात भर उसके व्हाट्सएप पर पोर्न वीडियो भेजे जब इसकी शिकायत उसने एमडी के बेटे से की तो उसने पीड़ित महिला कर्मचारी को रिजाइन देकर चुपचाप घर चले जाने को कहा और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी फिलहाल पुलिस ने इस मामले में एमडी और उनके पुत्र पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है कंपनी के जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों की दबंगई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की कंपनी के अधिकारी तमाम ठेकेदारों का काम करने के बाद पेमेंट न करने के मामले में चर्चा में बने रहते हैं ,

अब देखना होगा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस महिला को न्याय दिलाएगी या फिर लंबी पहुंच रखने वाले कंपनी के एमडी महिला की आवाज दबाने में कामयाब होंगे जैसे अपना पेमेंट पाने के लिए पेटी ठेकेदार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे है।

# भरोसा हो तो कृष्ण और सुदामा जैसा: आचार्य नवलेश

**● श्रीमद भागवत कथा का सातवां दिन**

स्वतंत्र प्रभात



**बांदा।** बामदेव ऋषि की तपोभूमि बांदा शहर के मंगलम मैरिज गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सांतवे दिन मे आचार्य नवलेश महाराज ने श्रोताओं को समझाते हुए यह बताया कि भरोसा हो तो कृष्ण और सुदामा की तरह। एक ही गुरु के दोनों शिष्य थे बालसखा थे और भरोसेमंद थे। जो लोग यह जानते हैं की भक्त सुदामा दरिद्र थे उनकी जानकारी गलत है सुदामा जी दरिद्र नहीं थे निर्धन थे। भागवत की कथा महिमा में यदि विवेक साथ ना दे तो हम सही अर्थ नहीं समझ सकते इसलिए आवश्यक है की अर्थ को ज्ञान से न जोड़ कर देखें। ऐसा जिस दिन हम अपने मन में विचार कर लेंगे उसी दिन सुदामा का सही मूल्यांकन कर सकते हैं जो स्वयं ब्रह्म का मित्र हो वह दरिद्र कैसे हो सकता है। भक्त और ज्ञान परंपरा में सुदामा बहुत अग्रणी है।

श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भागवत रन कथा व्यास नवलेश दीक्षित जी ने श्रोताओं को यह बताया कि जीवन में सुख और दुख एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। सुख की घड़ी में व्यक्ति भगवान को भूल जाता है यदि भगवान को याद रखना है तो परिस्थितियों में दुख का होना अति आवश्यक है यही तो आपके जीवन की कसौटी है। यह वह मानक है जो आपके भीतर भक्त होने का प्रमाण देता है इसलिए घबराना नहीं चाहिए इसको भी जीवन का यह एक रंग समझ कर रंग जाना चाहिए और उसे अच्छे से जी लेना चाहिए। कथा महत्व में नाम की महिमा का उल्लेख करते हुए महाराज श्री ने बताया कि भगवान में भगवान के लिए नाम की बड़ी महिमा है नाम जब से वेद द्रवित होते हैं यहां तक की भक्ति के अधीन हो जाते हैं उन्हें यदि अपने वश में करना है तो उनके नाम का जाप करना ही सर्वोत्तम उपाय है और कलयुग में तो सबसे श्रेष्ठतम उपाय में से एक है नाम जाप करना। श्रीमद् भागवत कथा के अनेक प्रसंगों का आचार्य नवलेश जी महाराज ने बड़ा ही मार्मिक व्याख्यान दिया और श्रोताओं को भाव विभोर करने पर विवश कर दिया। उनका कहना था कि यही कथा की विशेषता है एक लाइन पर तो समूचा पंडाल ही झूम उठा की करुणा करके करुणा निधि रो ये।मंगलम मैरिज गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य आयोजक श्री जितेंद्र शर्मा उनकी सहधर्मिणी अंकित शर्मा उर्फ बल्ली हैं। धार्मिक भावनाओं के भाव से परिपूर्ण यह जोड़ी अपने माता-पिता मेवाराम को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोता आते हैं। भजनों की शानदार प्रस्तुति पर लोग खूब झूमती भी हैं और ज्यादातर लोगों का यह कहना है कि इस कलिकाल में जीवन संवारने का यह सबसे उत्तम रास्ता है। कथा विश्राम मे पधारे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, विक्की अग्रवाल संजय अग्रवाल डाक्टर सीताराम राजीव अग्रवाल यह सभी अतिथिगण उपस्थित रहे। भगवान की मंगल आरती और दिव्य प्रसाद का वितरण किया गया।

## भाजपा का दर्शन, सिद्धांत एवं वैचारिक अधिष्ठान का आग्रह लोगों तक पहुंचे: सांसद

**● प्रदेश महामंत्री ने पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात





**बांदा।** संगठन महापर्व के अंतर्गत होने वाले मंडल अध्यक्ष व जिला अध्यक्षों के चुनाव को लेकर पार्टी हाईकमान द्वारा बनाए गए जिला पर्यवेक्षक राज्यसभा सांसद तथा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों तथा कोर ग्रुप की बैठक करके सबकी राय जानी। रविवार को उनके बांदा पहुंचते ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने मौर्य का भव्य स्वागत किया। जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर पर्यवेक्षक के रूप में सभी की रायशुमारी करने आए श्री मौर्य ने कोर ग्रुप तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन के विस्तार एवं वैचारिक मजबूती का आधार निष्ठापूर्वक संगठन के चुनाव में अपनाये रखना है। जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना किया जा सके।जिला के पर्यवेक्षक ने कहा कि हमारा प्रयास रहे कि भाजपा का दर्शन, सिद्धांत एवं वैचारिक अधिष्ठान का आग्रह लोगों तक पहुंचे, भाजपा के संविधान के अनुसार, नियमों के तहत, आम सहमति से चुनावों में युवा वर्ग को संगठन विस्तार में अहम भूमिका में लाया जाए। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में एक मात्र भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जो 365 दिन 24 घंटे काम करती है। भाजपा केवल सत्ता प्राप्ति के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो राजनीति के साथ सेवा के लिये भी जानी जाती है।हम राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकार का काम भी करते हैं।संगठन के चुनावों की धुरी मंडल और उसके बाद जिला स्तर पर रहेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह, जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम पांडेय,संतोष गुप्ता, लवलेश सिंह, बालमुकुंद शुक्ला, अखिलेश श्रीवास्तव आदि पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## 68 वर्षीय वृद्ध कमरे में गमछे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भदोही**-सुरियावा दिनांक 29 दिसंबर 2024 को स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा कोछिया निवासी ओम प्रकाश पुत्र स्वर्गीय राजमणि उम्र लगभग 68 वर्ष जो की खपरैल के मकान के अंदर लोहे के रात से फंदा बनाकर लटक कर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना परिवार के सदस्य नितिन कुमार दुबे पुत्र वीरेंद्र कुमार दुबे द्वारा थाना सुरियावा को दिया गया सूचना पाकर हल्का सब इंस्पेक्टर सुरेश यादव मय हमाराह मौके पर पहुंचकरशव कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम हेतु पोस्टमार्टम हाउस ज्ञानपुर भेज दिया तथा अग्रिम विधि कार्यवाही में जुट गए

## रविवार को आयुष्मान स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों का लगा ताता



**भदोही**-जनपद भदोही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गागंज अंतर्गत आज आयुष्मान स्वास्थ्य मेला जो कि रविवार के दिन आयोजित किया जाता है इस मेले में क्षेत्र के गांव और दूर दराज से मरीज आए हुए थे जिनका इलाज डॉक्टर परवेज आलम द्वारा किया गया वही बता दे कि इस मेले में सबसे ज्यादा मरीज बच्चे संबंधित आए थे तो डॉक्टर परवेज आलम ने बताया कि मौसम ठंड का है जिसमें आप अपने बच्चों को गर्म कपड़े व समय-समय पर डायपर चेंज करते रहें जिससे की सीत की समस्या बच्चों में उत्पन्न ना हो इसी दौरान कुछ ग्रामीण भी बोल की रविवार को चलने वाला आरोग्य स्वास्थ्य मेला बहुत ही सराहनी प्रयास है सरकार द्वारा जो कि रविवार के दिन सभी हॉस्पिटल बंद रहते हैं केवल इमरजेंसी ही चलता है इसमें हम इस मेले के माध्यम से ओपीडी का भी इलाज करवाते हैं इस मौके पर उपस्थित डॉक्टर परवेज अलम एल ए इंद्रभूषण पांडे डब्ल्यू बी संजय कुमार सी एच ओ प्रेम फौजदार और कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## सरकारी रोडवेज बस तथा मार्सल में जोर दार टक्कर



**जिगना।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत बिरोही गाँव के सामने मिर्जापुर प्रयागराज मार्ग पर रविवार की सुबह दस बजे बोलेरो व परिवहन निगम की बस की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गये। विनोद कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र अमृत लाल मिश्रपुर निवासी दवा के लिए मीरजापुर जा रहे थे और सरकारी रोडवेज बस मीरजापुर से प्रयागराज की ओ जा रही थी। बस चालक अजय कुमार पांडेय पुत्र उमाकांत पांडेय तथा परिचायक अवधेश कुमार पुत्र राजबली यादव है। अष्टभुजा चौकी मनोज कुमार राय द्वारा दोनों बस तथा मार्सल को कब्जे में लेकर जांच पड़ता किया जा रहा है।

## विन्ध्य फाउण्डेशन ट्रस्ट के द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का किया गया आयोजन



**मीरजापुर।** रविवार को विन्ध्य फाउण्डेशन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित द कस्टम शाम लोहिया तालाब में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक हुआ , जिसमे पापुलर हॉस्पिटल से स्ब्ध डॉ अमरजीत गुप्ता , डॉ रमेश गुप्ता , चिदिशा केयर मैटर्निटी होम से डॉ अदिति जैन ( महिला रोग विशेषज्ञ ) , आईवा हॉस्पिटल से डॉ अरुण मोरया व टीम ने नेत्र परीक्षण किया । लाभांतित सभी लोगो का फ्री ब्लड सुगर, ब्लड फ्रेशर किया गया । कार्यक्रम में विभुन गुप्ता, कृष्णानन्द हैहयवंशी, आशुतोष कुमार, अक्षत गुप्ता, हर्षित वर्मा, गौरव जायसवाल, राहुल चंद जैन,अश्वनी गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# सेमफोर्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव सृजन 2024 बड़े उत्साह के साथ मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**मीरजापुर।** रविवार को सेमफोर्ड स्कूल, बसही, मीरजापुर में वार्षिकोत्सव 'सृजन-2024' बड़े उत्साह और जोश के साथ विद्यालय रूपी माँ सरस्वती के पावन परिसर में मनाया गया। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर संस्कृति एवं सृजन के रंगों की छटा बिखेर दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोहन लाल श्री माली जी, विशिष्ट अतिथि नीलम प्रभात जी, विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरपर्सन्स महेश बरनवाल जी एवं शशिकला बरनवाल जी, प्रबंधक द्वय विवेक बरनवाल जी और शिप्रा बरनवाल जी, प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पाण्डेय जी, हेड कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सिंह जी और उप प्रधानाचार्या रेखा श्रीवास्तव के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद प्रबंधक द्वय द्वारा उपस्थित मंचासीन अतिथियों को बैज, बुके, स्मृतिचिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ नटवाँ शाखा के छोटे-छोटे बच्चों ने गणेश वंदना नृत्य से किया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पांडेय जी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रारम्भ हुआ सांस्कृतिक कार्यकमों का सिलसिला, जिसमें बच्चों ने सर्व प्रथम सुंदर और मनमोहक स्वागत नृत्य एवं गीत के माध्यम से आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। तदोपरान्त प्रबंधक विवेक बरनवाल जी ने आये हुए अतिथियों का स्वागत अपने स्वागत सम्बोधन के माध्यम से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नौनिहालों ने मेश-अप डांस, सोशल मीडिया पर आधारित डांस की प्रस्तुति कर बच्चों ने खूब वाहवाही लूटी। अगली कड़ी में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सृजन पर आधारित हिंदी ड्रामा, क्लासिकल डांस व महिला सशक्तिकरण पर आधारित ड्रामा और नृत्यनाटिका ÷हमारी संस्कृति हमारी विरासत÷ को लोगों ने बहुत सराहा। महाभारत पर आधारित नृत्यनाटिका मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, माइथालॉजिकल मेश-अप डांस, गीत ये चमक ये दमक, सर्जिकल स्ट्राइक, डी-एडिक्शन जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को वर्तमान सामाजिक परिवेश और देश-भक्ति की भावना से जोड़ते हुए सबको तालियों से उत्साहवर्धन करने को मजबूर कर दिया। शैक्षणिक एवं पाठ्यसहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदर्शित नैतिक मूल्यों, आदर्शो की सराहना की गयी और पाठ्यसहगामी उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी तथा बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका को भी निर्दिष्ट किया।

अंत में प्रधानाचार्या नटवाँ शाखा श्वेता मेहरोत्रा खत्री जी ने आये हुए समस्त अतिथियों, प्रतिभागियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर मंजरी खरे, मुदिता खरे, संगीता शर्मा, वाहिदा बानो, सुप्रिया त्रिपाठी, संतोष कुमार, प्रणव दुबे, धीरज केशरवानी समेत विद्यालय परिवार के सभी सदस्य और हजारों अभिभावक उपस्थित थे।

## किसानों को प्याज की रिसर्च व तकनिकी की दी जानकारी



**सीखड़,मीरजापुर।** स्थानीय ब्लॉक के ग्राम बगहां में राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान देवरिया के तत्वाधान एवं जिला उधान अधिकारी मिर्जापुर के द्वारा किसानों को बीज के बारे में जानकारी देते हुए,ग्राम बगहां में अपस्थित होकर किसानों को प्रजाति .ष्ठ.ऋएवं रु883 प्रजाति को प्रमोट किया गया है।पोषण एवं औषधीय महत्व के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि यह एक नकदी फसल है, जिसमें किसानों को खेती प्राची आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सब्जियों की नवीनतम तकनीकी, कीट एवं रोगों से फसल की सुरक्षा एवं कटाई उपरांत प्रबंधन विषय पर विस्तार से तकनीकी जानकारी दी गई।किसानों को अच्छी पैदावार मिलें एवं अपनी आर्थिक आय में बढ़ोतरी किया जा सके जो कि विवेकानन्द पटेल बगहां के प्रोगेसित किसानों के बताते हुए कि खरिफ प्याज से 1.5 लाख का प्रति बगहां इनकम कमा सकते है। किसानों को राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान प्रतिष्ठान के गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।इस अवसर पर डा विनोद सिंह (केन्द्र प्रभारी) व अरविन्द सिंह उद्यान विभाग अधिकारी ( A.H.I ) मौजूद रहे इंद्रवीर सिंह ,मनोज कुमार सिंह, देवी प्रसाद अरविंद पटेल आदि किसान उपस्थित थे।

# कोहरे पर भारी साइकिल की सवारी

**●शरीर के साथ पर्यावरण की देखभाल जरूरी -संजय सिंह**

स्वतंत्र प्रभात



अताउल अंसारी की अध्यक्षता में भदोही साइकिलिंग क्लब के कार्यालय पुरेगुलाब गोपीगंज से एक पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। समाज सेवी अब्दुल गफ्फार अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। साइकिल यात्रा आरंभ होकर मुजाहिद नगर, बड़ा चौराहा, शहीद तिराहा, काली देवी, ककराही, गोपुर मोड़, रैपुरी होते हुए जहांगीराबाद प्रधान संजय सिंह के आवास पर पहुंची। वहां पहुँचने पर ग्राम प्रधान संजय सिंह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ मौजूद रहें और सभी साइकिल चालकों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। संजय सिंह ने कहा कि हमारे पूर्वज ब्रह्म मुहूर्त में उठकर योग व्यायाम करते थे जिससे उनका शरीर स्वस्थ रहता था और आयु लंबी होती थी। सभी को सुबह उठकर कुछ ना कुछ योग व्यायाम अवश्य करना चाहिए और साथ ही साथ आसपास के काम साइकिल से करना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा और हमारे शरीर का व्यायाम भी होगा। भदोही साइकिलिंग क्लब का कार्य बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है। ग्राम प्रधान ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हुए।

साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर जहांगीराबाद, भवानीपुर, बंजारी, चक राजाराम के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए रामपुर घाट पर इसका समापन हुआ । साइकिल यात्रा में आदर्श सिंह, जय सिंह, विजय सिंह, रोशन सिंह, विमलेश सरोज, सुरेंद्र सरोज, हर्षित सिंह, सरफराज अहमद, प्रवीण टंडन, महमूद आलम, फैज आलम, कमलेश कश्यप, अबरार हाशमी, लक्ष्य सिंह, जीत सिंह, अबू हुरैरा अंसारी, अमन गुप्ता, राजीव जायसवाल, प्रमोद मौर्य, प्रेम गुप्ता, शम्सुल आरफीन, महेंद्र यादव, युवराज सिंह, राजवीर सिंह, साहिल सिंह, सागर सिंह, समेत आदि रहे।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दबंगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**● जबरदस्ती कट्टा के नोक पर पीड़ित से लिखवाया गया सुलहनामा**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमडगज थाना क्षेत्र के ऊटी गांव निवासी सुरेश मुसहर पुत्र लल्लू राम मुसहर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए बताया कि प्रार्थी अपनी पत्नी की दवा करने के लिए रतेह चौराहा पर स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल खोला गया है जो की सरकारी एनम लीलावती के घर ले गया था जहां पर प्रसव कराने व दवा करने में लापरवाही से नवजात शिशु व प्रार्थी की पत्नी की मृत्यु हो गई जिसकी शिकायत प्रार्थी थाना ड्रमडगज 15-12-224 को किया जो की जन सूचना के रजिस्टर में क्रम संख्या 119 अंकित किया गया है जिसकी कोई सुनवाई नहीं किया गया तब प्रार्थी सीएम पोर्टल के माध्यम से आरजीआरएस दिनांक 18 12.2024 शिकायत किया इसके संबंध में समझौता की बात चल रही थी दिनांक 28.12.2024 को विपक्षी द्वारा एक नाजायज गोल बनाकर हम प्रार्थी के घर पर आए जिसमें लीलावती पत्नी शांतिलाल रमेश केसरवानी पुत्र सीताराम केसरवानी निवासी रतेह चौराहा शिवलाल पुत्र सियाराम के द्वारा आए थे हम प्रार्थी किराना स्टोर का सामान लेने के वास्ते बगल के केसरवानी के द्वारा हाथ में कट्टा लिए हम प्रार्थी के तरफ दौड़े और दया शंकर पुत्र हरिशंकर के घर में लेकर घुस गए और कट्टे को हमारे सीने पर लगाकर हस्ताक्षर करो नहीं तो गोली मार देंगे प्रार्थी दवावमे हस्ताक्षर बनाने पर मजबूर रहा तथा प्रार्थी के पिता को शिवलाल द्वारा पकड़ कर बैठे रहे शोरगुल होने पर अगल-बगल के लोग इकट्ठा होने लगे इसी बीच रमेश वहां से भाग निकला जिसकी सूचना प्राप्ति दिनांक व अजहर उर्फ छोटू पुत्र गफूर अली व श्यामलाल पुत्र बुद्धू मौके पर मौजूद रहे तथा अगल-बगल के लोग भी वहां पर उपस्थित थे।

## पिता के स्मृति में गरीब जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया



**सीखड़, मीरजापुर ।** क्षेत्र के मुन्दीपुर ग्राम पंचायत के स्व0 निधि नारायण मिश्र जी की 28 वीं पुण्यतिथि पर रामचरित मानस का अखण्ड पाठ तदुपरान्त श्रंद्धाजलि समारोह का आयोजन किया गया उसके उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा शिविर, तथा ग़रीब जरूरत मंदो को कंबल, एवं विशिष्ट जनों को शाल टोपी,एवं नववर्ष का कैलेंडर डायरी वितरित आदि उनके ज्येष्ठ पुत्र पंडित हौशिला प्रसाद मिश्र पूर्व डी,जी,एम पावर ग्रिड विद्युत विभाग तथा दूसरे पुत्र डॉ आशुतोष प्रसाद मिश्र संयुक्त निदेशक कृषि विभाग लखनऊ के द्वारा दिया गया वहीं कार्यक्रम के अन्त में आए गणमान्य लोगों का दोनों पुत्रों द्वारा आभार प्रकट किया। उक्त कार्यक्रम में राजेश कुमार त्रिपाठी, (पप्पू) हरिकेश त्रिपाठी, राजेश कुमार मिश्र ज्योती, सहित सैकड़ों क्षेत्रीय ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

# प्रतिभा उद्गम प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मीरजापुर ।** नगर के सरस्वती चिराग कोचिंग सेंटर के तत्वाधान में प्रतिभा उद्गम प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रविवार को नगर स्थित शिवा उत्सव वाटिका में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ संतोष सिंह प्रधानाचार्य जनता इंटर कॉलेज बरेवा,विशिष्ट अतिथि डॉ मधुलिका सिंह प्रबंधक शिवलोक त्रिनेत्र महाविद्यालय पड़री रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान सीनियर ग्रुप में आंशिक यादव प्रथम, जिकरा खान द्वितीय, प्रतीक्षा पांडे एवं आदर्श मौर्या तृतीय। कला में तनीषा सनी प्रथम, शिवानी गुप्ता द्वितीय, और अनुष्का भारती तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में शिवानी गुप्ता ,जागृति सिंह, प्रतीक्षा पांडे ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में शगुन कन्नौजिया, प्रिया गुप्ता, एवं शिवानी गुप्ता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।कोचिंग के डायरेक्टर बृजेश यादव ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण एवंअंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। स्पीच कंपटीशन के निर्णायक कौशल किशोर पांडे एवं अमित उपाध्याय रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में इस तरीके के प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की के लिए कोचिंग संस्थान को धन्यवाद दिया। इस दौरान डॉ सत्यवान श्रीवास्तव, अखिलेश पांडे, श्यामधर चतुर्वेदी, अफसर अली, चक्रधारी यादव, अवधेश वर्मा, डॉ श्री प्रकाश श्रीवास्तव, परवेज अहमद सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।संचालन यशराज गुप्ता ने किया।

# प्रशासन और नगर निगम के आंख-कान हैं बंद, नहीं सुनाई दे रही ठंड से ठिठुरते लोगों की सिसकियां

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** सर्दी का कहर दिखने लगा है. दिन प्रति दिन गलन बढ़ती जा रही है। ऐसे में भी कई गरीब और असहय लोग ऐसे हैं, जो खुले आसमान में रात काटने को मजबूर हैं। ऐसा ही एक नज़ारा अलीगढ़ में देखने को मिला है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड में गरीब खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं। नगर निगम और प्रशासन की लापरवाही के चलते फुटपाथ पर जीवन यापन कर रहे करीब 100 लोग रात भर ठिठुरने को मजबूर हैं। इनमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं, ये लोग ठंड से बचने के लिए कचरे में आग जलाकर रात काट रहे हैं।

**रैन बसेरों का अभाव**

ठंड के इस मौसम में शहर के गरीबों के लिए रैन बसेरे उपलब्ध नहीं हैं. अलीगढ़ के कठपुला से शमशाद मार्केट सहित कई जगह बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जिनके पास न ठंड से बचने के लिए कपड़े हैं और न ही रहने की कोई जगह. जिलाधिकारी आवास से कुछ ही दूरी पर लोग ठंड में ठिठुरते देखे जा सकते हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

**प्रशासन की उदासीनता**

नगर निगम ने अब तक अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं की है जिससे गरीबों की परेशानियां और बढ़ गई हैं. प्रशासन की यह उदासीनता न केवल गरीबों के लिए मुसीबत बन रही है, बल्कि यह मानवाधिकारों का भी उल्लंघन है।

**जरूरतमंदों की अपील**

फुटपाथ पर सोने वाले लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से ठंड से बचाव के लिए मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि ठंड में अलाव की व्यवस्था की जाए और रैन बसेरे खोले जाएं, ताकि किसी की जान न जाए। अलीगढ़ नगर निगम और अलीगढ़ प्रशासन ने अभी तक उनकी कोई सुध बुध नहीं ली है। ऐसे में बेघर लोग ठंड में अपने बच्चों के साथ सड़क किनारे सोने को मजबूर हैं। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि समाज प्रति हमारी जिम्मेदारियों पर भी सवाल खड़ा करती हैष् समय रहते उचित कदम उठाए जाने की जरूरत है।

## गोकशी के महिला सहित तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार



**अलीगढ़।** थाना गभाना पुलिस टीम ने गोकशी के महिला सहित तीन वांछित आरोपी गिरफ्तार किये हैं। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ कई थानों में विभिन्न मुकद्दमें पंजीकृत हैं। थाना गभाना पुलिस टीम ने बबलू उर्फ मौ0 सईद पुत्र मंसूर निवासी गली नं03 शहंशाबाद नंगला पटवारी थाना क्वार्सी, सालिम पुत्र शहाबुद्दीन निवासी घास की मंडी बबुआ का मकान, उपरकोट थाना कोतवाली, महिला बिस्मिल्ला पत्नी अबरार निवासी पिपलैडा थाना धौलाना जनपद हापुड हाल पता ग्राम रामपुर शाहपुर थाना चण्डौस गौवध निवारण अधिनियम को ग्राम कलुआ गौशाला के पास बने कमरे के पीछे से एवं जीटी रोड हाइवे से कलुवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया है ।

# निषाद पार्टी के संवैधानिक अधिकार यात्रा में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद, हुआ भव्य स्वागत



स्वतंत्र प्रभात

**रतनपुर/महराजगंज।** निषाद पार्टी का संवैधानिक अधिकार यात्रा रविवार को नौतनवां क्षेत्र के सेमरातर चौराहे पर पहुंचा जहां भारी संख्या में पहुंचे पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद का भव्य स्वागत किया।

लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि समाज में हमारा संख्या अधिक होने के बाद भी हमें आज तक अधिकार नहीं मिल सका लेकिन अब हम सबको अपने अधिकार के लिए झंडा ऊंचा करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के लोगों से बीते 70 वर्षों से वोट तो लिया जा रहा है लेकिन अधिकार से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी समाज व शोशित निर्वल वर्ग के लिए काम कर रही है जो संविधान ने हमें अधिकार दिया है। अब अधिकार मांगने से नहीं बल्कि लड़ने से मिलेगा इसलिए हमें अब संघर्ष से अपना अधिकार हासिल करना होगा। रथयात्रा में आए कैबिनेट मंत्री का कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश सचिव डॉ अनिल साहनी, जिला संरक्षक रमेश साहनी, जिला महासचिव बरखु निषाद, जिला सचिव कन्हैया लाल निषाद, जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका साहनी समेत तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व कुलपति ने निर्माणाधीन विंध्य विश्व विद्यालय का किया निरीक्षण

**● धीमी निर्माण प्रगति पर व्यक्त की नाराज़गी, मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति लाने का दिया निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात




**मीरजापुर।** रविवार को मड़िहान तहसील अन्तर्गत निर्माणाधीन राज्य विंध्य विश्व विद्यालय के निर्माण प्रगति का जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व कुलपति प्रो. शोभा गौर ने आज मौके पर पहुंचकर प्रगति कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाने तथा कार्य में तेजी लाकर ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग, बाउंड्री वाल, प्रशासनिक भवन, कुल सचिव आवास तथा एकेडमिक भवन के प्रथम तल को मई 2025 तक पूरा करने का निर्देश कार्यदाई संस्था लोक निर्माण भवन निर्माण को दिया गया।

इस दौरान टाईप-4 आवासीय स्थल, आडिटोरियम, ब्वायज एवं गर्ल्स हास्टल, के निर्माण प्रगति का निरीक्षण मौके पर भ्रमण कर किया गया। पूरे विश्व विद्यालय को बनाए गए नक्शा पर देखकर जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारी मड़िहान युगान्तर त्रिपाठी से समन्वय स्थापित कर मजदूरों की संख्या बढाये ताकि कार्य ससमय पूरा करते हुए जुलाई 2025 से पठन-पाठन का प्रारम्भ किया जा सके। निरीक्षण के समय अपर आयुक्त/ कुलसचिव, डा. विश्राम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन निर्माण के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय देशज दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन बनवासी छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात




**चुनार, मीरजापुर ।** नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में आयोजित दो दिवसीय देशज दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को श्री राधा कृष्ण वनवासी छात्रवास में अध्यनरत आदिवासी, वनवासी छात्र छात्राओं द्वारा अपने रहन सहन, खान पान वेष भूषा एवं संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद गणेश वंदना कार्यक्रम हुआ।तत्पश्चात संस्थान में अध्यनरत बच्चों द्वारा श्रेष्ठ भारत पर आधारित नाटक,रामायण के सीता हरण, लखीमपुर का थारू नृत्य, दक्षिणांचल सोनभद्र के कर्मा का खरवार, शैला गोंड, नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसकी उपस्थित लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।कार्यक्रम के दौरान सूर्यकांत जालान, डॉ एस एन शंखवार,पूर्व आई एस कमल टावरी,डॉ एस के पोद्दार,मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, छानबे विधायक रिंकी कोल,सोहन लाल श्री माली,चुनार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मंसूर अहमद,वरिष्ठ भाजपा नेता बचाऊ लाल सेठ,संयोजक अमित चतुर्वेदी, हरीशचन्द्र त्रिपाठी, दीपक सिंह,संस्थान के अधिवक्ता शिव शंकर यादव,प्रजापिता ब्रह्म कुमारी आश्रम शाखा चुनार की प्रभारी बीनू दीदी,तारा दीदी,जगदीश भाई सहित स्थानीय लोग एवं छात्रावास में अध्यनरत बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन श्रुति भूषण मिश्र ने किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कभी-कभी मौत ज़िंदगी से बड़ी हो जाती है। योग गुरु धर्मचंद।




**प्रयागराज।** योग गुरु धर्मचंद ने कहा है कि कभी मौत ज़िंदगी से बड़ी हो जाती है। जब तक मनमोहन सिंह ज़िंदा रहे किसी ने याद नहीं किया. लेकिन आज श्रद्धांजलियों की बाढ़ आई हुई है. संस्मरण लिखे जा रहे हैं. गुरुद्वारों में, मंदिरों में कीर्तन चल रहा है. दुआएं पढ़ी जा रही हैं. अचानक क्या बदल गया? योग गुरु पूर्व प्रधान मंत्री डॉ मनमोहन सिंह के मौत पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दरअसल, यह मुल्क प्रायश्चित के आंसू रो रहा है. एक सामूहिक प्रायश्चित. प्रायश्चित मनमोहन सिंह को न समझ पाने का. मनमोहन सिंह के प्रति कठोर बर्ताव का. मनमोहन सिंह ने हमें जो भी दिया था या संरक्षित रखा था, वह छीना जा रहा है. इसके लिए हमीं जिम्मेदार हैं-यह प्रायश्चित इसी बात के लिये है। मनमोहन सिंह की ज़िंदगी बहुत साधारण सी रही. लेकिन उनकी मौत बहुत बड़ी हो गई. इतनी बड़ी कि संभाले नहीं संभल रही. तुम्ह हो या न हो, पूरा मुल्क उन्हें खो देने के अहसास से गुज़र रहा है। मत दो राजघाट. यह अहसास कम नहीं होगा. कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन... यह क्रंदन तुमको सुनाई नहीं पड़ेगा। लेकिन मुल्क के मन में चल यही रहा है. मनमोहन सिंह की मौत मुल्क की आत्मा को थोड़ा ज़िंदा कर गई।

## प्रबुद्ध रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुये गुणेश त्रिपाठी



**कौशाम्बी।** प्रयागराज के राजर्षि टण्डन सेवा केन्द्र में आयोजित भारतीय सांस्कृतिक प्रबुद्ध सम्मेलन में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉक्टर गिरीश चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम में जूनियर शिक्षक के महामंत्री गुणेश कुमार त्रिपाठी को प्रबुद्ध रत्न सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जूनियर शिक्षक संघ के प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के समस्त जनपदों से हजारों शिक्षक एवं समाज सेवी मौजूद रहे। जिनमे पूरे प्रदेश से 15 लोगों को यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन की आधारशिला प्रयागराज के जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद पाण्डेय ने रखी। बतौर मुख्य अतिथि बी एच यू के पूर्व कुलपति ने सभी को सम्मानित करते हुए निरन्तर अपना कार्य करते रहने की अपील की।

## एकल अभियान अंचल के आचार्यो का दस दिवसीय अभ्यास वर्ग हुआ सम्पन्न



**कौशाम्बी।** जनपद में एकल अभियान द्वारा अंचल कौशाम्बी में शनिवार को अंचल अध्यक्ष मुकुन्दी लाल व अंचल सचिव अमरेश कुमार कल्लू पण्डा की अध्यक्षता में दस दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग जनक दुलारी शिवदत्त महाविद्यालय ओसा मंझनपुर में सम्पन्न हुआ जिससे अंचल उपाध्यक्ष रामाकान्त के साथ सम्भाग महिला प्रमुख आसमा वर्मा अभ्युदय यूथ क्लब के अध्यक्ष विक्रम मौर्य अंचल महिला उपाध्यक्ष सोनिया राजपूत अंचल अभियान प्रमुख यमुनापार कृष्ण मूरत सिंह अंचल अभियान प्रमुख कौशाम्बी संजय कुमार ने भारत माता और सरस्वती माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किये, अंचल समितियो ने सभी आचार्यो को सम्बोधित करते हुये वर्ग में उपस्थित सभी बंधुओ को धन्यवाद व आभार प्रकट किये, उद्घाटन सत्र में अंचल प्रशिक्षण प्रमुख नागेश्वर प्रसाद के साथ अंचल शारीरिक व खेल प्रमुख लोकमणी संच प्रमुख ओमप्रकाश रंजना देवी,मधु सिंह पूनम कुमारी सुषमा श्रीवास्तव वीरेन्द्र सिंह रमेश चन्द्र शर्मा जीवन लाल रंजना कुशवाहा व आचार्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## अल्फा ड्राइवर की मौत,सवारी शमा परवीन कोमा में

**अझुवा कौशाम्बी।** जनपद में सैनी कोतवाली के गडरियन के पुरवा मजरा लोहदा में बीती शाम अनियंत्रित बस चालक ने अल्फा वाहन में सामने से टक्कर मार दिया था जिसमें ड्राइवर सहित 4 लोग गम्भीर घायल हो गए थे अल्फा ड्राइवर नौशाद गम्भीर घायल हो गया जिसे उपचार हेतु परिजन प्रयागराज ले जा रहे थे लेकिन नौशाद की रास्ते में ही मौत हो गई मृतक नौशाद के पिता मोहम्मद इस्लाम की तहरीर पर सैनी कोतवाली पुलिस ने क्र734083 के अज्ञात चालक के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं मेडिकल कालेज में इलाजरत शमा परवीन 18 वर्ष की स्थिति में सुधार न होने पर परिजन प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया है शमा परवीन के चच्चा रियाज ने बताया दुर्घटना होने के बाद उनकी भतीजी को गम्भीर स्थिति में मेडिकल कालेज मंझनपुर में भर्ती कराया गया था लेकिन स्थिति नाजुक देख डॉक्टर ने प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल रिफर कर दिया जहां युवती जिन्दगी और मौत से जूझ रही है अभी तक कोमा में है।

# कोड़ापुर में आंबेडकर मूर्ति बैठाने को लेकर विवाद को इंस्पेक्टर ने सुलझाया

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कोड़ापुर गांव में नई आंबेडकर मूर्ति को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया जिसके चलते इंस्पेकर फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों के बीच मामले को समझौता कराते हुए किसी तरह से मामले को शांत कराया। फूलपुर थाना क्षेत्र के कोड़ा पुर गांव में चकबंदी चल रही है जिसमें ग्रामीणों की मांग पर चकबंदी द्वारा बाबा साहब आंबेडकर पार्क के लिए चार विश्वा भूमि सुरक्षित कर दी लेकिन उक्त भूमि मुस्लिम समुदाय के चक में होने के कारण काश्तकार ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उक्त भूमि को कही अन्यत्र कराए जाने की मांग को लेकर मुकदमा दाखिल किया है जिसकी सुनवाई चल रही है उक्त अंबेडकर पार्क में आने जाने के लिए कोई रास्ता भी नहीं है। इसी बीच दलित समुदाय के लोगों ने रविवार को उक्त अंबेडकर पार्क में बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दिया जिससे दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया मामला थाने तक पहुंचा तो पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी थाना प्रभारी फूलपुर को दिया जिसे गंभीरता से लेते हुए खुद थाना प्रभारी घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के बीच बात चीत करके किसी तरह से समझौता कराते हुए कहा कि किसी भी महापुरुष की मूर्ति स्थापित करने के लिए प्रशासन का आदेश लेना जरूरी होता है बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश पर कोई नई मूर्ति स्थापित नहीं की जा सकती है फिल हाल



यह समझौता हुआ कि उक्त भूमि किसी रास्ते से लगकर सुरक्षित किया जाय उक्त भूमि स्थानांतरित होने पर उक्त मूर्ति को अन्यत्र जगह स्थानांतरित कर दिया जाएगा जिस पर दोनों पक्षों ने लिखा पढ़ी करके मामले को शांत कर दिया।

# उज्जैन तथा प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की संयुक्त बैठक

**● - कुंभ मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ को सभी सुविधाओं के साथ स्नान कराने की व्यवस्था पर विचार विमर्श।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** आज दिनांक 28-12-2024 को कमिश्नरेट प्रयागराज के पुलिस लाइन के त्रिवेणी सभागार में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन, जोन, उमेश जोगा, एवं सहायक पुलिस आयुक्त श्री राजकुमार मीणा, कमिश्नरेट प्रयागराज के साथ संयुक्त गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान 2028 उज्जैन, मध्य प्रदेश में महाकुंभ के आयोजन में करोड़ो श्रद्धालुओं की सहभागिता के दृष्टिगत पुलिस का मुख्य दायित्वों कानून व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, एवं श्रद्धालुओं को मार्ग देने मार्गदर्शन को मार्गदर्शन के सम्बंध में चर्चा की गयी।

ततपश्चात मध्य प्रदेश पुलिस से आये हुए अधिकारियों द्वारा कुम्भ मेला क्षेत्र के साथ आईसीसीसी का भ्रमण किया गया।

इसी क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक, तरुण कौशिक, एटीएस मध्य प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस तथा प्रयागराज पुलिस की सराहना की गई तथा यह भी कहा गया की



उत्तर प्रदेश पुलिस और मध्य प्रदेश पुलिस के आपसी सहयोग से कुम्भ को भव्य के साथ सुरक्षित भी बनाना है। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन, उप पुलिस अधीक्षक भारत सिंह यादव, उज्जैन एवं सूबेदार यातायात निवेश मालवीय उपस्थित रहे।

# थानों से गायब हो गई थानेदारों की गोपनीय डायरी

**● - थानों से गायब हो गई थानेदारों की गोपनीय डायरी**

स्वतंत्र प्रभात

दया शंकर त्रिपाठी

**प्रयागराज।** प्रदेश के थानों में मौजूद रहने वाली थानेदारों की गोपनीय डायरी अब बीते दिनों की बात हो गई है। अपने इलाके और व्यक्तियों को अच्छे से समझने के लिए थानेदार की यह डायरी काफी अहम होती थी। गोपनीय डायरी को थानेदार अपने अंडर में लॉकर में बंद रखता था। ट्रांसफर होने पर निवर्तमान थानेदार,इसे दूसरे थानेदार को सौंप देता था। इससे नए थानेदार को महीनों दर-दर की खाक नहीं छाननी पड़ती थी। उसे अपने थाना क्षेत्र के अच्छे बुरे का अंदाजा डायरी का पन्ने पलटने के साथ ही हो जाता था। लेकिन, वर्तमान में किसी भी थानेदार के पास उसकी गोपनीय डायरी नहीं है। नए जमाने के थानेदारों से पूछने पर पता चलता है कि उन्होंने अपने सीनियरों से गोपनीय डायरी के बारे में सुना था, पर देखा नहीं है। वहीं, कुछेक अफसर को छोड़कर किसी को इस डायरी के बारे में न तो जानकारी है और न ही उन्होंने जानने की कोशिश ही की है।

दरअसल, गोपनीय डायरी ऐसा दस्तावेज होती थी, जिसका निरीक्षण नहीं होता था पर उसमें साल-दर-साल थाना क्षेत्र की अच्छी-बुरी सारी बातें लिखी होती थी। थाने के खास इलाके और व्यक्तियों के बारे में पूरा ब्योरा होता था। थानेदार भले ही थाने पर बैठाकर किसी को चाय पिलाता लेकिन गोपनीय डायरी में इसका जिक्र जरूर करता था कि अमूक व्यक्ति किस तरह का है और उससे किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए। यही नहीं उसके साथ के लोग कैसे हैं और किस तरह का काम करते हैं। यह जानकारी भी दर्ज होती थी।

गोपनीय डायरी में थाना क्षेत्र में होने वाले सभी अच्छे-बुरे धंधे का भी विवरण होता था। थाने का चार्ज लेते ही गोपनीय डायरी से थानेदार को तत्काल महत्वपूर्ण जानकारी हो जाती थी। यही नहीं लॉ एंड आर्डर की समस्या वाली घटनाओं में भी गोपनीय डायरी से मदद मिलती थी। साथ ही यह करामाती डायरी यह भी चुगली करती थी कि किस



साहब के पास क्या और कब पहुंचाना है। न पहुंचने के नुकसान और फायदे भी लिखे होते थे। स्टॉफ के भी उन लोगों का जिक्र होता था जोकि थाने पर साजिश करते रहते थे या थाने के वफादार होते थे। वहीं पुलिस उच्चाधिकारियों की मानें तो अपने इलाके और व्यक्तियों को अच्छे से समझने के लिए थानेदार की गोपनीय डायरी काफी अहम भूमिका निभाती थी लेकिन वर्तमान में किसी भी थानेदार के पास उसकी गोपनीय डायरी नहीं है। गोपनीय डायरी सरकारी दस्तावेज नहीं होती और न ही उसका कोई निरीक्षण करता है। यह थानेदार की प्रापर्टी होती थी जो कि ट्रांसफर होने पर दूसरे थानेदार को सौंपी जाती थी लेकिन इसकी परम्परा वर्तमान में खत्म हो गई है।

# शोरोपुष्ती से बिजली की चोरी करके चल रहा है पंपसेट शिकायतके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** फूलपुर विद्युत उपखंड के अतर्गत मैलवन नई कोट गांवमे एक शोरो पुष्ट बिजली की चोरी करके बिना कनेक्शन लिए तीन हॉर्स पावर की पंप सेट चला रहा है लेकिन शिकायत होने के बाद भी बिजली विभाग के लोग कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है।जिससे लोगों में आक्रोश है। बताया जाता है कि अनवरी बेगम के पति ने कई वर्ष पूर्व सिंचाई के लिए अपने निजी खर्चे से 56 हजार रुपए बिजली विभाग फूलपुर के उपखंड में जमा करके कनेक्शन लिया था और अपने मशीन के लिए अलग से ट्रांस फॉर्मर लगवाया था।लेकिन गांव का एक शेरोपुस्ट व्यक्ति ने बिजली विभाग के कर्मचारियों से मिली भगत करके अनवरी बेगम के निजी ट्रांसफार्मर से अवैध कटिया लगाकर चोरी करके अपना पंप सेट चला रहा है।जब इसका विरोध अनवरी बेगम और उनके लड़कों ने किया तो वह गुंडा गर्दी पर उतर आया और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगा।इसकी शिकायत लिखित रूप से उप खंड अधिकारी और अधिशाषी अभियंता से किया लेकिन दो हफ्ता बीत जाने के बाद भी कोई आदमी न तो जांच करने गया न ही कोई कार्यवाही की गई।जिससे गांव में आक्रोश है।




गांव के लोगों का कहना है आसपास के कई गांवों में बिजली विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से बिजली की चोरी हो रही है और शिकायत के बाद भी इसलिए कार्यवाही नहीं होती।

# सड़क पार कर रही चार वर्षीय बालिका को ट्रक ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**● - वाहन सहित चालक फरार, पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम।**

**सड़क हादसे में मृतका की हुई मौत से परिजनों में मचा कोहराम।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आर्यनगर- कर्नलगंज मार्ग पर रविवार की सुबह सड़क पार कर रही चार वर्ष की मासूम बालिका को एक तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में मासूम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और ट्रक चालक की तलाश में जुटी है। मासूम बालिका की हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कौड़िया थाना क्षेत्र के बनगाई गांव निवासी कमर अली की चार वर्षीया पौत्री सितारुननिशा रविवार को सुबह घर से निकलकर सड़क पार कर रही थी, इसी बीच कर्नलगंज की तरफ से आर्यनगर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद डाला। हादसे में सितारुननिशा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मृतका के बाबा कमर अली ने पुलिस को दी। पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी अवनीश कुमार शुक्ल ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। रविवार की सुबह-सुबह हुए इस हादसे की जानकारी पाकर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बेटी की मौत से मां किताबुलनिशा बेहोश हो गई। बताया जाता है कि किताबुलनिशा की तीन बेटियां हैं। चार साल की सितारुननिशा सबसे बड़ी थी। इसके बाद अनाया ढाई वर्ष व शिफा अभी तीन माह की है। मृत बालिका के पिता हसन मोहम्मद दिल्ली मे रहकर सिलाई का कार्य करते हैं। अभी एक सप्ताह पहले ही वह घर से दिल्ली गये हैं। सड़क हादसे में मृतका की हुई दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर वाहन की तलाश की जा रही है।

# आयुष्मान कार्ड धारक महिला के परिजनों से वसूली के बाद भी आपरेशन के दौरान महिला की हुई मौतें

स्वतंत्र प्रभात

थाना सफदरगंज क्षेत्र दो दिन पूर्व की सच्चाई जानने गये पत्रकार से सिटी हॉस्पिटल के जिम्मेदार उलझ गये अपनी कारगुजारियों के कारण आये दिन सुर्खियों मे रहने वाला सिटी हॉस्पिटल मे किस तरह से धन की उगाही की जा रही है वह सोचनीय विषय है। बताते चले कि शुक्रवार को जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर निवासी कलावती पत्नी ब्रजेश को सिटी हॉस्पिटल लक्षबर बजहा मे पथरी के आपरेशन के लिए ओटी मे लाया गया जहां पर मौजूद डाक्टरों ने 25 हजार की मांग रखी परिजनों ने आयुष्मान कार्ड भी दिया लेकिन डाक्टरों ने बगैर पैसे लिये आपरेशन करने से मना कर दिया परिजनों ने 10 हजार रुपये जमा कर शेष रुपये का इंतजाम करने लगे डाक्टर ओटी मे ले जाकर ऑपरेशन कर रहे थे इसी बींच महिला की मौत हो गयी। रविवार को समाचार पत्रों मे छपी खबरों के आधार पर घटना की सच्चाई जानने के लिए हॉस्पिटल गये पत्रकार से हॉस्पिटल के जिम्मेदार लोगो अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। अखबारों में खबर प्रकाशित होने से बौखलाए डॉ लेखराज यादव ने धमकी देते हुए कहा, कि जो तुम लोगों ने खबर चलाई है तुम्हारे ऊपर मानहानि का मुकदमा कर देंगे, और वहां मौजूद स्टाफ से कहा की इसको अंदर



किसने आने दिया,इसको अब बाहर जाने मत देना,गेट बंद करवा दो।

बहरहाल सिटी हॉस्पिटल मे सब कुछ ठीकठाक नही चल रहा है आये दिन किसी न किसी कारण हॉस्पिटल सुर्खियों मे बना रहता है।

# कसिया पश्चिम ग्राम प्रधान के कार्यों से गांव की जनता नाखुश, इण्टरलॉकिंग बना तालाब

स्वतंत्र प्रभात

महेन्द्र कुमार शुक्ल

**कौशाम्बी।** जनपद में सिराथू तहसील के अन्तर्गत गांव कसिया पश्चिम ग्राम प्रधान के कार्यों से गांव की जनता नाखुश है ग्राम प्रधान की मनमानी के आगे सभी लोग त्रस्त हैं। गांव की हर गली में स्कूली बच्चों व वृद्धावस्था तथा ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत व परेशानी होती है। गांव के चारों तरफ की हर इण्टरलॉकिंग सड़के व कच्ची सड़क तालाब की तरह पानी भरने के कारण ग्राम पंचायत की स्वछता पर सवालिया निशान खड़ा कर रही हैं ग्रामीणों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्राम प्रधान गांव में विकास के नाम पर मोटी रकम निकालता रहा लेकिन गांव की हर इण्टरलॉकिंग सड़क पर तालाब की भांति मचमचा कर पानी भरने से गन्दगी का आलम



दिखाई दे रहा है। और स्वच्छ भारत अभियान की पोल खोल रहा है कसिया पश्चिम ग्राम सभा में हो रहे भ्रष्टाचार व ग्राम प्रधान और उनके लड़के की दबंगई लगातार बढ़ती जा रही है। ग्राम सभा में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर कई बार पत्रकारों के द्वारा खबर प्रकाशित करने तथा प्रधान व प्रधान पुत्र द्वारा पत्रकारों के साथ अभद्रता करना और ग्राम सभा में कार्यों में लापरवाही बरतने जैसे घटिया ईट,बालू का उपयोग,मानकविहीन इण्टरलॉकिंग निर्माण आदि कार्यों में लगातार लापरवाही करता रहता है। आखिरकार कसिया पश्चिम ग्राम प्रधान पर कार्यवाही क्यों नहीं होती हो रही है। जांच अधिकारी जांच करने तो आते हैं लेकिन आंख में पट्टी बांध कर फिर वापस चले जाते हैं। आखिरकार ग्राम प्रधान किसके सह पर गांव में विकास कार्यों में लगातार लापरवाही कर रहा है।


# पीतल नगरी शमसाबाद बाजार तक हो रोडवेज बसों का आवागमन..... अजय सोनी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने परिवहन निगम के अधिकारियों से सिराथू ब्लॉक की पीतल नगरी शमसाबाद बाजार तक रोडवेज बसों के आवागमन की मांग की है। अजय सोनी का कहना है कि जब रोडवेज की बसों का राह स्थानक स्थल पीतल नगरी शमसाबाद बाजार तक तय है तो फिर रोडवेज की बसों का आवागमन पीतल नगरी शमसाबाद बाजार तक क्यों नहीं किया जाता और क्यों कि पीतल नगरी शमसाबाद बाजार से दो किमी पहले कनपुरवा बाजार पर ही रोडवेज के यात्रियों को उतार दिया जाता है।

रविवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी अपने कार्यकर्ताओं के साथ सिराथू ब्लॉक के ग्राम शमसाबाद बाजार, भटपूरवा, रामरतन का पुरवा और आसपास के कई गांवो का भ्रमण किया और लोगों से भेंट की। इस अवसर पर लोगों ने बताया कि सिराथु से मंझनपुर और मंझनपुर से सिराथू की ओर जाने वाली रोडवेज की बसें सिराथू ब्लॉक के शमसाबाद बाजार तक आवागमन नही करती। लोगों ने यह भी बताया कि रोडवेज बस परिचालक बसों को कनपूरवा बाजार पर ही रोककर यात्रियों को उतार देता है जिसके चलते कई गांवों जैसे तैयबपुर, शमसाबाद, डींचापर, शमसाबाद बाजार, तेराहरा, कैमा, भटपूरवा, अल्पी का पुरवा, रामरतन का पुरवा, जगदीशपुर, तुलसीपुर, मलाक पिंजरी, डीहवा, चकिया आदि गांवो के यात्रियों को दो से पांच किलोमीटर तक पैदल चलकर अपने घर तक पहुंचना पड़ता है। लोगों का यह भी कहना था कि पहले शमसाबाद बाजार तक रोडवेज बसों का आवागमन होता था परन्तु इधर कई सालों से निगम की कारगुजारी से यह ठप्प हो गया है जिसके चलते यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

इस समय सर्दी के मौसम में शाम जल्दी ढल जाती है और जल्दी अन्धेरा छा जाता है जिससे पैदल यात्रियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के रास्तों पर तमाम तरह की घटनाएं भी होती हैं। साथ ही स्कूली बच्चों को भी दूर क्षेत्रों के स्कूलो में शिक्षा ग्रहण करने हेतु आसपास के कई गांवों से कनपुरवा बाजार तक पैदल चलकर रोडवेज की बसों को पकड़ना पड़ता है। इसी तरह महिलाओं और खासकर बुजुर्ग लोगों को पैदल चलने में भारी दिक्कत होती है। इस




संबंध में जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने परिवहन निगम के अधिकारियों से रोडवेज की बसों का आवागमन शमसाबाद बाजार तक करने की मांग की है। अजय सोनी का कहना है कि जब परिवहन निगम का शमसाबाद बाजार में बस स्थानक स्थल तय है तो यात्रियों को शमसाबाद बाजार से दो किमी पहले कनपूरवा बाजार में ही क्यों उतार देता है। अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही इस संबंध में परिवहन निगम ने समुचित कार्यवाही नहीं की और शमसाबाद बाजार तक रोडवेज बसों का आवागमन शुरू नही किया तो शमसाबाद एवं आसपास के गांवो के लोगों के साथ परिवहन निगम कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ मन्टू कसेरा, विकास कसेरा, आर्यन कसेरा, संजीत सोनकर, रवि केसरवानी, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम का जनपद में कई जगह किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत आज दिनांक 29.12.2024 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना कडाधाम पुलिस टीम द्वारा ग्राम कंथूआ मे जाकर, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम त्रिलोकपुर मे भ्रमणशील रहकर, थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पुनवार मे जाकर, थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोगरी मे भ्रमणशील रहकर तथा महिला थाना, थाना चरवा, थाना कोखराज एवं थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/छात्राओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन



कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात



कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी

# कानून के रखवाले ने 25 साल पुराने हैण्ड पाइप को उखाड़ कर फेंका बूंद-बूंद पानी को तरस रहे मोहल्ले वासी

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जहां पर सरकार लोगों को पानी पीने के लिए अरबों खरबों रुपए खर्च कर पानी के पीने की व्यवस्था कर रही है वहीं मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कौशाम्बी विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत अर्का फतेहपुर गांव में 25 साल पहले सरकार ने लोगों को पानी पीने के लिए महन्त के घर के पास हैण्ड पम्प लगावाया था जिसे महन्त लाल का लड़का जो कानून का रखवाला भी बताया जा रहा है कानून का रखवाला सत्यदेव पुत्र महन्त ने अपनी गुण्डई और दबंगई के बल पर 25 साल पुराने हैण्ड पम्प के समान को खोलकर अपने घर पर रख लिया और हैण्ड पम्प की जगह पर दीवाल खड़ी कर दिया जिससे ग्रामीण और मोहल्ला के लोग बूंद-बूंद पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। अर्का महावीर गांव के लोगों ने 26 दिसम्बर 2024 को मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी को लिखित शिकायती पत्र देकर दबंग सत्यदेव के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है । वहीं बच्चों और महिलाओं से बात की गई तो महिलाओं और बच्चों ने बताया कि हम लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं जब कभी कुछ बोलते हैं तो सत्यदेव लड़ाई झगड़े पर आमदा हो जाते हैं जिसके डर के कारण हम लोग मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं है लेकिन



हम लोग मजबूर होकर पानी पीने के लिए गुहार लगा रहे हैं कि सत्यदेव दबंग के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए हमें पानी पीने की लिए हैण्ड पम्प को पुनः उपलब्ध कराया जाये जिससे पीने के पानी की व्यवस्था हो सके।

# मुठभेड़ः हरियाणा में लूट कर भागे बदमाश मथुरा में गिरफ्तार

**● - चालक को बंधक बनाकर लूटी थी मैक्स पिकअप**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** हरियाणा से लूट कर भागे बदमाशों को मथुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना रिफाइनरी पुलिस, स्वाट टीम एवं कोतवाली पुलिस मथुरा की शातिर लुटेरों नकबजनों से हुई मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से हरियाणा से लूटी हुई एक मैक्स पिकअप यूपी 85 सीटी 3961 व तीन तमंचा, दो जिंदा कारतूस, पांच खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। संयुक्त टीम की थाना क्षेत्र अन्तर्गत रिफाइनरी घटनास्थल हाईवे से बाद स्टेशन रोड की तरफ 100 कदम आगे की तरफ चैकिंग के दौरान रविवार को लखन पुत्र कल्लु निवासी मोहल्ला निजामपुर पिहानी थाना पिहानी जिला हरदोई, आशीष उर्फ वीरेन्द्र पुत्र रामस्वरूप निवासी मौहल्ला निजामपुर पिहानी थाना पिहानी जिला हरदोई तथा शकील पुत्र लाला मुस्लिम निवासी पिहानी थाना पिहानी जिला हरदोई को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान घायल हुए अभियुक्त को जिला चिकित्सालय मथुरा भेजा गया। शनिवार की शाम अभियुक्तों द्वारा हरियाणा में वाहन चालक को बंधक बनाकर उसकी गाड़ी मैक्स पिकअप को हथियारों के बल पर लूट लिया और चालक के हाथ पैर बांधकर उसे सड़क के किनारे फेंक दिया। इस सूचना पर हरियाणा पुलिस व जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा अलर्ट जारी किया गया कि कुछ अज्ञात बदमाश हरियाणा से गाडी लूटकर मथुरा की ओर भागे हैं। इस पर उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद में वायरलेस एवं दूरसंचार संसाधनों से अलर्ट जारी किया। जिसमें सभी थाना क्षेत्रों में चैकिंग आरम्भ की गयी। सम्बन्धित संदिग्ध वाहन द्वारा जनपद के चेकिंग स्थलों व बैरियरों को तोडकर आगे भागते रहे। थाना रिफाइनरी एवं स्वाट टीम व चौकी कृष्णा नगर टीम द्वारा हाइवे पर बैरियर लगाकर गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशो ने पुलिस पार्टी पर वाहन चढाने का प्रयास किया और फिर दोनो तरफ से घिरे देखने पर पुलिस पार्टी पर फायर करना शुरु कर दिया बाद रेलवे पुल से सर्विस रोड पर गाड़ी डिस बैलेंस होने पर बदमाशों ने पुलिस पर लगातार फायर करने शुरु कर दिये। लखन के विरूद्ध हरदोई, पलवल, मथुरा जनपदों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। आशीष के विरूद्ध करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। अन्य जिलों से आपराधिक इतिहास की तलाश की जा रही है। कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना रिफाइनरी, एसआई अभय कुमार शर्मा प्रभारी स्वाट टीम, एसआई विक्रान्त तोमर चौकी प्रभारी कृष्णा नगर थाना कोतवाली, एसआई उमंग त्यागी थाना रिफाइनरी, एसआई उत्तम भडाना थाना रिफाइनरी आदि थे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## संत मैरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया पटना का शैक्षणिक भ्रमण



**शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं - मिथिलेश यादव**

**बरही-** बरही कोनरा में संचालित संत मैरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शनिवार को पटना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का दौरा किया, जिनमें बिहार म्यूजियम, गोलघर, संजय गांधी जैविक उद्यान, तारामंडल और महावीर मंदिर शामिल थे। हालांकि, तारामंडल में अधिक भीड़ होने के कारण वे शो देखने से वंचित रह गए। स्कूल के प्रिंसिपल और डायरेक्टर मिथिलेश यादव ने शैक्षणिक भ्रमण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह शिक्षा पद्धति का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने बताया कि ऐसे भ्रमण बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। मिथिलेश यादव ने अभिभावकों से अपील की कि वे भी शैक्षणिक भ्रमण के महत्व को समझें और बच्चों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करें। यह भ्रमण छात्रों के लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव साबित हुआ।

## विधायक के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया कंबल, प्रमुख प्रतिनिधि ने किया वितरण



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने ग्राम गंगाआहार में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। श्री राणा ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल उपलब्ध कराया गया था। मालूम हो कि बीते कुछ दिन पूर्व ही गंगाआहार में ठंड और बीमारी से अलग अलग परिवार के चार लोगों की मौत हो गई थी। सूचना पाकर शनिवार को गंगाआहार पहुँचे विधायक ने शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की थी और कंबल देने की बात कही थी। उदय राणा ने कहा कि मनोज यादव सुख दुःख के साथी है। वे हमेशा जनता से जुड़े रहे है। इधर कंबल पाकर ग्रामीणों में खुशी की लहर थी। मौके पर प्रभु चद्रवंशी, रमेश भुइँया, कपील साव, लालजी साव, महेश भुईया, प्रदीप राम, ललित भुईया सहित अन्य लोग शामिल थे।

## मार्खम कॉलेज के पांच एनसीसी कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड में होंगे शामिल



**हजारीबाग, झारखंड-** मार्खम कॉलेज के पांच एनसीसी कैडेट्स अंडर ऑफिसर सार्थक कुमार,सार्जेंट मयंक राज, सार्जेंट अमित कुमार, सार्जेंट कार्तिक प्रजापति व कॉरपोरल सौरभ कुमार का चयन 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है।अंडर ऑफिसर सार्थक कुमार,सार्जेंट मयंक राज कर्तव्य पथ पर मार्च करेंगे ,वहीं सार्जेंट अमित कुमार, सार्जेंट कार्तिक प्रजापति व कॉरपोरल सौरभ कुमार पीएम रैली में शामिल होंगे। इनके चयन पर मार्खम कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ संध्या प्रेम ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे कॉलेज के लिए बहुत गर्व की बात है। एनसीसी कैडेट्स के लिए गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होना बेहतरीन अवसर होता है। कैडेट्स को भारत के विभिन्न हिस्सों से आए साथी सदस्यों के साथ संवाद स्थापित करने का मौका मिलेगा। कॉलेज के एनसीसी सीटीओ प्रो संतोष रविदास ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारे कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## पवन बने प्रदेश उपाध्यक्ष और रोहित बने सह संयोजक

**चित्रकूट-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 64वां प्रांतीय अधिवेशन झांसी में हुआ। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसके तहत चित्रकूट के पवन त्रिपाठी को एक बार फिर परिषद का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार यहां जिला संयोजक पद की जिम्मेदारी सम्भाल चुके रोहित पाण्डेय को एसएफ्एस का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा विजय केशरवानी, पूजा पाण्डेय, शनि अग्रहरि व दीपक त्रिपाठी को प्रांत कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों के जनपद आगमन पर स्थानीय कार्यकताओं ने स्वागत किया।

# बरही के पूर्व विधायक बाबू निरंजन प्रसाद सिंह से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की शिष्टाचार मुलाकात

**● बाबू निरंजन प्रसाद सिंह जैसे वरिष्ठ नेता से मुलाकात प्रेरणादायक है, हम क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए मिलकर काम करेंगे - प्रदीप प्रसाद**



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को बरही विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे एवं चय प्रगाणां राजपूत समाज के अध्यक्ष बाबू निरंजन प्रसाद सिंह से अपनें कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात में विधायक प्रदीप प्रसाद ने बाबू निरंजन प्रसाद सिंह को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया और उनके योगदान को सराहा। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच वर्तमान राजनीतिक मुद्दों, क्षेत्रीय विकास, और जनता से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के साथ मुलाकात के दौरान राज्य और केंद्र की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने राजनीति में पारदर्शिता और जनता के हित में कार्य करने के लिए सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। क्षेत्रीय विकास हेतु क्षेत्र की सड़कों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा करते हुए दोनों नेताओं ने विकास कार्यों को तेज करने के लिए मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। सामाजिक एकजुटता प्रगाणां राजपूत समाज के अध्यक्ष के रूप में बाबू निरंजन प्रसाद सिंह ने समाज में एकता बनाए रखने और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। भविष्य की योजनाएं जनहितकारी योजनाओं को लेकर दोनों नेताओं ने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और क्षेत्र में बेहतर समन्वय के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

**बाबू निरंजन प्रसाद सिंह का योगदान**

बाबू निरंजन प्रसाद सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन में चार बार बरही विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए समर्पित भाव से काम किया है। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बाबू निरंजन प्रसाद सिंह जैसे वरिष्ठ और अनुभवी नेता से मुलाकात मेरे लिए एक प्रेरणादायक क्षण है। उनके अनुभवों और विचारों से सीखने का अवसर मिला। हम दोनों मिलकर क्षेत्र के विकास और जनता के कल्याण के लिए समर्पित रहेंगे। इस मुलाकात को स्थानीय राजनीति में एक नई दिशा और बेहतर तालमेल के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्षेत्र की जनता को इस बातचीत से काफी उम्मीदें हैं।

# ग्राम विकास समिति शिवपुर की ओर से जन संवाद सह वनभोज का आयोजन

**● हर छोटे बड़े मामले का निष्पादन करना समिति का लक्ष्य - राजीव रंजन**



स्वतंत्र प्रभात

**बरही-**बरही प्रखंड के अंतर्गत ग्राम शिवपुर में संचालित ग्राम विकास समिति की ओर से जन संवाद सह वनभोज के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समिति के सदस्यों के द्वारा समाज में विशेष पहचान रखने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन व संचालक मोहन प्रजापति ने किया जहां इन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान से ही इस समिति का गठन किया गया था जहां ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग दिया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव रंजन ने बताया कि समिति हर छोटे बड़े मामलों का निपटाराणा करना एक अंतिम उद्देश्य है जहां अब तक 80 मामलो का निष्पादन किया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार शामिल रहे। वही अन्य अतिथियों मे शाखा प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से पलामू से राहुल कतरियार, समाजसेवी अजीत प्रकाश कतरियार, समिति अध्यक्ष राजीव रंजन, सचिव मोहन प्रजापति, कोषाध्यक्ष पुरान राम, कार्यकारणी सदस्य महेन्द्र यादव, अनुज साव, कुणाल कतरियार, लक्ष्मण यादव, रामधनी साव, ललन राणा, अजय प्रजापति, तुलसी राम, भोला राम, सिकंदर प्रसाद कुशवाहा, पिंटू प्रजापति, विजय राम,ब्रजेन्द्र रविदास, विनय गोप, बिनोद कुमार, दिनेश रबीदास, राहुल, उदय, बाबूलाल यादव, नरेश प्रजापति, बहादुर साव सहित कई ग्रामीण शामिल रहे।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ, 19 बैचों को मिलेगा प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात




**पाकुड़-**"सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2024" के तहत पाकुड़ ज़िले के चार प्रखंडों (अमड़ापाड़ा, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, और पाकुड़िया) में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल (GPSD) का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। यह कार्यक्रम प्रखंड पंचायत संसाधन केंद्र और सभागार भवनों में आयोजित किया गया।

**उद्घाटन समारोह**-प्रखंड प्रमुख और विकास पदाधिकारियों द्वारा उद्घाटन किया गया।

**प्रशिक्षण संचालक**-प्रशिक्षण का संचालन मुखिया मास्टर ट्रेनर जॉन जंतु सोरेन, पूर्णेन्दु सरकार, सरिता मरांडी, और सलोमी बेसरा द्वारा किया गया।

**मास्टर ट्रेनरों का योगदान**-अन्य प्रशिक्षकों में सोराब अली, सोहेल शेख, अभिषेक गोंड, परेश भारती, सुमन कुमार, कमल पहाड़िया, इमरान आलम, वंदना कुमारी, और सायेम अख्तर शामिल रहे।

**प्रशिक्षण के मुख्य विषय**

1. पंचायती राज व्यवस्था और विकेंद्रीकरण नियोजन।
2. ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) के उद्देश्य और सतत विकास लक्ष्य।
3. सामाजिक और संसाधन मानचित्रण।
4. सामाजिक रूप से वंचित समूहों (जैसे एकल महिलाएं, वृद्ध, दिव्यांग) की पहचान।
5. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजनाओं का चयन।

**ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल की संरचना**

इस दल में पंचायत सचिव/रोजगार सेवक, जल सहिया, वीपीआरपी फैसिलिटेटर, स्थायी समिति के सदस्य (दो वार्ड सदस्य), और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शामिल हैं। बताया गया कि अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# पाकुड़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ रवाना, डीसी और एसपी ने दी हरी झंडी

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़-** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से पाकुड़ समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मनीष कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।

**प्रमुख पहल**

**जागरूकता रथ का उद्देश्य**-सड़क सुरक्षा के नियमों को जन-जन तक पहुंचाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना।

**शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम**-विभिन्न प्रतियोगिताओं और जागरूकता अभियानों का आयोजन।

**सड़क पर विशेष जागरूकता**-वाहन चालकों, यात्रियों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना।

**भागीदार विभाग**

परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, और सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को प्रभावी बनाया जाएगा। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि यह रथ पूरे जिले में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक करेगा। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

# वाहन के चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत

स्वतंत्र प्रभात




**दारु** -दारू प्रखंड के अंतर्गत एनएच 522 पिपचो में सड़क हादसा में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना करीब रात 8:00 बजे घटी है। युवक की पहचान पिपचो के खूबलाल सिंह उर्फ मल्लू सिंह (30) पिता स्व नांदों सिंह के रूप किया गया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृतक काम करके अपने घर लौट रहा था। इसी क्रम में एक अज्ञात वाहन उसे धक्का मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गया। उसी समय दूसरा अज्ञात वाहन का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। इससे युवक की मौके पर मौत हो गई। जब इसकी सूचना दारू थाना को दी गई तो। दारू थाना अपनी तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया। खूब लाल सिंह अविवाहित थे। जब खूबलाल सिंह के मृत्यु होने की सूचना उसके गांव में जैसे पहुंचा तो पूरे गांव में मातम छा गया। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयोजित की शोक सभा

स्वतंत्र प्रभात



**करों, देवघर, झारखंड-** करों प्रखंड के धर्मराज चौक पर बीते रविवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नेता धनंजय प्रसाद पांडेय और प्रखंड अध्यक्ष संजीव चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस सभा में दिवंगत मनमोहन सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता धनंजय पांडेय ने कहा, "डॉ. मनमोहन सिंह एक योग्य अर्थशास्त्री और शांतिप्रिय नेता थे। उनका जन्म 1932 में गाह गांव (पाकिस्तान के पंजाब) में हुआ था। उनकी सादगी और दूरदर्शी सोच हमेशा प्रेरणादायक रहेगी।"बीस सूत्री के पूर्व अध्यक्ष अजित कुमार सिंह ने डॉ. सिंह को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी। प्रखंड अध्यक्ष संजीव चौधरी ने उन्हें एक नम्र स्वभाव और आदर्श नेता बताया। इस अवसर पर कीर्तन तुरी, राजीव चौधरी, नवल सिंह, उत्तम सिंह, सागर दास, चंद्रदेव दास, अजय सिंह, असीत सिंह और अन्य स्थानीय नेता मौजूद रहे। सभा में डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन और उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# अपनी सुरभि बिखेर कहता सरसों के पीले फूल वर्तमान को सँवार, बीते पर क्या रोना?

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** मनीषियों ने चिंता व चीता को अभेद कहा है, कारण एक जीवित को और दुसरी शव जला डालती है। अस्तु वर्ष 2024 में कृषि योग्य मानसूनी वर्षा न होने से कृषक मित्रों को चिंतित होना स्वाभाविक था। जिससे रोपनी में विलम्ब होने से आशा के अनुरूप धान की फसल नहीं हो पाई। लेकिन, सरसों के पीले-पीले प्रसून अपनी सौंदर्य व सुगंध से किसानों को सुभाषित कर कृषि के प्रति प्रेरित कर रहा है। यद्यपि साल 2024 में मोटरसाइकिल चोरी एवम गोली कांड के अलावे किसी प्रकार की अप्रिय व बड़े अपराध की घटना की सूचना नहीं है। लेकिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अगस्त से प्रतिमाह एक तथा दिसम्बर से मइया सम्मान योजना के तहत् ढाई हजार रुपये मिलने की सूचना से प्रखण्ड में प्रसन्नता की लहर है और बहनों की मलिन चेहरे पर गहरी मुस्कान की छटा निखर रही है। बहरहाल, प्रखण्ड वासी थोड़ा गम और खुशियां लिये 2024 को विदा करने की तैयारी के साथ, अंग्रेजी नव वर्ष का अभिनंदन में जुटते दिख रहे हैं। किसी ने ठीक ही कहा है, हम भारतीय सबों का अभिनंदन करते रहें हैं पर हमें अपनी पूण्य धरा की सोंधी सुगन्ध ही प्यारी है।

# स्वस्थ जीवन व दीर्घ आयु के लिए हुए संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** -आयुष ग्राम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी की अध्यक्षता में रविवार को '100 वर्ष तक स्वस्थ कैसे रहें' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ व निरोगी रहते हुए दीर्घ आयु प्राप्त करने पर चर्चा की गई। संगोष्ठी में आचार्य डॉ मदन गोपाल वाजपेयी ने कहा कि सत्वसार व्यक्ति भी दीर्घायु होता है। सत्वसार व्यक्ति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि सतोगुण से सम्पन्न व्यक्ति ही सत्वसार होता है। सतोगुण की वृद्धि केवल जप, प्राणायाम, ईश्वर की आराधना, सत्साहित्य का अध्ययन, चिंतन, सत्संग, सद् आचरण से ही होती है। उन्होंने आगे कहा कि मानव जिस प्रकार का चिंतन करता हैं, जिस प्रकार का आहार ग्रहण करता हैं, जिस प्रकार का साहित्य पढ़ता हैं तथा जिस प्रकार के लोगों के बीच में रहता हैं, उसके भीतर उसी प्रकार के गुण विकसित होने लगते हैं। ऋषिकुल परिसर आयुर्वेद विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रो अनूप कुमार गक्खड़ ने बताया कि कलियुग में मनुष्य की आयु 100 वर्ष मानी गई है तथा आयुर्वेद में 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने का विधान बताया गया है। आयुर्वेद का प्रमुख उद्देश्य स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना है इसलिए आयुर्वेद में रोग उत्पन्न करने वाले कारकों पर प्रकाश डाला गया। कहा कि रोग उत्पन्न करने वाले कारकों बचाव करके 100 वर्ष तक स्वस्थ रहना संभव है।

बताया कि रोग उत्पन्न करने वाले कारकों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हमारा आहार है। कहा कि अन्न शुद्ध, काल शुद्ध एवं भाव शुद्ध आहार का सेवन करने पर हम 100 वर्ष तक स्वस्थ रह सकते हैं। बताया कि अन्न शुद्ध मतलब अन्न एक वर्ष और अधिकतम दो वर्ष पुराना होना चाहिए। काल शुद्ध मतलब जिस ऋतु में आहार उत्पन्न होता है, उसका सेवन उसी ऋतु में करना चाहिए। भाव शुद्ध मतलब भोजन शुद्ध एवं पवित्र मन से रुचिपूर्वक बनाना चाहिए और वह ईमानदारी पूर्वक अर्जित किया होना चाहिए। बताया कि यदि भोजन क्रोध में बनाया गया है, तो भोजन करने वाले को भी अकारण क्रोध आएगा। यदि भोजन बेईमानी से अर्जित किया गया है, तो वह निश्चित रूप से मन को गलत कार्यों की ओर ले जायेगा जो अंततः रोग का कारण बनेगा। उन्होंने सदाचारण पर भी जोर दिया। बताया कि रोगों का एक अन्य प्रमुख कारण अधारणीय वेगों को रोकना भी बताया। साहित्याचार्य रंजन प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आयुर्वेद आयु का ज्ञान प्राप्त करने का विज्ञान है और आयुर्वेद में बताए गए सिद्धांतों का पालन करके कोई भी व्यक्ति 100 वर्ष तक जीवित रह सकता है। डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि आयुर्वेद में प्रातः काल ब्रह्ममुहूर्त में उठ कर योग, प्राणायाम, जप, पूजन व स्वास्थ्यप्रद आहार करते हुए 100 वर्ष तक जीवित रहने विधान बताया गया है। डॉ वेद प्रताप वाजपेयी ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा का विधान बताता है तथा रोगी के रोग के शमन का विधान बताता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ वेद प्रताप वाजपेयी ने किया। संगोष्ठी में आयुष ग्राम गुरुकुलम की प्राचार्य सीमा विश्वकर्मा, आचार्य शिवसागर सिंह, आचार्य भानु प्रताप वाजपेयी, आयुष ग्राम (ट्रस्ट) के प्रबन्धक बाल्मीकि द्विवेदी, कार्यपालन अधिकारी आलोक कुमार, गीतांजलि, डॉ सीताराम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पौष माह की अमावस्या मेले के तहत एएसपी ने की पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट** - पौष मास सोमवती अमावस्या मेले के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि ने रविवार को मेला ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करते हुए मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सभी पुलिस कर्मियों से कहा कि सभी अपने ड्यूटी स्थान पर समय से होकर सतर्कतापूर्वक कार्य करें। किसी भी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा ड्यूटी में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा सभी लोग ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करते हुए मेल को सकुशल संपन्न कराएं। बताया कि मेले के दृष्टिगम पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोनों व 15 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा आठ पुलिस क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी निरीक्षक, 16 निरीक्षक, 135 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 366 मुख्य आरक्षी व आरक्षी, 78 महिला आरक्षी, चार उपनिरीक्षक यातायात, 40 मुख्य आरक्षी व आरक्षी यातायात, एक पीएससी कंपनी, एक प्लाटून, एक फ्लड पीएसी, पांच उपनिरीक्षक एलआईयू, 22 मुख्य आरक्षी व आरक्षी एलआईयू, एक एसचेक टीम, दो डॉग स्क्वायड, एक बीडीडीएस, छह फायर टेण्डर, तीन क्रेन की ड्यूटी लगाई गई है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स अरविन्द वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चों को किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात



**मऊ, चित्रकूट-**महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा के निर्देशन में रविवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय टिकरा मऊ के 30 बच्चों को एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत बस को रवाना किया गया। बस को खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य व ग्राम प्रधान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मऊ के खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने बताया कि स्कूल शिक्षा के महानिदेशक द्वारा निर्धारित स्थानों के अनुसार बच्चे एनटीपीसी बारा संग्रहालय प्रयागराज, कंपनी बाग, तारामंडल, आनंद भवन, चंद्रशेखर आजाद पार्क, म्यूजियम इलाहाबाद विश्वविद्यालय, हाथी पार्क, लोक सेवा आयोग सहित अन्य जगहों को भ्रमण कर यात्रा वृतांत लिखेंगे। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार दिया जाएगा। बताया कि इससे बच्चों में लेखनी से लेकर यात्रा, निबंध इत्यादि में सुधार होगा तथा उनका पर्यावरण, भूगोल विज्ञान तथा ऐतिहासिकता के साथ मानसिक तथा सार्वभौमिक विकास होगा। प्रधानाध्यापक राजबली ने बताया कि भ्रमण के लिए रवाना किए गए 30 बच्चों को टी-शर्ट, स्वेटर, टोपी, बैग, पेन, डायरी आदि प्रदान किया गया। साथ ही सभी को 50-50 रुपये की धनराशि भी दी गई है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुनीता देवी, माता समूह की अध्यक्ष निर्मला देवी, सहायक अध्यापक कृष्ण कुमार, चरण सिंह, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार विवाद

**सरदार की नहीं, सरकार की मिटटी पलीद**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मन मोहन सिंह अपनी जीवन यात्रा के पूर्ण होने के बाद भी मौन ही रहे, उनके अंतिम संस्कार स्थल को लेकर देश की सरकार ने जो संकीर्णता दिखाई उससे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री सरदार डॉ मन मोहन सिंह की नहीं बल्कि देश की सरकार की मिटटी पलीद हो गयी। डॉ मन मोहन सिंह की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर हुआ तो भी उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा लेकिन ये सवाल जरूर खड़ा हो गया कि देश के किसी पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार को लेकर सरकार के पास कोई मान्य नियमावली है या सब कुछ मनमानी से होता है। कांग्रेस ने डॉ मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार ऐसे स्थल पर करने के लिए सरकार से आग्रह किया था जहां उनका स्मारक बनाया जा सके, लेकिन सरकार ने कांग्रेस का आग्रह नहीं माना और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार एक सामान्य नागरिक की तरह निगम बोध श्मशान में करा दिया। सरकार का हाथ कोई रोक नहीं सकता। और डॉ मनमोहन सिंह ने ऐसी कोई वसीयत छोड़ी नहीं थी जिसमें उन्होंने अपने अंतिम संस्कार के लिए कोई ख़ास स्थान की इच्छा जताई होती। ऐसे में सरकार का निर्णय ही अंतिम होना था सो हुआ।

मुझे याद है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का अंतिम संस्कार 17 अगस्त 2018 को विजयघाट पर किया गया था, लेकिन तब अटल जी की पार्टी की सरकार थी और कल जब डॉ मन मोहन सिंह का अंतिम संस्कार किया गया तब उनकी पार्टी की सरकार नहीं थी अन्यथा वे भी किसी विजय घाट पर ही अग्नि की समर्पित किये जाते। दुर्भाग्य ये है कि संकीर्णता का प्रदर्शन करने वाली सरकार अब डॉ मन मोहन सिंह के अंतिम संस्कार के फैसले पर खेद प्रकट करने के बजाय पूरी बेशर्मी से राजनीति कर रही है। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर छुटभैया भाजपा नेता तक अपनी सरकार के फैसले का बचाव करने में लगे हैं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए स्थल के चयन और उनके नाम पर स्मारक को लेकर सियासी घमासान मच गया. कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जहां केंद्र सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति का 'अपमान' करने का आरोप लगाया.। वहीं बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पूर्व प्रधानमंत्री के दुखद निधन पर भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित की थी और उनके परिवार को इसकी जानकारी भी दी थी. उन्होंने कहा, 'कांग्रेस की ऐसी ओछी सोच की जितनी भी निंदा की जाए कम है. कांग्रेस, जिसने मनमोहन सिंह को उनके जीवित रहते कभी वास्तविक सम्मान नहीं दिया, अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है । 'इससे पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए उचित स्थान न देने का आरोप लगाया है, जहां बाद में उनका स्मारक बनाया जा सकता था. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी ने केंद्र सरकार ने मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर 'भारत माता के महान सपूत और सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री' का सरासर अपमान किया है।



दुनिया भर में आज तक सभी पूर्व राष्ट्र प्रमुखों की गरिमा का आदर करते हुए उनके अंतिम संस्कार अधिकृत समाधि स्थलों में किए जाते हैं ताकि हर व्यक्ति बिना किसी असुविधा के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दे पाए। ,लेकिन इस मुद्दे पर सियासत केवल भारत में होती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यथोचित स्थान उपलब्ध नहीं करा कर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के पद की गरिमा, मनमोहन सिंह जी की शख्सियत, उनकी विरासत और खुद्दार सिख समुदाय के साथ न्याय नहीं किया। आपको बता दें की राष्ट्रिय स्मारक स्थल के लिए यूपीए सरकार के जमाने में 2013 में अलग से जिस जगह का आवंटन किया गया था वहीं पर 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार किया गया था, लेकिन डॉ मन मोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर कराया गया । सरकार के फैसले से डॉ मन मोहन सिंह के परिजन दुखी हैं या नहीं लेकिन पूरा सिख समुदाय अपने आपको अपमानित अनुभव कर रहा है।दु:ख की बात तो ये है कि अपनी सरकार के गलत फैसले के खिलाफ केंद्रीय मंत्रिमंडल के अकेले सिख मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी कुछ नहीं बोले। बोलते कैसे, इतना साहस ही नहीं था उनमे । वे कोई डॉ मनमोहन सिंह थोड़े ही हैं लगता है कि सरकार डॉ मन मोहन सिंह की मिटटी पलीद करना चाहती थी किन्तु उसके फैसले से खुद सरकार की मिटटी पलीद हो गयी। पूरी दुनिया ने देखा की निगम बोध घाट पर कैसे प्रबंध थे । डॉ मन मोहन सिंह के परिजनों तक के बैठने का इन्तिजाम नहीं था । दूरदर्शन को छोड़ किसी दूसरे टीवी चैनल के कैमरे अंदर नहीं जाने दिए गए। डॉ मन मोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए स्थल चयन के पीछे सरकार की कौन सी मानसिकता थी इसका आकलन समय करेगा,किन्तु अब ये सवाल भी मुंह बाये खड़ा है कि क्या भविष्य में भी देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों के अंतिम संस्कार के समय इसी तरह के विवाद खड़े होंगे या इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट प्रोटोकॉल तय किया जाएगा ? क्योंकि मरना तो सभी को है ,कोई अमरौती खाकर नहीं आया। और कोई भला आदमी मरने से पहले अपने अंतिम संस्कार के लिए वसीयत लिखने से रहा। भाजपा कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी का अंतिम संस्कार विजयघाट पर कराया था और अब आठ साल बाद 20 करोड़ कि लागत से स्मारक बनवा रही है ग्वालियर में।

**राकेश अचल**

# बिछुड़े सभी बारी-बारी

समझ ही नहीं आता, कभी-कभी कलम भी साथ नहीं देती जब सोचती हूं कि कितने अच्छे लोग जिनका अश्विनी जी और हमारे परिवार से गहरा संबंध था। जो देश के लिए तो महत्वपूर्ण थे, हमारे लिए भी बहुत महत्वपूर्ण थे। जिनके साथ बड़े भावुकतापूर्ण रिश्ते थे। अश्विनी जी को गए 5 वर्ष होने वाले हैं, जिनके साथ-साथ कई ऐसे लोग, नेता चले गए जो बहुत अपने थे। सुषमा जी, शीला दीक्षित जी, अरुण जेतली जी, अटल ?बिहारी वाजपेयी जी और अब मनमोहन सिंह जी तथा चौटाला जी जो राजनीति के टॉप के राजनेता थे। सभी को देखा जाए तो अश्विनी जी से सबका बहुत स्नेह था, फिर भी कलम निष्पक्ष चलती थी और यह लोग कभी बुरा नहीं मानते थे। हमेशा अश्विनी जी को प्यार और स्नेह देते थे। सही मायने में सभी कुशल राजनीतिक नेता थे। सच पूछो तो हमारी मातृभूमि ने ऐसे महान नेताओं को जन्म दिया जिन्होंने न केवल अपने विचारों और कार्यों से भारत को गौरवान्वित किया, बल्कि अपनी सादगी, समर्पण और कर्मठता से हर भारतीय के दिल में अमिट छाप छोड़ी डा. मनमोहन सिंह जी एक कुशल अर्थशास्त्री, नीतिशास्त्री और सादगी के प्रतीक ने भारत की आर्थिक नीति को एक नई दिशा दी, उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक उदारीकरण और प्रगति का एक स्वर्णिम युग देखा। उनकी सोच, शालीनता और दूरदर्शिता ने उन्हें हर वर्ग के लिए आदरणीय बनाया। उनका योगदान केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनकी ईमानदारी और सादगी ने उन्हें देश का सच्चा सेवक बनाया। उन्होंने हमें सिखाया कि सेवा, सादगी और समर्पण ही सच्चे नेता की पहचान है। उनका जीवन और कार्य हमेशा हमें प्रेरित करेंगे। भले ही वे हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं लेकिन उनकी विरासत और विचार सदैव जीवित रहेंगे।

मुझे आज भी याद है जब 2004 में अ?भषेक मनु सिंघवी द्वारा डिनर दिया गया, लोकसभा चुनाव के नतीजे एक दिन बाद आए थे, ऐसे में अश्विनी जी और मेरी मनमोहन सिंह जी और उनकी पत्नी से मुलाकात हुई। अश्विनी जी की हमेशा की आदत थी उनसे स्नेह भी करते थे और मजाक भी करते थे। अचानक उस समय अश्विनी जी ने कहा, ''अरे सरदार जी आप यहां क्या कर रहे हो, आपका इंतजार प्रधानमंत्री की कुर्सी कर रही है। श्रीमती मनमोहन सिंह जी ने मुझे घूर कर देखा और स. मनमोहन सिंह जी बड़ी धीमी मधुर आवाज में बोले, ''देखो किरण जी, अश्विनी फिर मेरे साथ मजाक कर रहा है, इसे रोको।'' मैंने अश्विनी जी की तरफ देखा। अश्विनी जी ने कहा, मैं मजाक नहीं कर रहा, यह प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। मैंने तब उनको कहा था कि क्यों एक शरीफ व्यक्ति को छेड़ रहे हो। कुरदत के खेल देखो वो 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे और अश्विनी जी के साथ उनका खट्टा-मिठ्टा रिश्ता चलता रहा। इसी तरह अश्विनी जी का चौधरी देवी लाल जी से दादा-पोते वाला प्यार था परन्तु ओमप्रकाश?चौटाला जी के साथ खट्टा-मिट्ठा रिश्ता था, क्योंकि चौटाला परिवार से बहुत लगाव था। ओम प्रकाश चौटाला जी से स्नेह था परन्तु उनकी नीतियों और कार्यशैली के विरुद्ध लिखने को कभी परहेज नहीं करते थे। वो एक शुद्ध राजनीतिक नेता थे। जब भी मुझे मिलते मैं उनके पांव को हाथ लगाती, क्योंकि हमारे परिवार के संस्कार थे और वह हमेशा मुझसे अश्विनी जी की शिकायत लगाते थे कि मैं तो होम मनिस्टर को ही कह सकता हूं, अश्विनी तो मेरी सुनता ही नहीं। ऐसे ही वाजपेयी जी का जब हम सब 100वां जन्मदिवस मना रहे हैं तो अश्विनी जी और उनका प्यार भी छुपा नहीं रह सकता। अश्विनी जी उन्हें कभी अटल जी, कभी बाप जी कहते थे। वह भी एक ऐसे राजनीतिक नेता थे कि अश्विनी जी की कलम की बहुत तारीफ करते थे। एक बार अश्विनी जी ने उनके बारे प्रशंसा में आर्टिकल लिखा तो उन्होंने फोन करके कहा, आज मैं बहुत खुश हूं, तुमने मुझे पर्वत पर चढ़ा दिया, पर तेरा भरोसा नहीं कब तू कुछ ऐसा लिख देगा कि मुझे एकदम पर्वत से गिरा देगा। ऐसे ही सन् 2019 हमारे दोनों के लिए कयामत लेकर आया। पहले बैस्ट दिल्ली की सीएम रहीं शीला दीक्षित जो मुझे जादू की झप्पी देती थी, चल बसी। फिर अश्विनी जी को राखी बांधने वाली सुषमा जी जिनके साथ मैंने 28 साल करवा चौथ मनाया। फिर मेरे प्यारे भाई अरुण जेतली जी, जिनका आज हम सब जन्मदिवस मना रहे हैं। फिर 2020, 18 जनवरी को अश्विनी जी....। अब तो कलम जवाब दे रही है आगे नहीं लिख पाऊंगी....।

# शहर से गांव की दूरी?

आर्थिक उदारीकरण के बाद देश में जबरदस्त परिवर्तन आया। उदार नीतियों के चलते औद्योगिकीकरण और शहरीकरण बढ़ा। गांव से शहरों की ओर पलायन भी बढ़ा लेकिन जैसे-जैसे उदारीकरण का लाभ लोगों तक पहुंचता गया और उनकी क्रय शक्ति भी बढ़ती गई। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत की अर्थव्यवस्था अब विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इसके बावजूद शहरों और गांव में रहने वाले भारतीयों के खर्च में काफी अंतर देखने को मिला। भारत में जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण क्षेत्रों में रहता है। ग्रामीण विकास न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली अधिकांश आबादी के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्र की समग्र आर्थिक वृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण है। देश के विकास की प्रक्रिया में ग्रामीण विकास को अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। गांव वाले खुश होंगे तो देश भी खुशहाल होगा। वैश्विकरण के इस दौर में शहरों और गांव में खान-पान की आदतों में अंतर खत्म होता जा रहा है।

गांव में बसने वाले लोग भी अब चीजें खरीदने में खुलकर पैसे खर्च कर रहे हैं। इसका असर यह हुआ है कि अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच खपत का अंतर कम हो गया है। ताजा घरेलू उपभोग खर्च सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है कि अगस्त 2023-जुलाई 2024 के दौरान गांव और शहरी क्षेत्रों में खपत का फासला एक साल पहले की तुलना में घटा है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर दिए हैं। उनसे पता चलता है कि प्रति व्यक्ति कुल मासिक उपभोग व्यय में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी 2023-24 के दौरान ग्रामीण इलाकों में 47.04 फीसदी जबकि शहरों में 39.7 फीसदी है। एक साल पहले यानी 2022-23 में यह आंकड़ा क्रम से 46.4 फीसदी और 39.2 फीसदी था। एनएसओ के सर्वेक्षण से पता चलता है कि 2023-24 की अवधि में ग्रामीण परिवारों का मासिक घरेलू खर्च 2023-24 में नॉमिनल कीमतों पर 9.2 फीसदी बढ़कर 4,122 रुपये हो गया। इस दौरान शहरी परिवारों का मासिक घरेलू खर्च 8.3 फीसदी बढ़कर 6,996 रुपये हो गया। इन आंकड़ों में विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये परिवारों को मिलने वाली मुफ्त वस्तुओं के मूल्यों को शामिल नहीं किया गया है। आंकड़ों से पता चलता है कि अनाज पर गांवों और शहरों दोनों इलाकों में परिवारों के खर्च में क्रमशः 4.99 फीसदी और 3.76 फीसदी की वृद्धि हुई। एक साल पहले यह आंकड़ा क्रमशः 4.91 फीसदी और 3.64 फीसदी रहा था। यह ऐसे समय में



दिखा है जब ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में अनाज पर औसत मासिक प्रति व्यक्ति मात्रात्मक खपत में गिरावट आई है।

आंकड़े यह भी बताते हैं कि ग्रामीण उपभोग में वृद्धि की रफ्तार तेज रहने के कारण गांव और शहरी परिवारों के बीच औसत मासिक उपभोग व्यय में अंतर 2023-24 में 69.7 फीसदी तक कम हो गया है जबकि एक साल पहले या?नी 2022-23 की इसी अवधि में 71.2 फीसदी था। यह सभी आंकड़े ग्रामीण अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर तो पेश करते हैं मगर आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य वस्तुओं पर खर्च की हिस्सेदारी बढ़ने का एक बड़ा कारण महंगाई है। मुद्रा स्फीति पिछले एक साल से काफी तेज रही है। सब्जियों, फलों और दालों सहित लगभग सभी खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में निश्चित तौर पर परिवारों का बजट प्रभावित हुआ है। अब सवाल यह है कि क्या गांव वालों की खान-पान की आदतों में बदलाव आ रहा है। आमतौर पर कोई भी रुझान एक साल के भीतर नहीं बदलता। दूसरी तरफ कुछ आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि देश में गरीबी का स्तर कम हुआ है और इन आंकड़ों में यह भी दिखाई देता है कि देश की समृद्धि का फायदा शहरी लोगों तक ही नहीं बल्कि ग्रामीणों को भी मिल रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं से भी लोग लाभान्वित हो रहे हैं। गांव के लोग भी अब बेवरेज और प्रोसैस्ड फूड पर अच्छा खासा खर्च कर रहे हैं लेकिन उपभोग व्यय में बिहार सबसे पीछे है। तेलंगाना, तमिलनाडु जैसे राज्यों में ग्रामीण उपभोग व्यय भी बिहार, झारखंड व उत्तर प्रदेश के शहरी उपभोग व्यय से अधिक है। बिहार में प्रति व्यक्ति मासिक शहरी उपभोग व्यय 5080 है जबकि तेलंगाना व तमिलनाडु का ग्रामीण मासिक व्यय क्रमशः 5435 व 5701 रुपए हैं। उत्तर प्रदेश का शहरी मासिक व्यय 5395 तो झारखंड का 5393 है। दिल्ली में शहरी इलाके में उपभोग व्यय 8534 व ग्रामीण इलाके में 7400 रुपए हैं।अर्थशास्त्रियों की अलग-अलग राय के बावजूद ताजा आंकड़े राहत देने वाले हैं। ग्रामीण विकास को आर्थिक विकास का चालक बनाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना है। गांव में बुनियादी ढांचा विकसित करना और उनके उत्पादों को बाजार तक पहुंचाना भी महत्वपूर्ण है। अगर गांव वालों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिले और उनकी जेब में पैसा बचे तो ही वे बाजार में खरीदारी करने निकलेंगे। इससे मांग बढ़ेगी तो उत्पादकता भी बढ़ेगी। इसलिए ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाना जरूरी है।


**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,**
**मो0: 7499472288**

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।


# संपादकीय

## साइबर अपराध बनाम डिजिटल नवाचार- बैंकिंग का भविष्य

हाल के वर्षों में डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन बैंकिंग के क्षेत्र में अप्रत्याशित प्रगति देखी गई है। यह तकनीकी क्रांति न केवल ग्राहकों के लिए सुविधाजनक और तीव्र सेवाओं का द्वार खोल रही है, बल्कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली को एक नई ऊंचाई और दिशा प्रदान कर रही है। जहां एक ओर डिजिटल युग ने लेन-देन को सहज, सरल और सुलभ बनाया है, वहीं दूसरी ओर साइबर धोखाधड़ी और बैंकिंग सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं ने गंभीर चुनौतियों का रूप ले लिया है। 2024-25 की पहली छमाही में बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों में 21,367 करोड़ रुपये की भारी वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में आठ गुना अधिक है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है, जो अपनी सुरक्षा प्रणाली को पुनः परिभाषित करने और डिजिटल सुरक्षा में नवाचार के नए अवसर खोजने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। डिजिटल बैंकिंग ने वित्तीय लेन-देन को सरल और व्यापक बना दिया है। यूपीआई, नेट बैंकिंग, मोबाइल वॉलेट्स जैसे प्लेटफॉर्म ने ग्राहकों के जीवन को सुगम बनाया है। लेकिन बढ़ते उपयोग के साथ धोखाधड़ी की घटनाएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ये घटनाएं न केवल वित्तीय नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि ग्राहकों के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विश्वास को भी डगमगा देती हैं। डिजिटल बैंकिंग की इस बढ़ती चुनौती का समाधान करने के लिए उन्नत तकनीकों और सशक्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। इसमें केवल बैंकों की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करना ही नहीं, बल्कि ग्राहकों को भी ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूक करना अनिवार्य हो जाता है। बैंकिंग क्षेत्र में साइबर धोखाधड़ी की समस्या का समाधान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( AI ) और मशीन लर्निंग ( ML ) आधारित तकनीकों का उपयोग बढ़ रहा है। ये तकनीकें संदिग्ध लेन-देन की वास्तविक समय में पहचान करने और उन्हें रोकने में सहायक साबित हो रही हैं। उदाहरण के लिए, AI-आधारित प्रणाली किसी भी असामान्य गतिविधि का तुरंत पता लगाकर संबंधित पक्षों को सतर्क कर सकती है। इसके अलावा, बैंकों को मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, डेटा एन्क्रिप्शन, और ब्लॉकचेन तकनीक जैसे उन्नत सुरक्षा उपायों को अपनाना चाहिए।



ब्लॉकचेन तकनीक लेन-देन को पारदर्शी और सुरक्षित बनाती है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना न्यूनतम हो जाती है। साइबर धोखाधड़ी को रोकने में तकनीकी उपाय जितने महत्वपूर्ण हैं, उतनी ही महत्वपूर्ण ग्राहकों की जागरूकता भी है। बैंकों को नियमित जागरूकता अभियान चलाने चाहिए, जिनमें ग्राहकों को फिशिंग, मालवेयर, और अन्य ऑनलाइन खतरों से बचने के उपाय बताए जाएं। ग्राहकों को यह सिखाना आवश्यक है कि वे संदिग्ध ईमेल, एसएमएस, और फोन कॉल्स से कैसे बचें। उन्हें यह भी जानकारी दी जानी चाहिए कि अपनी निजी जानकारी, जैसे पिन और ओटीपी, को कभी भी साझा न करें। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न केवल ग्राहकों को सतर्क बनाते हैं, बल्कि उन्हें डिजिटल उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने में भी मदद करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ( RBI ) और अन्य नियामक संस्थाओं ने साइबर धोखाधड़ी से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन इन प्रयासों को और प्रभावी बनाने के लिए बैंकों, तकनीकी कंपनियों, और सरकारी संस्थानों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता है। यह सहयोग न केवल सुरक्षा उपायों को और अधिक सुदृढ़ करेगा, बल्कि नवाचार को भी प्रोत्साहित करेगा। बैंकों को अपनी सुरक्षा प्रणालियों को नियमित रूप से अपडेट करना चाहिए और साइबर खतरों से निपटने के लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाना चाहिए। भारत में यूपीआई और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को आसान और तेज बना दिया है। लेकिन धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाएं ग्राहकों के विश्वास को कमजोर कर सकती हैं। इसलिए, बैंकों और नियामक संस्थाओं को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि ग्राहक डिजिटल क्रांति पर अपना विश्वास बनाए रखें। बैंकों को उन्नत मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करना चाहिए, जो लेन-देन की वास्तविक समय में निगरानी कर सके। ये सिस्टम संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर उन्हें तुरंत रोकने में सक्षम होंगे। डिजिटल बैंकिंग में डेटा गोपनीयता एक महत्वपूर्ण पहलू है। बैंकों को अपने ग्राहकों के निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त नीतियां लागू करनी चाहिए। ये नीतियां न केवल अनधिकृत पहुंच को रोकेंगी, बल्कि ग्राहकों को यह विश्वास भी दिलाएंगी कि उनका डेटा सुरक्षित है। इसके अलावा, बैंकों को ग्राहकों के साथ पारदर्शी संवाद बनाए रखना चाहिए। यह पारदर्शिता ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करने और बैंकिंग प्रणाली को अधिक विश्वसनीय बनाने में मदद करेगी। डिजिटल युग में बैंकिंग धोखाधड़ी के बढ़ते आंकड़े एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन इन्हें नवाचार और सुधार के अवसर के रूप में भी देखा जा सकता है। उन्नत तकनीकों, जैसे कि ब्लॉकचेन, बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन, और क्लाउड कंप्यूटिंग, का उपयोग करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। ग्राहकों को भी डिजिटल उपकरणों का सुरक्षित उपयोग सिखाने और साइबर खतरों के प्रति सतर्क करने की आवश्यकता है। यह सामूहिक प्रयास न केवल धोखाधड़ी पर नियंत्रण स्थापित करेगा, बल्कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली को डिजिटल युग में एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में आई क्रांति ने जहां अनगिनत संभावनाएं खोली हैं, वहीं इसके साथ कई चुनौतियां भी आई हैं। साइबर धोखाधड़ी और सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं न केवल बैंकिंग प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, बल्कि उन्हें सुधार और नवाचार के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए। यह समय है कि बैंकिंग संस्थान, ग्राहक, और नियामक संस्थाएं मिलकर काम करें। उन्नत तकनीक, सशक्त सुरक्षा उपाय, और व्यापक जागरूकता के माध्यम से इन चुनौतियों को अवसरों में बदला जा सकता है। भारतीय बैंकिंग प्रणाली, यदि सही दिशा में कदम उठाए, तो न केवल साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगा सकती है, बल्कि डिजिटल युग में एक नई मिसाल भी कायम कर सकती है।

**प्रो. आरके जैन**

# बिहार में 'भगवा सम्राट' की ताजपोशी होगी?

**'मंदिर की सीढ़ियों पर जलते दीयों से ये वास्ता है मेरा**
**मैं इबादत में नहीं हूं, पर रोज़ का ये रास्ता है मेरा'**

सियासत को भी रंग बदलना क्या खूब आता है और इसकी तासीर में अगर भगवा रंग घुल जाए तो रंग आसमानों के भी बदल सकते हैं। यही कुछ बिहार में हो रहा है, नीतीश कुमार को महिमा मंडित करने वाले भगवा बयानों की झड़ी है, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने तो नीतीश कुमार के लिए 'भारत रत्न' की मांग कर दी है, अब नीतीश बाबू कोई सचिन तेंदुलकर तो हैं नहीं जो भारत रत्न लेकर भी चौके-छक्के उड़ाते दिखें, औरों का माल टीवी पर बेचते दिखें। यानी भाजपा का इरादा साफ दिखता है कि सुशासन बाबू भारत रत्न लेकर सियासी लहरें गिनें और बिहार में भगवा पार्टी के लिए पूरा मैदान खाली करें। सूत्रों का दावा है कि भाजपा ने बिहार में नीतीश के विकल्प के तौर पर पिछड़ी जाति की नुमाइंदगी करने वाले अपने मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर दांव लगाने का पूरा मन बना लिया है। इस बात के इशारे तब से मिलने लगे हैं जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 21 दिसंबर को जैसलमेर में हो रही जीएसटी काउंसिल की एक अहम बैठक को अधबीच छोड़ वे एक खास विमान से दिल्ली के लिए उड़ गए, जहां उनकी एक बड़े नेता से एक आपात बैठक आहूत थी। भाजपा भले ही अब खुले मंचों से यह कहते घूम रही है कि '2025 का आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा, पर भगवा इरादों की भनक अब तलक किसी को कभी लग पाई है क्या?' सम्राट चौधरी पर दांव लगाने के पीछे भाजपा नेतृत्व का तर्क है कि सम्राट चौधरी एक जुझारू प्रवृति के नेता हैं जो कोइरी जाति से ताल्लुक रखते हैं। सम्राट के पिता शकुनि चौधरी भी बिहार में कोइरी जाति के बड़े नेताओं में शुमार होते हैं, सम्राट ने पहले से ऐलान कर दिया है कि 'वे अपने पिता के 89वें बर्थडे यानि 4 जनवरी को बेहद धूमधाम से मनाएंगे।' सब भाजपा की सुविचारित रणनीतियों के मुताबिक चला तो नीतीश अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए बिहार चुनाव से पूर्व भी सम्राट के लिए अपनी गद्दी छोड़ सकते हैं। ऐसे हुआ तो फिर बिहार में भगवा इरादे फलफूल सकते हैं।

**भाजपा का नया अध्यक्ष कब तक?**

भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर कयासों का बाजार गर्म है, रोज एक नया नाम हवाओं की सिरमौरी में शामिल हो जाता है। सूत्रों की मानें तो पार्टी का नया अध्यक्ष भाजपा के बड़े नेताओं की पसंद का होगा। नए अध्यक्ष की घोषणा 20 जनवरी या फिर दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद हो सकती है। अध्यक्षीय कड़ी में नया नाम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जुड़ा है। इन्हें औचक तरीके से ओडिशा के राज्यपाल पद से इस्तीफा दिलवाया गया है। यह तेली यानि बनिया जाति से आते हैं जो झारखंड में पिछड़ी जाति में शुमार है। दास राज्य के मुख्यमंत्री, विधायक दल के नेता और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं, इन्हें संगठन चलाने का अनुभव भी है, पर चूंकि पार्टी को झारखंड में भी अपने लिए एक नए सिरमौर की तलाश है, सो उन्हें वहां का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया जा सकता है। पर सबसे बड़ा दावा मनोहर लाल खट्टर के नाम को लेकर है। संघ चाहता है कि अगला अध्यक्ष कम से कम उस कद का हो जो फोन उठा कर सीधे पीएम मोदी संग संवाद स्थापित कर सकें। इस नाते भी खट्टर का दावा सबसे मजबूत है, वे मोदी के पुराने दोस्तों में शुमार होते हैं। संघ के वे प्रचारक रह चुके हैं, आज भी संघ से उनके निजी ?रिश्ते बेहद मधुर हैं। संघ में काम करते हुए वे जम्मू-कश्मीर, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों के क्षेत्रीय प्रभारी भी रह चुके हैं, नाम तो मुरलीधर राव, धर्मेंद्र प्रधान व भूपेंद्र यादव के भी चल रहे हैं, पर मोदी के मन में क्या है यह तो बस परमात्मा ही जानता है।

**निर्मला व वसुंधरा भी हैं रेस में**

संघ की ओर से हरियाणा चुनाव से पहले ये विचार आया था कि चूंकि 2025 में संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है, सो नए मिथक गढ़ने के लिए भाजपा को पहली महिला अध्यक्ष मिलनी चाहिए। इस कड़ी में पहला नाम राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का उछला। इसके बाद वसुंधरा की पीएम से वन-टू-वन तीन मुलाकातें भी हो गईं। इसके बाद वसुंधरा को भी सार्वजनिक रूप से कहना पड़ा कि झालावाड़ को उसके हिस्से का पानी दिलाने के लिए वह पीएम से मिली थीं जो किसी कारणवश कोटा चला गया है। खैर, इस कड़ी में सबसे ताजा नाम केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जुड़ा है। जो चेन्नई में पैदा हुईं, वहां पली-बढ़ीं, इनकी शादी हैदराबाद में हुई और जो एक अन्य दक्षिण भारतीय राज्य कर्नाटक से राज्यसभा सांसद हैं। इन्होंने अपनी हायर एजुकेशन नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से पूरी की है, कहते हैं इस विश्वविद्यालय की कोख से प्रगतिशील विचारधारा पनपती है। डॉ. मनमोहन सिंह के बाद वह पहली ऐसी वित्त मंत्री हैं जिन्होंने बतौर वित्त मंत्री अपना पूरा कार्यकाल पूर्ण किया है। इस दफे जब संसद में संविधान दिवस पर चर्चा शुरू होनी थी तो यह कार्य पहले जेपी नड्डा को सौंपा गया था, पर बाद में इस चर्चा की शुरूआत निर्मला सीतारमण से कराई गई।

**क्या अमेरिका में भारतीयों पर गिरेगी गाज?**

आने वाली 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रंप दोबारा अमेरिका के सिंहासन पर काबिज होने जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो अपने पद पर दुबारा काबिज होते ही ट्रंप अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं और वह फैसला होगा 15 लाख ऐसे अप्रवासियों को 'देश निकाला' देना जो पिछले कई सालों से गैर कानूनी तरीके से अमेरिका में रह रहे हैं। वहां के 'यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट' ने इस सूची को अंतिम रूप दिया है। इस कड़ी में डेढ़ लाख ऐसे अप्रवासियों की पहली सूची तैयार की गई है जिन्हें यह साल शुरू होते ही अमेरिका से 'देश निकाला' मिल जाएगा। दुर्भाग्यवश इस पहली लिस्ट में 17,940 ऐसे भारतीयों के नाम भी शामिल हैं जिन पर यह गाज गिर सकती है, इस लिस्ट में शामिल भारतीयों में सबसे ज्यादा लोग गुजरात, पंजाब और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से हैं। सूत्रों की मानें तो अमेरिका के होमलैंड सिक्यूरिटी विभाग की एक रिपोर्ट में भारतीय अधिकारियों पर भी समन्वय न करने, रिपोर्ट की प्रक्रिया को जटिल बनाने और सहयोगी रवैया नहीं अपनाने के आरोप लगाए गए हैं। सनद रहे कि बीते तीन वर्षों में लगभग 90 हजार भारतीयों को अवैध रूप से अमेरिकी सीमा में दाखिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, इन गिरफ्तार भारतीयों में सबसे बड़ी तादाद गुजरात के लोगों की बताई जाती है। अमेरिकी रिपोर्ट में यह भी दावा हुआ है कि 15 लाख अवैध अप्रवासियों की सूची में लगभग आधे नाम यानी 7.5 लाख नाम भारतीयों के हैं।

**पवार के भाजपा से तार**

पिछले दिनों दिग्गज मराठा नेता शरद पवार ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर कुछ सीनियर मराठी पत्रकारों को अनौपचारिक लंच पर आमंत्रित किया था। चूंकि मीडिया में बराबर से ये कयास लगाए जा रहे थे कि पवार ने पीएम को फोन कर 'वन नेशन-वन इलेक्शन' पर गठित जेपीसी में अपनी पुत्री सुप्रिया सुले (जो बारामती से सांसद भी हैं) को शामिल करने की गुजारिश की थी और पीएम मोदी ने अंततः उनके इस आग्रह को मान भी लिया। सो, पत्रकारगण जानना चाहते थे कि 'क्या पवार भाजपा से अपनी नजदीकियां फिर से बढ़ाना चाहते हैं?' तो बड़े पवार का जवाब आया-वे मरते दम तक अब भाजपा के साथ नहीं जाएंगे, बल्कि नए साल में वे महाराष्ट्र में एक यात्रा निकालेंगे, उनकी इच्छा राज्य के हर विधानसभा के लोगों से मिलने की है।' अजित पवार फिर से क्या उनके साथ आएंगे? इसके जवाब में बड़े पवार का कहना था कि जो नेता अपनी पत्नी व पुत्र को भी चुनाव न जितवा पाए, वह हमारे किस काम का?

**...और अंत में**

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को जब कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया तो कांग्रेस ने उसके कवरेज के लिए न्यूज एजेंसी एएनआई को तो इजाजत दे दी, पर दूरदर्शन के कैमरों को मना कर दिया गया, वहीं निगम बोध घाट में डॉ. सिंह की अनंत यात्रा में भाजपानीत सरकार ने दूरदर्शन के लिए हामी भर दी, पर एएनआई वहां नहीं थी। सो, पूरे कवरेज में भाजपा के नेतागण ही छाए रहे, गांधी परिवार पर बमुश्किल ही कैमरा गया। प्रेस फोटोग्राफरों को तो दोनों ही जगह पर पहले ही मना कर दिया गया था।

# संक्षिप्त ख़बरें

## भाजपा नेता ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**पनियरा/महराजगंज।** विधान सभा पनियरा के युवा भाजपा नेता व योगी सेवक दीपक सिंह ने रविवार को कृष्णा लान मुजुरी में एक कार्यक्रम के दौरान ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता ने ताइक्वांडो खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतिभा के छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा और आध्यात्मिक विकास के लिए तैयार किया जाता है। ओलंपिक में यह एक पूर्ण खेल के तौर पर शामिल किया गया है। इस खेल से महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा जिससे महिलाएं स्वयं अपनी सुरक्षा कर सकती हैं। ताइक्वांडो के कोच रामनारायण चक्रवर्ती, सिद्धांत कुमार आशुतोष कुमार (स्टेट चैंपियनशिप), अनुराग राज गोड़, अमित कुमार गोड़, आदित्य मौर्य,मान्सू, कविता सिंह, रोशनी सहानी,तन्नू, अनामिका गोड़ आदि लोग मौजूद रहे।

## मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर रसोइया संघ ने किया बैठक




**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक के रतनपुर सभागार कक्ष में रविवार को राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रंट की जिला अध्यक्ष संध्या देवी के नेतृत्व में क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में मौजूद रसोईयों के साथ एक बैठक कर मानदेय सहित अन्य समस्याओं पर गहनता से चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित जिला संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार ने बीते आठ अक्टूबर को रसोईया को लखनऊ बुलाकर मानदेय बढ़ाने की बात कही परन्तु सरकार द्वारा आज तक रसोईयों का मानदेय सम्बंधित कोई कार्रवाई नहीं किया गया। समय रहते अगर रसोईयों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो सभी रसोईया एकजुट होकर भोजन बनाने का बहिष्कार करेंगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होगी। इस दौरान रसोईयो संघ के ब्लाक अध्यक्ष रामलाल, संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में रसोईया मौजूद रहीं।

## ध्वनि प्रदूषण से बीमार हो रहे रूद्रपुर नगर वासी



**-कर्कश ध्वनि से हो रहे तमाम रोग**
**-मूकदर्शक बने जिम्मेदार**

**रूद्रपुर, देवरिया।** गाड़ियों का प्रेशर हार्न, डीजे की तेज धुन और ठेले व टेंपो वालों का तेज माइक लगाकर सब्जी बेचना नगर वासियों को परेशान कर रहा है। विभिन्न माध्यमों से हो रही कर्कश ध्वनि से लोग तमाम रोगों के शिकार हो रहे हैं। जिससे चिड़चिड़ापन व बहरेपन का खतरा बढ़ रहा है। ज्यादा ध्वनि प्रदूषण की गंभीरता को जानते हुए भी जिम्मेदार मुख दर्शक बने हुए हैं। विदित हो कि नगर क्षेत्र में ट्रैकों और बसों का आवागमन ज्यादा है। विशेष करके ट्रक वाले और प्राइवेट बसों के ड्राइवर नगर क्षेत्र में भी प्रेशर हार्न बजाकर कर्कश ध्वनि निकालते हैं। दूसरी तरफ डीजे संचालक अत्यधिक तेज आवाज में फ़ूहड़ गीत बजाकर बेचैन करते हैं। वहीं अब ठेले व टैम्पो वाले सब्जी आदि माइक लगाकर बेच रहे हैं जिससे गली,कूचे में भी लोगों को खलल पड़ रहा है। बुलेट चलाने वाले कुछ रंगरूट साइलेंसर माडिफाई कराकर कानफोड़ू आवाज निकाल रहे हैं जिससे चिड़चिड़ापन, घबराहट, अनिद्रा जैसी बीमारियां हो रही हैं। प्रशासन सब कुछ देखकर भी मूकदर्शक बना हुआ है। मिट्टी ढ़ोने वाले ट्रैक्टर चालक भी तेज आवाज में भोजपुरी गाने बजाते हुए चल रहे हैं जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। इस समस्या का समाधान अति आवश्यक है।




# पारिवारिक कलह विवाहित महिला ने नदी में लगाई छलांग, होमगार्ड और ग्रामीणों ने बचाया

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** पारिवारिक कलह से तंग आकर एक विवाहित महिला ने रविवार को खजनी क्षेत्र के छताई पुल से नदी में छलांग लगा दी। हालांकि, होमगार्ड और आसपास मौजूद ग्रामीणों की सतर्कता से महिला की जान बच गई। मिली जानकारी के अनुसार, बेलघाट निवासी रिंकी देवी अपने पति के साथ हुए विवाद से परेशान थी। रविवार सुबह वह अपने ससुराल से निकल गई और खजनी पहुंचकर पुल से नदी में कूद गई। इसी दौरान खजनी से गोरखपुर जा रहे होमगार्ड चंद्रकेश ने महिला को छलांग लगाते देखा और जोर से चिल्लाया। आसपास मौजूद कुछ युवकों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला को नदी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सदानन्द सिन्हा मौके पर पहुंचे और महिला को पीएचसी खजनी ले गए। डॉक्टर प्रदीप त्रिपाठी ने महिला का इलाज किया और उसे खतरे से बाहर बताया। बतादे गोरखपुर दक्षिणांचल क्षेत्र बेलघाट कस्बे के मूल निवासी स्वर्गीय सीताराम बेलदार की पुत्री रिंकी देवी अपने ससुराल कटसहरा हरपुर बुदहट क्षेत्र से अपने पति के विवाद से तंग आकर रविवार को सुबह चल दी ,ख़जनी क्षेत्र छताई पुल पर आज दिन के 10 बजे छलांग लगा दी ,संयोग ठीक रहा, ख़जनी से होमगार्ड चन्द्रकेश गोरखपुर जा रहा था ,उसी दौरान महिला को छलांग लगाते होमगार्ड देख चिल्लाने लगा तभी आस पास टहल रहे कुछ नवयुवकों ने महिला को बचा लिया । मौके पर सूचना पाते थानाध्यक्ष सदानन्द सिन्हा महिला को पीएचसी ख़जनी लाये महिला को डॉक्टर प्रदीप त्रिपाठी में इलाज कर बचा लिया ।

**पुलिस जांच में जुटी**

पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। महिला के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पारिवारिक विवाद के कारण ही महिला ने यह कदम उठाया है।

# करेंट के चपेट में आने से 45 बर्षीय व्यक्ति की हुई मौत, परिजनों ने जताया हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी जुगेश यादव(45)वर्ष को करंट के चपेट में आने से इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गोला फोर्स के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया । प्राप्त बिबरण के अनुसार मृतक की पत्नी मैना देवी ने अपने द्वारा दी गयी तहरीर में लिखा है कि पप्पू पुत्र अज्ञात निवासी झझवापार थाना गोला 25 दिसम्बर को मेरे घर पर आए और लाइट बनाना है। कहकर मेरे पति को ले गए । और शाम लगभग 7:30बजे पांच छःलोग आए मेरे घर पर उनको घायल अवस्था मेवारी छोड़ दिये और बताए की साइकिल से गिर गए हैं । उसके बाद हम लोग हालत खराब देख दवा के लिए लेकर गये। और इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। मृतक जुगेश के तीन बच्चे हैं। जिसमे रनिका 6वर्ष सिद्धार्थ 4वर्ष अंकुश 3वर्ष के है। जब इस संदर्भ में थानाध्यक्ष गोला वेदप्रकाश शर्मा ने बताया की सूचना मिला है । शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## मोटरसाइकिल पर लदा चार बोरी यूरिया बरामद

**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा के पगडंडी रास्ते से बृहस्पतिवार की सुबह स्थानीय पुलिस ने गस्त के दौरान तस्करी के लिए नेपाल भेजी जा रही दो मोटरसाइकिल पर लदा चार बोरी यूरिया खाद बरामद किया है। वहीं पुलिस को आता देख तस्कर खाद की बोरियों को बाईक सहित फेंककर नेपाल भागने में कामयाब हो गए। पुलिस ने मौके से चार बोरी लावारिस खाद व दो मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने लाई। तत्पश्चात कस्टम अधिनियम की कार्यवाही करते हुए बरामद खाद व बाइक को अग्रीम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम कार्यालय को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि चार बोरी लावारिस यूरिया व दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया है जिसे कस्टम कार्यालय को सुपुर्द किया गया है।

# गोरखपुर- यूको बैंक कैशियर गिरफ्तार- ग्राहकों से जालसाजी कर लाखों की ठगी

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** यूको बैंक के मुख्य कैशियर मोहम्मद कलीम को ग्राहकों से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बेलघाट पुलिस ने शनिवार को सिकरीगंज के खुचियारी गांव से कलीम को दबोचा लिया। और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई, दरअसल - कलीम ने बैंक में जमा किए गए पैसे की फर्जी रसीदें जारी कर ग्राहकों को गुमराह किया। इसके अलावा, उसने अपने भाई शमीम (स्वीपर) के साथ मिलकर ग्राहकों के खातों से पैसे निकाल लिया करता था । 20 से अधिक ग्राहक के साथ ठगी किया, लगभग 20 से अधिक ग्राहकों ने कलीम के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था।

**कोलकाता मुख्यालय में जांच**

इस मामले में कोलकाता स्थित बैंक मुख्यालय द्वारा आंतरिक जांच भी जारी है।

**पुलिस की कार्रवाई**

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कलीम को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस ने घेराबंदी करके कलीम को दबोचा SP साउथ**

एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार को एसएसआइ शिवप्रकाश सिंह को सूचना मिली कि मो. कलीम सिकरीगंज के खुचियारी गांव स्थित अपने घर पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कड़ी घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया गया । जालसाजी का मुकदमा दर्ज, 20 से अधिक ग्राहक शामिल 17 दिसंबर को बेलघाट की अफसाना, अलीमुद्दीन और रहीमुद्दीन ने कलीम, शमीम और एक अन्य कैशियर के खिलाफ जालसाजी और रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि कलीम ने 20 से अधिक ग्राहकों को फर्जी रसीदें जारी कर रुपये हड़पे और अपने भाई और सहयोगियों के साथ मिलकर उनके खातों से पैसे भी निकाल लिए। न्यायालय में पेश करने के बाद कलीम को जेल भेजा गया कलीम को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। स्क्कसाउथ ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द होगी।

# उ.प्र.उद्योग व्यापार मंडल ने मेधावियों का किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात



**गौराबादशाहपुर, जौनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की गौराबादशाहपुर इकाई ने रविवार को कस्बा स्थित दया मैरिज हाल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें इलाके के विभिन्न स्कूलों के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 35 मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। अतिथियों ने मेधावियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और एक गिफ्ट पैक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष इंद्रभान सिंह इंदू ने कहा कि शिक्षा की बदौलत ही सफलता की मंजिल पायी जा सकती है। समारोह को विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री आरिफ हबीब खान, जिला संगठन मंत्री अब्दुल हक अंसारी, नगर अध्यक्ष जौनपुर घनश्याम साहू, विवेकानंद राय अन्य ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर के किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। अध्यक्षता मौलाना मुमताज अहमद कासमी तथा संचालन धनंजय राय अर्जुन ने किया। संयोजक व्यापार मंडल अध्यक्ष लल्लन प्रताप सिंह व महामंत्री मुहम्मद इकराम अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, मोहम्मद इस्लाम अंसारी, वीरेंद्र गुप्त, सुजीत जायसवाल, तारा त्रिपाठी, दिनेश कुमार डीके, कलीमुल्लाह अंसारी, अमीक अंसारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट मौन धारण कर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गयी।

# वकील हत्या काण्ड के छः आरोपियों को जेल

स्वतंत्र प्रभात




**खुटहन जौनपुर-** स्थानीय थाना क्षेत्र खुटहन में भूमि विवाद को लेकर खुटहन उचैना गांव निवासी व दिवानी न्यायालय के अधिवक्ता मनोज सिंह की मनबढ़ पड़ोसियों की पिटाई व जहरीला पदार्थ पिलाने से हुई मौत के मामले में आरोपी बनाए गए छह लोगों में पुलिस ने पांच को पिलकिछा तिराहे से तथा छठे आरोपी को गौसपुर बाजार के पास से शनिवार की भोर में गिरफ्तार कर सभी को चलान न्यायालय भेज दिया गया। उक्त गांव निवासी अधिवक्ता के मृत्यु पूर्व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित बीडीओ के साथ- साथ उनके चाचा बिजय बहादुर सिंह के द्वारा दी गई तहरीर में लगाए गए आरोपों के आधार पर पुलिस ने पड़ोसी नीरज सिंह, पंकज सिंह,अजय सिंह,सांवले सिंह, रितिक सिंह व युवराज सिंह के खिलाफ घटना के दिन ही हत्या की केस दर्ज कर लिया था। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी हेतु जगह जगह दबिश दी जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पांच आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे कहीं भागने के फिराक में पिलकिछा तिराहे पर सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। उनकी निशानदेही पर छठे आरोपी युवराज सिंह को गौसपुर बाजार से हिरासत में ले लिया गया।

गौरतलब है कि बीते 23 दिसंबर को विवादित भूमि की पैमाइस के दौरान अधिवक्ता को पड़ोसियों ने पीटकर घायल कर दिया था। वाराणसी में उपचार के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई।मृत्यु पूर्व एडवोकेट ने एक बीडीओ प्रसारित कर आरोप लगाया था पड़ोसियों ने उनकी पिटाई कर उन्हें जहरीला पदार्थ पिला दिया है। मामला एक वकील का होने के चलते पुलिस प्रशासन भी चौकन्ना हो गया। मामले में पुलिस अधीक्षक ने थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक सकलदीप सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था।

## संस्थापक राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई तेरहवीं पुण्यतिथि



**तेजीबाजार (जौनपुर)-** मां दुर्गावती देवी बालिका शिक्षण संस्थान प्रांगण में विद्यालय के संस्थापक की तेरहवीं पुण्यतिथि मनाई गई। रविवार की सुबह विद्यालय परिवार ने संस्थापक राजेंद्र प्रसाद गुप्ता की तेरहवीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके मनाई, जिसमे प्रधानाध्यापक सतीश चन्द्र ऊमर वैश्य, प्रबंधक संदीप गुप्ता ने अपने समाजसेवी पिता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के चित्र पर माला पहनाया और दीपक जलाकर नम आंखों से सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। अध्यापक कमलेश उपाध्याय ने संस्थापक के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि राजेंद्र प्रसाद बहुत ही अच्छे विचारों वाले समाजसेवी तथा ईमानदार व्यक्तियों में से एक इंसान थे, इनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता है, इन्होने शिक्षण संस्थान की नींव डालकर समाज को जो संदेश दिया है वह हमेशा प्रशंसनीय रहेगी, बीस वर्षो से लगातार इस विद्यालय की छवि गरिमापूर्ण रही है, हमें आशा ही नहीं विश्वास भी है कि इनका परिवार इस संस्था को नित नई ऊंचाईयां देता रहेगा, वही इस मौके पर दुर्गावती देवी, अंबालिका गुप्ता, अध्यापक संतोष सिंह, विजय दुबे, चंद्रकांत यादव, प्रशांत सिंह, विजेतानंद रजक, सुषमा शर्मा, आंचल सिंह, मोनू, सतीश गुप्ता, हौशीला, जे पी गुप्ता सहित सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया ।

# पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन व दी गई श्रद्धांजलि



**● - जबतक सूरज चाँद रहेगा, मनमोहन सिंह आपका नाम रहेगा - डाक्टर सन्तोष कुमार गिरि**

स्वतंत्र प्रभात

**केराकत, जौनपुर।** केराकत नगर के बस स्टैंड के समीप नया चौराहा पर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर आज पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के लिए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य डाक्टर संतोष कुमार गिरि नें उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डाक्टर मनमोहन सिंह 2004 से लेकर 2014 तक दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले 1991 में पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने देश में उदारवादी आर्थिक सुधार लागू किए। जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिली।और साल 1954 में पंजाब विवि से अर्थशास्त्र में एम करनें के बाद कैम्ब्रिज से प्रथम श्रेणी से अर्थशास्त्र (आनर्स ) कर उन्होंने 1962 में आक्सफोर्ड से डिफिल किया। और 1971 में भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार, 1972 में वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे। और 1980 से 82 तक योजना आयोग के सदस्य बने।1982 से 1985 तक रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे और साल 1985 में योजना आयोग के उपाध्यक्ष बने। इतना ही नहीं और वह 1990 में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार नियुक्त हुए।वह दिल्ली विश्वविद्यालय में भी प्रोफेसर रहे। इस अवसर पर शोक सभा में डोभी ब्लाक अध्यक्ष सुभाष चंद सिंह, सुशील सोनकर, खुर्शीद खान, दीपक साहू, तबरेज खान, नन्हें सोनकर, आशीष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज का ब्लाक स्तरीय बैठक सम्पन्न, तमाम मुद्दों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी में स्थित भारतीय विकास जनजाति प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की ब्लाक स्तरीय बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक के दौरान कई अहम मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। इसके अलावा मौजूद लोगों ने समाज की समस्याओं का निदान करने और समाज की सेवा में तन-मन-धन से जुटने का संकल्प लिया। जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित भारतीय विकास जनजाति प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक के दौरान ब्राह्मणों के विरुद्ध चलाए जा रहे षडयंत्रों का समुचित और तार्किक जवाब देने तथा अपने समुदाय के हितार्थ चिंतन और मनन पर विशेष रूप से चर्चा किया गया। इसके साथ ही अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद को अन्य ब्लाकों में भी मजबूती से खड़ा करने पर विचार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन ब्राह्मण समाज की हर समस्या का निदान करने के लिए पूरे प्रयास से लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज में ब्राह्मणों के विरुद्ध जो षड्यंत्र रचा जा रहा है ब्राह्मण समाज उसका मुंह तोड़ जवाब देने को तैयार है। इसके साथ ही ब्राह्मण समाज के लोगों का तन, मन, धन से सहयोग करने का संकल्प भी लिया गया। बैठक के दौरान मिथलेश पाण्डेय, मुन्नू पाण्डेय, गिरजा शंकर पाण्डेय, रमाशंकर त्रिपाठी, सोनू त्रिपाठी, बृजमोहन मिश्रा, सुधीर कुमार मिश्र, गजेंद्र पाण्डेय समेत संगठन के अन्य लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का होगा आयोजन




**महराजगंज (जौनपुर)-**क्षेत्र के ग्राम सभा चरियाहीं में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग 2024-25 का आयोजन खेल संघ के सहयोग से चरियाहीं मे बने मिनी स्टेडियम में 2 जनवरी से प्रारंभ होगा जिसमें ब्लॉक के इच्छुक बालक बालिकाएं सम्मिलित हो सकते हैं नवयुवक मंगल दल के सभी सदस्य निम्नलिखित प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन दिखा सकते हैं एथलेटिक्स कुश्ती, वॉलीबॉल, कबड्डी, जूडो ,फुटबॉल में सभी प्रकार के खिलाड़ी जूनियर डिवीजन और सबडिवीजन व सीनियर डिवीजन के खिलाड़ी प्रतिभाग करके खेल का प्रदर्शन कर सकते हैं सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा जिससे उनका रजिस्ट्रेशन आसानी से हो सके खंड विकास अधिकारी दिनेश प्रताप ने बताया किसी भी जानकारी के लिए एक मोबाइल नंबर दिया जा रहा है इस पर संपर्क कर सकते हैं 83038852565 यह मोबाइल नंबर खिलाड़ियों के लिए हर समय और हर समस्या को दूर करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

# पूर्व प्रधानमंत्री डाश मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीओ ने महान अर्थशास्त्री और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की शोकसभा आयोजित कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह का निधन हो गया है। प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने हेतु सब्जी मंडी स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रख नम आंखों से पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया। सभा को संबंधित करते हुए नगर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि मनमोहन सिंह एक महान विश्व विख्यात अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने भारत के प्रधान मंत्री के रूप में दो कार्यकालों तक अपनी सेवाएं दीं। डॉ मनमोहन सिंह जी इतिहास के पन्नों में अमर रहेंगे। देश को असाधारण प्रगति के रास्ते पर लाने के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। उनकी विनम्रता, कड़ी मेहनत, देश के प्रति समर्पण और दूरदर्शिता हम सबको प्रेरित करती रहेगी। सभा मे पूर्व शहर अध्यक्ष परवेज हसन, राकेश उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह बाबा, राजकुमार गुप्ता, संदीप सोनकर, अश्विनी मौर्या, अनुराग राय, पुष्कर निषाद, शशांक राय, आदिल, निलेश सिंह, फरहान जिलानी, राणा सिंह, अमीष श्रीवास्तव, गौरव, ताहिर, बबलू गुप्ता, इकबाल आदि उपस्थित रहे।

# गुरु गोविंद सिंह के परिवार को रक्तदान कर दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** -प्रसिद्ध सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति एवं निफा के द्वारा गुरु गोविंद सिंह के पूरे परिवार की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 29 दिसंबर को जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह ने फीता काटकर किया। संस्था प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश निफा संरक्षक डॉ अंजू सिंह ने छ बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित निफा के सिल्वर जुबली वर्ष मनाने की बात बताया उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के परिवार के शहादत को समर्पित रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी 18 से 62 वर्ष के स्वस्थ लोगों से जिनका वजन 50 किलो से कम न हो से रक्तदान करने की अपील की मुख्य अतिथि ने गुरु गोविंद सिंह के परिवार की गौरव गाथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के युग में रक्तदान के प्रति जागरूकता और मोटिवेशन की जरूरत है ताकि युवा वर्ग रक्तदान के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा ले, एक रक्तदान से चार जिंदगी बचाई जा सकती है, उन्होंने संस्था के कार्यो की एवं संस्था प्रमुख डॉक्टर अंजु सिंह की सराहना करते हुए कहा की अन्य सभी सामाजिक कार्यो को बखूबी निभाते हुए संस्था ने रक्तदान के क्षेत्र में भी उत्तम कार्य किया है और निरंतर कर रही है समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जरूरतमंदों को रक्त के आवश्यकता की आपूर्ति करवा कर समाज को जागरूकता करने की कोशिश कर रहे है।

आज के शिविर में करीब 25 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें से 15 ने रक्तदान किया शिविर में काफी लड़कियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया यद्यपि हीमोग्लोबिन और वजन कम होने के कारण कुछ लड़कियां रक्तदान नहीं कर सकी। रक्तदाताओं में मुख्य रूप से सूरज मौर्य, सावन मौर्य, सोनम सिंह, हिमांशु नंदन, चंदन तिवारी खानपुर, अनिल कुमार सरोज, रेहान खान आदि रहे, इस अवसर पर सी.एम.एस. डॉक्टर ब्लड बैंक के डॉ अर्पित सिंह, आलोक मणि त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश सिंह, शालिनी मौर्य, अमित निगम, निफा जौनपुर के जिला सचिव अमित सिंह, सौरभ सिंह विक्की, डॉ. अनिल निषाद, अमित प्रकाश सिंह, अभिषेक विश्वकर्मा, रवि, मनोज सेठ, संस्था के ओर से नेहा सिंह, सौम्या सिंह, मंजू सिंह, तनु सिंह कंचन, सद्दाम, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो वितरित किया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कांग्रेस सेवादल ने डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**शहडोल धनपुरी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सुनील सोनी सेवा दल के निवास से केंडल मार्च निकाला गया और आजाद चौक में चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा समक्ष शोकसभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में डॉ. मनमोहन सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डा. मनमोहन सिंह के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। जिला कांग्रेस सेवादल के उपस्थित में नौशेरा खान मुबारक मास्टर राम सिंह डॉ हीरामणि सोनी इकबाल खान सुनील सोनी अतीक अंसारी रवि विश्वकर्मा मो मोहसिन सिप्टाइन खान शालू नेहा खान अनिल जायसवाल आनंद मोहन जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन महीने में पूरा होगा आगरा कैनाल बाईपास मार्ग का निर्माण

### कैबिनेट मंत्री ने पूजा अर्चना कर मार्ग निर्माण का किया शिलान्यास करीब तीन माह में बनकर तैयार हो जाएगी सात मीटर चौडी सडक



कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण बाइपास मार्ग का षिलान्यास करते हुए।

**मथुरा।** कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की आवश्यकता के अनुसार समस्याओं के समाधान पर जोर दे रही है। ताकि आम जनता को सहूलियत मिल सके। बहुप्रतीक्षित आगरा कैनाल बाईपास मार्ग तलहटी के गांवों को हाईवे से सुगमता से जोड़ने एवं शहर के विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा। कैबिनेट मंत्री श्री चौधरी रविवार को गोपाल बाग इलाके में आगरा कैनाल बाईपास मार्ग के शिलान्यास मौके पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हर छोटी से छोटी समस्या को प्रमुखता से निराकरण कराए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आगरा कैनाल की पटरी पर हाईवे तक बनने वाला बाईपास मार्ग भी उसी कडी का एक कदम है। उन्होंने कहा कि जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार हर संभव प्रयास प्रमुखता से काम कर रही है। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि बहुप्रतीक्षित बाईपास मार्ग के निर्माण से शहर को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा और यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा। जिला सहकारी बैंक डायरेक्टर एवं युवा नेता नरदेव चौधरी ने बताया कि करीब दो किलो मीटर लम्बी सात मीटर चौडी यह सडक तलहटी के गांवों को सुगमता से हाईवे से जोडेगी। वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण सेठ ने कहा कि बाईपास मार्ग विकास में सहयोगी साबित होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, अजय गोइंका, होती लाल चौधरी, सतीश वाल्मीकि, दीपक सभासद, टिंकुर अग्रवाल, धर्मेंद्र सैनी सुरेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

## प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों ने पूर्व पीएम को दी श्रद्धांजलि



**अतर्रा/बांदा।** ब्रम्ह विज्ञान इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी ने बताया कि डाक्टर मनमोहन सिंह लगातार दो बार प्रधानमंत्री रहे वित्त मंत्री तथा रिजर्व बैंक के गवर्नर रहे।प्रसिद्ध अर्थशास्त्री भी रहे। इनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को पंजाब में हुआ था जो स्थान अब पाकिस्तान में है। वित्त मंत्री 1991 से 96 तक, गवर्नर 1982 से 1985 तक रहे। तथा प्रधानमंत्री 2004 से 2014 तक रहे। 1987 में पद्मश्री से सम्मानित हुए। इनका निधन कल 92 वर्ष में हुआ। दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। चेतराम, राजेश कुमार, सुशील कुमार, सोमनाथ, गिरजेश मिश्रा, कमलेश कुमार, बीरेंद्र दीक्षित आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## पूर्व चर्चित ढ्ढक्क्र सह महावीर मंदिर न्यास परिषद के सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर जदयू लॉ सेल के प्रदेश सचिव सह अधिवक्ता मोहनीश कुमार शाही ने गहरी संवेदना व्यक्त की

स्वतंत्र प्रभात



**गोपालगंज (बिहार)-** जदयू लॉ सेल के प्रदेश सचिव वो अधिवक्ता श्री मोहनीश कुमार शाही ने पूर्व चर्चित ढ्ढ.क्क्र. ऑफिसर वो महावीर मंदिर न्यास परिषद के सचिव आचार्य किशोर कुणाल जी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। जदयू बिहार प्रदेश के वरिष्ठ नेता मोहनीश कुमार शाही ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा उनसे व्यक्तिगत लगाव था तथा पटना जाने पर महावीर मंदिर में उनसे निश्चित रूप से मुलाकात कर उस महान विभूति का आशीर्वाद लेता था।ब्रह्मर्षि शिरोमणि आचार्य किशोर कुणाल जी का निधन दुःखद है। श्री शाही ने अपने शोक संदेश में कहा कि चर्चित ईमानदार ढ्ढ.क्क्र. ऑफिसर आचार्य किशोर कुणाल का जीवन समाज सेवा, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित था तथा जब वो ढ्ढ.क्क्र. ऑफिसर थे तो अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किए थे। उन्होंने महावीर मंदिर को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। राम मंदिर के निर्माण के लिए महावीर मंदिर की ओर से 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का दान दिया गया है. आचार्य कुणाल किशोर ने 9 नवंबर 2019 को श्रीराम जन्म भूमि के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले आते ही मंदिर की ओर से राम मंदिर निर्माण में 10 करोड़ रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की थी। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। वरिष्ठ जदयू नेता मोहनीश शाही ने आगे कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।भगवान जी उनके आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा इस दुःख की घड़ी में उनके परिजनों को सबल एवम् धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करे।उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में जदयू लॉ सेल गोपालगंज के जिलाध्यक्ष वो अधिवक्ता राधेश्याम प्रसाद , वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रजनीश कुमार शाही, जेडीयू नेता वो अधिवक्ता अमित कुमार सिंह % गोल्डी जी%,जिला सचिव समीर श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य अधिवक्ताओं ने शोक जताया है।

## गोपालगंज मे अतिपिछड़ा जनसंवाद यात्रा कर्पूरी रथ का हुआ भव्य रूप से स्वागत- प्रमोद कुमार पटेल

स्वतंत्र प्रभात





**गोपालगंज (बिहार)-** जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यालय कर्पूरी सभागार से जननायक कर्पूरी रथ अतिपिछड़ा जनसंवाद यात्रा को जहानाबाद के पूर्व सांसद सह जनता दल (यू0) अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे पुरे बिहार मे भ्रमण हेतु 23 दिसंबर को कर्पूरी रथ को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद संजय कुमार झा, एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा पार्टी का झंडी दिखकर रथ को रवाना किये थे जो रथ आज छपरा, सिवान होते हुए गोपालगंज सर्किट हॉउस मे पहुंचा जहाँ पर रथ का भव्य रूप से स्वागत किया गया तथा रथ पर सवार रथ के नेतृत्व करता पूर्व सांसद सह पार्टी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चन्द्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन प्रसाद राजभर, प्रदेश महासचिव राधेश्याम सहनी, प्रदेश सचिव श्रवण कुमार चन्द्रवंशी का पुष्प माला पहनाकर, अंगवस्त्र से स्वागत अभिनंदन जदयू प्रदेश महासचिव सह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल एवं उप प्रखंड प्रमुख सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम सहनी द्वारा किया गया शुक्रवार को सर्किट हॉउस से रथ सिधे कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के सासामूसा, भोपतापुर, सेमरा बजार, जमुनहा बजार, मे जनसंवाद करते हुए भोरे विधानसभा क्षेत्र के कटेया, विजयीपुर, भोरे प्रखंड के दर्जनों पंचायतो मे कर्पूरी रथ यात्रा के माध्यम से पूर्व सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी ने अतिपिछड़ा समाज के महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग, एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जनसंवाद सभा को सम्बोधित करते हुए कहाँ की कर्पूरी रथ का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी जिलों मे अतिपिछड़ा समाज के बिच बिहार के यशश्वी मुख्यमंत्री विकास पुरुष नीतीश कुमार के द्वारा अतिपिछड़ा समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए अब तक किये गये और आगे किये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना एवं अतिपिछड़ा समाज के गांवो मे महिलाओ, पुरुषो, युवाओं, बुजुर्गो, छात्र एवं छात्राओं, पंचायत प्रतिनिधियों से जनसंवाद करना उन्होंने बताया की कर्पूरी रथ के माध्यम से अतिपिछड़ा समाज के बिच जनसंवाद स्थापित कर सरकार के द्वारा संचालित अतिपिछड़ा समाज की योजनाओं को उन्हें बताना एवं अगले विधानसभा चुनाव मे एकजुट होकर नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चन्द्रवंशी ने कहाँ की बिहार को नीतीश कुमार की जरूरत है प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन प्रसाद राजभर ने कहाँ की बिहारियों को विशेषकरअतिपिछड़ा समाज को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री बनाएं रखना अति जरूरत है वही जदयू प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्टी जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने कहाँ की बिहार मे विधानसभा चुनाव 2025 मे अतिपिछड़ा समाज की अहम भूमिका होंगी और बहुत बड़ी जिम्मेदारी है की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व मे 225 सीट जितना है जिसमे अतिपिछड़ा समाज को अपनी अहम भूमिका निभानी है। क्योंकि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर ने पिछड़ा अतिपिछड़ा समाज के उत्थान और विकास करने का जो सपना देखा था आज उनके पदचिन्हो पर चलकर उसे नीतीश कुमार अतिपिछड़ा के ताकत से मुख्यमंत्री बनकर साकार कर रहे है उसी का परिणाम है की देश मे पहला राज्य बिहार है जहाँ अतिपिछड़ा आयोग का गठन किया गया और आयोग मे अतिपिछड़ा समाज के लोग अध्यक्ष और सदस्य बने है, पंचायत और नगर निकाय चुनाव मे अतिपिछड़ा समाज को आरक्षण दिया गया जिसके फल स्वरूप अतिपिछड़ा समाज के लोग मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, पंच, वार्ड, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बनकर मुख्य धारा से जुड़ गये, यही नहीं नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा समाज को आगे बढ़ाने के लिए विधानसभा एवं लोकसभा मे टिकट देकर एम पी, एम एल ए बनाने का भी अवसर दिये है कर्पूरी रथ पर सवार पूर्व सांसद सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी साथ अमरनाथ चन्द्रवंशी, मोहन प्रसाद राजभर, श्रवण कुमार चन्द्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल, अतिपिछड़ा पूर्व जिला अध्यक्ष राधेश्याम सहनी, जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार बारी, जिला आदित्य शंकर, वरिष्ठ नेता ललन मांझी, नितेंद्र राय, नंदलाल मौर्य, रामभरोशा राजभर, राजेश साह, अशोक कुमार, बबलू गुप्ता, सुनील मधेशिया, शिवम रावत, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## राजस्व और जिला पंचायत के गठजोड़ से दबंगों ने कब्जाई नजूल भूमि

**● - सभी विभाग सालों से जांच का खेल खेल रहे हैं दबंग कब्जा करते रहे हैं**

**तहसील और नगर पंचायत ने जमीन का रिकॉर्ड ना होने का किया दावा भ्रष्टाचार**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा-** फरह कस्बे के शाही सराह में सरकारी जमीन पर खुलेआम कब्जा किया जा रहा है जिस पर सभी विभागों द्वारा लीपा पोती की जा रही है। दबंग जमीन को बाउंड्री करके प्लॉटिंग में खुर्द बुर्द करने में जुटे हैं। गौरतलब है कि कस्बा फरह के मुस्लिम बहुल क्षेत्र शाही सराय में 838/1 खसरा नंबर 47 क्षेत्रफल 13002 वर्ग कड़ी जमीन का जिला पंचायत विभाग ने पट्टा रमेश चंद के नाम आवंटित किया था लेकिन समय अवधि में नवीन करण ना होने के कारण तत्कालीन जिलाधिकारी सदाकांत मिश्रा ने इस पट्टे को निरस्त कर दिया। इस जमीन को नजूल में शामिल कर जिला पंचायत को सौंप दिया। लेकिन अब कुछ भू माफियाओं ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर बाउंड्री कराकर कब्जा कर लिया है जमीन पर बाउंड्री कर गेट लगाने की कोशिश में जुटे हैं। पूर्व चेयरमैन कृष्णकांत पचौरी ने इस पूरे मामले की शिकायत जिला पंचायत से लेकर शासन स्तर पर की। अवैध निर्माण रुकवाने के लिए अपर जिला पंचायत अधिकारी ने थाना के लिए पत्र लिखकर अपने अभियंता और अवर अभियंता की टीम गठित कर दी तहसील के लिए भी एक पत्र लिख दिया लेकिन इस पूरे मामले में लीपा पोती चल रही है नगर पंचायत और तहसील ने रिकार्ड न होने का रोना रो रहे हैं। लेकिन दबंगों का जमीन पर निर्माण करना जारी है पुलिस भी पूरे मामले को पटाक्षेप करने में जुटी है। कब्जा करने वाले दबंग का कहना है कि हमारे पास सही मलिक का बैनामा है। और विभागों में जमीन कोई रिकॉर्ड नहीं है इस बात से साबित होता है दबंग पुलिस के संरक्षण का लाभ उठाते हुए जमीन को पूर्ण रूप से अपने कब्जे में लेना चाहता है।



दबंग द्वारा कब्जाई गई नजूल भूमि

## नायाब तरीका: प्लास्टिक के दाने की बिल्टी पर शराब की तस्करी

**● - हाईवे से ट्रक के अंदर से 55 लाख की शराब की जब्त**

**कार्यवाही करने वाली पुलिस को एसएसपी ने दिया 25 हजार का इनाम**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** शराब तस्करी के लिए नए नए पैंतरे तस्कर अपना रहे हैं। अब मथुरा में पुलिस ने ट्रक से 55 लाख की शराब जब्त की है। प्लास्टिक के दाने की बिल्टी पर ट्रक से शराब की तस्करी की जा रही थी। बिल्टी दिखा कर तस्कर पुलिस को चकमा दे कर निकल जाते थे। इस तरह की जुगत से वह लगातार तस्करी कर रहे थे और इस बार भी मथुरा तक पहुंचने मे सफल रहे लेकिन इस बार मथुरा में तस्कर धरे गये। पुलिस ने ट्रक चालक को भी हिरासत में ले लिया है। थाना जैत पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में ट्रक नंबर एचआर 37 डी 5482 को एनएच 19 पर पकडा। ट्रक की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख है। जबकि ट्रक के अंदर मिलीं 610 पेटी (5490 लीटर) शराब की अनुमानित कीमत 55 लाख रूपये है। ट्रक चालक सरबजीत सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम थुवा थाना गुनौर जनपद पटियाला पंजाब को गिरफ्तार किया है। थाने पर धारा 60, 63, 72 आबकारी अधिनियम व धारा 318, 338, 340 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस के मुताबिक अंग्रेजी शराब के सम्बन्ध में बिल्टी, कागजात तलब किये गये तो ड्राइवर के पास एक कूट रचित फर्जी प्लास्टिक के दाने की बिल्टियां मिलीं जिसको अभियुक्त सरबजीत और अभियुक्त प्रवीन दहिया नाम पता अज्ञात द्वारा मिल कर तैयार किया गया था और ड्राइवर सरबजीत बंद बाडी ट्रक में गैर प्रान्त की शराब को लोड कर यूपी से होकर छत्तीसगढ़ बेचने के लिये ले जा रहा था। प्रवीन दहिया व सरबजीत को वाट्सऐप काल पर माल को पहुचाने के लिये बताता है और माल को प्रवीन दहिया द्वारा जहां बताया जाता है वहां ले जाकर सरबजीत द्वारा उतार दिया जाता है। शरबजीत व प्रवीन दहिया शराब की तस्करी करने के लिये इसी गाडी के रजिस्ट्रेशन नम्बर पर प्लास्टिक के दाने की फर्जी बिल्टी तैयार करते हैं ताकि पुलिस चेकिंग से बचा जा सके।



पकडी गई तस्करी की शराब के साथ गिरफ्तार ट्रक चालक।

# नमो योग मुद्रा का लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के चैनपुर तिराहा पर स्थापित अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का रविवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु आरती देवी जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सांसद जगदम्बिका पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विधायक कपिलवस्तु तथा जिलाध्यक्ष भाजपा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। पीडी डीआरडीए नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कपिलवस्तु प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने द्वारा सांसद जगदम्बिक पाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युनाइटेड नेशन में भारत का नेतृत्व करते हुए 21 जून को योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाने के लिए अपनी बात रखी जिसे युनाइटेड नेशन द्वारा इसे स्वीकार करते हुए पूरे विश्व में योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया गया। आज जिला प्रशासन द्वारा नगर पंचायत कपिलवस्तु के अन्तर्गत महात्मा गौतम बुद्ध की अष्टधातु निर्मित नमो योग मुद्रा का लोकार्पण हुआ है। कपिलवस्तु में बाहर से आने वाले बौद्ध अनुयायी नमो योग मुद्रा देखकर योग के प्रति जागरूक होगे। यह कार्यक्रम नगर पंचायत कपिलवस्तु की अध्यक्ष आरती देवी एवं सभासदों एवं नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी ,कर्मचारियों द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया है। स्वागत सम्बोधन अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह द्वारा गया। अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु प्रतिनिधि जावेद आलम उर्फ चुन्ने द्वारा सांसद , विधायक , जिलाध्यक्ष भाजपा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक को नमो योग मुद्रा के लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक श्यामधनी, राही जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान,पूर्व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, एस0 पी0 अग्रवाल, मुमताज अहमद, रामकुमार उर्फ चिन्कू यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी ललित कुमार मिश्र, पी.डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कपिलवस्तु नवीन कुमार सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि, तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# पार्षद दीपक लोधी द्वारा नगर निगम का कैंप आयोजित, 45 लाख रुपये की वसूली

**● - जानकीपुरम तृतीय वार्ड में पार्षद दीपक लोधी ने क्षेत्र की जनता की सुगमता के लिए इलाके में लगवाया कैम्प**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ-नगर** निगम ने कर निर्धारण और राजस्व वसूली के उद्देश्य से जानकीपुरम के सेक्टर-8 स्थित पार्क संख्या-1 (टंकी वाले पार्क) में एक विशेष कैम्प आयोजित किया। इस कैम्प में हाउस टैक्स वसूली सहित अन्य नगर निगम के करों का निर्धारण किया गया। जानकारी के मुताबिक इस विस्तारित इलाके में अब तक, 185 भवनों का कर निर्धारण किया गया है और 34 लाख रुपये की धनराशि राजस्व वसूली की गई है। कर निर्धारण और गृहकर जमा करने की प्रक्रिया को आसान करने के लिए यह कैम्प लगाया गया जहां इलाके के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया अधिकारियों के मुताबिक इस कैम्प द्वारा अब तक की सबसे बड़ी धनराशि वसूली गई है।

जोनल अधिकारी अमर जीत, कर अधीक्षक सभाजीत सिंह और कर निरीक्षक इमरान खान ने इस कार्यवाही की निगरानी की और रिकवरी कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। उनके प्रयासों से नगर निगम को कर निर्धारण और राजस्व वसूली में उल्लेखनीय सफलता मिली है। नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने करों की अदायगी समय पर करें, ताकि शहर के विकास कार्यों को सही तरीके से संचालित किया जा सके।

# हनुमान के घर कान्हा जी की भागवत कथा आरंभ

स्वतंत्र प्रभात

**शहडोल। धनपुरी।** संगीतमय श्री भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 27 दिसम्बर शुक्रवार से 03 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है भागवत कथा का आयोजन धनपुरी वार्ड नंबर 2 निज निवास स्थित प्रांगण से भागवत कथा के लिए पंडाल लगाया गया है जहां श्रद्धालु जनो बैठने के उत्तम व्यवस्था बनाई गई है।भागवत कथा में पहुंच कर पुण्य लाभ उठाएंगे।

**कथा का बाचन**

प्रमुख यजमान एवं निदेशक हिंदू धार्मिक संस्था अध्यक्ष, नगरपालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल श्रीमती आरती खंडेलवाल,एवं ओमवती सीमा रजनी राजेंद्र प्रसाद ?ईशा हिमांशु शिखा गौरव एवं समस्त खंडेलवाल परिवार। कथा का वाचन -श्री कान्हा त्रिपाठी (श्रीधाम वृंदावन)महाराज के द्वारा किया जा रहा है।

**कलश यात्रा में उमड़ी भीड**

कार्यक्रम के प्रथम दिवस 27 दिसंबर सुबह 12 बजे निज निवास वार्ड नंबर 2 से कलश यात्रा बैंड बाजे आतिशबाजी नाचते गाते हुए निकालीं गई कलश यात्रा आजाद चौक पहुंचा जहां से श्रीराधे कृष्ण मंदिर के लिए कलश यात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे पीले पोशाक में दिखे, हनुमान खंडेलवाल भागवत सर पर लेकर कलश यात्रा के साथ मंदिर पहुंचे जहां पूजा अर्चना के पश्चात कलश यात्रा मां ज्वालामुखी मंदिर पहुंची जहां पूरी विधि विधान मंत्र उच्चारणो के साथ कलश जल लेकर कथा स्थल पर पहुंच कर कलश यात्रा समाप्त हुई।

**भागवत कथा शुभारंभ**

कलश यात्रा (शोभा यात्रा) नगर के वार्ड नंबर 2 में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन को लेकर वार्डो में लोगों का श्रद्धा भाव देखते ही बन रह था जगह-जगह से लोगों ने कलश यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल होकर कलश यात्रा को सफल बनाया।

**भागवत कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु**

प्रवचन का समय दोपहर 3 बजे से 6 बजे शांय तक प्रति दिन किया जा रहा है भागवत कथा आयोजन श्री वृंदावन धाम से पधारे कान्हा त्रिपाठी जी महाराज जिनका प्रवचन सुनने के लिए नगर के सभी वार्डों से श्रद्धालुजन नंबर 2 हनुमान खंडेलवाल निवास स्थित प्रांगण में भागवत कथा सुनने पहुंचकर भागवत कथा सुनकर पुण्य लाभ ले। प्रतिदिन प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।



**बैठने की उत्तम व्यवस्था**

विशाल खंडेलवाल ने बताया कि भागवत कथा सुनने के लिए भक्त जनों महिला व पुरूष के लिए बैठने सभी व्यवस्था बनाई गई है जो किसी प्रकार की परेशानी नही होगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में दो सौ रोगियों का हुआ उपचार

**नरैनी/बांदा।** नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सको ने लगभग 200 रोगियों का उपचार कर दवाओं का वितरण किया । स्वास्थ शिविर का उदघाटन क्षेत्रीय विधायक ओम मणी वर्मा ने फीता काटकर किया। कालिंजर में गायत्री परिवार द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसके उदघाटन विधायक ओम मणि वर्मा ने किया । इस शिविर में तंबाकू, गुटका ,शराब किसी प्रकार के नशा के रोगियों व बच्चों के मानसिक विकार की जांच व उपचार आईटी हर्निया, अपेंडिक्स, हाइड्रोसील ,पाइल्स, फिशर ,थायराइड, पेट के रोगों नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित किया गया आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा आयुर्वेदिक औषधियां से समस्त रोगों की दवाई निशुल्क वितरण की गई। शिविर में जिले के वरिष्ठ नेत्र सर्जन डा. एसपी गुप्ता, डा. आलोक गुप्ता,डा. प्रतीक्षा गुप्ता द्वारा रोगियों की जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाएं बांटी। इस शिविर में दमा, एलर्जी, चर्म, वात पेट, शुगर रोगियों की संख्या अधिक रही।डा. श्याम सिंह और विमल किशोर गुप्ता ने व्यवस्थाएं संभाली।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com